kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-110 ❑ बुधवार, 20 मई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भारत के पूर्वी राज्य की उर्वरा भूमि, जल की उपलब्धता, किसानों की मेहनत और परिश्रम, मिट्टी के विविध प्रकार और जलवायु सचमुच अद्भुत हैं। शिवराज सिंह चौहान

जल सुरक्षा 'विकसित भारत 2047' का केंद्र बिंदु : पाटिल 11

खाद्य पदार्थों के फोर्टिफिकेशन को बढ़ाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन 12

## संक्षेप

### पीएफ खाते की जानकारी व्हाट्सऐप पर 24 घंटे मिलेगी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) जल्द नई सुविधा शुरू करने जा रहा है। इसके तहत नौकरीपेशा लोग अब व्हाट्सऐप के जरिए अपने पीएफ खाते से जुड़ी जानकारी आसानी से 24 घंटे प्राप्त कर सकेंगे। इसके बाद पीएफ बैलेंस, क्लेम की स्थिति और खाते से जुड़ी दूसरी जानकारी के लिए बार-बार पोर्टल या उमंग ऐप पर लॉगइन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए ईपीएफओ जल्द अपना आधिकारिक व्हाट्सऐप नंबर जारी करेगा। यह नंबर पूरी तरह सुरक्षित और सत्यापित होगा, जिसके आगे ग्रीन टिक दिखाई देगा। कर्मचारी अपने यूएएन से जुड़े मोबाइल नंबर से इस नंबर पर केवल ''हैलो'' लिखकर संदेश भेजेंगे और इसके बाद पीएफ से जुड़ी सुविधाएं मिलना शुरू हो जाएंगी। यदि किसी कर्मचारी का पीएफ निकासी या एडवांस आवेदन लंबित है, तो उसकी जानकारी भी सीधे व्हाट्सऐप पर मिल जाएगी। ईपीएफओ के अनुसार, आधार सत्यापन और बैंक खाते से जुड़ी समस्याओं के समाधान में भी यह सेवा मददगार होगी।

### शर्तों पर फंसा अमेरिका का पेंच, टस से मस न हुआ ईरान

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को लेकर रणनीति फिलहाल गतिरोध में फंसती दिखाई दे रही है क्योंकि कड़े बयानों, सैन्य धमकियों और प्रत्यक्ष कार्रवाई के बावजूद ईरान अपने पुराने रुख से पीछे हटने को तैयार नहीं है। अमेरिका की ओर से लगातार बदलते संकेतों और लक्ष्यों के बीच ईरान संघर्ष में उसकी स्थिति को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। श्री ट्रंप और उनके सहयोगी जहां दावा कर रहे हैं कि अमेरिका ने इस संघर्ष में बढ़त हासिल कर ली है और ईरान समझौते के लिए तैयार है, वहीं तेहरान इसका उल्टा दावा कर रहा है। श्री ट्रंप ने हाल ही में ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला टाल दिया था। उन्होंने कहा था कि सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों के नेताओं ने उनसे वार्ता को और समय देने का आग्रह किया था। सैन्य कार्रवाई रोकने के बावजूद श्री ट्रंप ने सख्त रुख बनाए रखते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी सैन्य नेतृत्व को निर्देश दिया है कि यदि ''स्वीकार्य समझौता'' नहीं होता है तो ईरान पर ''पूर्ण और बड़े पैमाने के हमले'' के लिए तैयार रहें। उन्होंने कई बार ईरान के लिए समय सीमा तय की, लेकिन अंतिम समय में पीछे हट गए। दूसरी ओर, आंतरिक अस्थिरता, कमजोर अर्थव्यवस्था और कई शीर्ष नेताओं की मौत के बावजूद ईरान ने संकेत दिया है कि वह किसी भी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार है। ईरान ने श्री ट्रंप की अधिकांश मांगों को खारिज कर दिया है। ईरान अब तक अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को छोड़ने, हमास और हिज्बुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगी संगठनों को समर्थन समाप्त करने तथा अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह खत्म करने की अमेरिकी मांगों को मानने से इनकार करता रहा है।

# खतरनाक या आक्रामक कुत्तों को दी जा सकती है दयामृत्यु

## लोगों को भयमुक्त जीवन जीने का अधिकार : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मुद्दे को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत 'जीने के अधिकार' से जोड़ते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि वे कानून के दायरे में रहकर पागल, लाइलाज और बेहद खतरनाक या आक्रामक आवारा कुत्तों को दयामृत्यु (यूथनेशिया) दे सकते हैं।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमृत्यू एन वी अंजारिया की पीठ ने कुत्तों द्वारा काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई। पीठ ने कहा कि देश भर में आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं खतरनाक रूप से बढ़ रही हैं। इनके परिणाम केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका इंसानी जिंदगी, समाज और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है।

पीठ ने अपने फैसले में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान से जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि हर नागरिक बिना किसी शारीरिक नुकसान, हमले या डर के सार्वजनिक स्थानों पर आ जा सके। नागरिकों को यह अधिकार है कि वे सार्वजनिक जगहों पर कुत्ता काटने जैसी जानलेवा घटनाओं के साये में न जिएं। न्यायालय ने कहा कि जिन इलाकों में आवारा कुत्तों की आबादी बहुत ज़्यादा बढ़ गई है और हमले आम हो गए हैं, वहाँ अधिकारी जरूरी कदम उठा सकते हैं। इसके लिए पशु डॉक्टरों से जांच करानी होगी। इसके बाद पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियमों के तहत पागल, लाइलाज और खतरनाक कुत्तों को दयामृत्यु देने जैसे कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। इसके साथ ही, न्यायालय ने नेक नीयत से काम करने वाले सरकारी अधिकारियों को कानूनी सुरक्षा भी दी है। पीठ ने कहा कि इन निर्देशों को लागू करने वाले अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी तभी दर्ज की जा सकती है, जब पहली नजर में उनके खिलाफ अधिकार के दुरुपयोग या दुर्भावना से काम करने का कोई ठोस मामला बनता हो। न्यायालय ने देश में 'एनिमल बर्थ कंट्रोल' (एबीसी) नियमों को ठीक से लागू न करने पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि देश भर में नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रम बहुत ढीले, कम बजट वाले और असमान रहे हैं। न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि अगर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने शुरुआत से ही अपनी नसबंदी क्षमता, टीकाकरण अभियानों और जरूरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान दिया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। फैसले में कहा गया कि अगर राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों ने समझदारी दिखाते हुए शुरुआत से ही नियमों का पालन किया होता, तो आज हालात इतने बेकाबू नहीं होते। समय पर नसबंदी केंद्रों को बढ़ाना और लगातार टीकाकरण अभियान चलाना बेहद जरूरी था, जिसमें कमी रह गई। बच्चों, बुजुर्गों और यहाँ तक कि विदेशी पर्यटकों पर आवारा कुत्तों के लगातार हो रहे हमलों का जिक्र करते हुए न्यायालय ने कहा कि जब इंसानी जान को खतरा बढ़ रहा हो, तो सरकार या संवैधानिक अदालतें मूकदर्शक बनकर नहीं बैठ सकतीं। फैसले में कहा गया कि न्यायालय देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रही दर्दनाक जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकता। देश में छोटे बच्चों को आवारा कुत्तों द्वारा नोच डाला गया है, बुजुर्गों पर हमले हुए हैं, आम नागरिक सड़कों पर असुरक्षित हैं और विदेशी पर्यटक भी इन घटनाओं का शिकार बन रहे हैं। न्यायालय ने राज्यों और प्रशासन को कई जरूरी निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने कहा कि 'एबीसी' नियमों को सख्ती से लागू किया जाए और हर जिले में कम से कम एक पूरी तरह चालू नसबंदी (एबीसी) केंद्र खोला जाए। आबादी के हिसाब से इन केंद्रों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। साथ ही जनता की सुरक्षा के लिए अन्य सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षा बढ़ाने को लेकर समय सीमा के ● शेष पेज 11 पर



### संवैधानिक मामलों की सुनवाई सात जज की पीठ करेगी : सीजेआई

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में लंबे समय से लंबित संवैधानिक मामलों पर फैसला सुनाने के लिए 7 जजों की कई पीठ का गठन करेंगे। एक मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए सीजेआई ने कहा कि मैं जल्द ही 7 जजों की बेंच बनाने जा रहा हूं, और इसलिए, हो सकता है कि मुझे इस मौजूदा मामले की सुनवाई के लिए समय न मिल पाए।

# ऑपरेशन सिंदूर 'स्मार्ट पावर' की एक संपूर्ण अभिव्यक्ति: सेना प्रमुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को तेजी से बिखरती वैश्विक व्यवस्था में सुरक्षा को देश की समृद्धि का आधार बताते हुए आत्मनिर्भरता, रणनीतिक स्वायत्तता, नवाचार और लचीलेपन पर आधारित एक मजबूत 'स्मार्ट पावर' ढांचा तैयार करने का आह्वान किया।

सेना प्रमुख ने 'सुरक्षा से समृद्धि - निरंतर राष्ट्रीय विकास के लिए स्मार्ट पावर' संगोष्ठी में कहा कि बदलते भू-राजनीतिक माहौल की मांग है कि भारत सैन्य, औद्योगिक, तकनीकी और कूटनीतिक क्षेत्रों में तेजी और एकजुटता के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा, ''इतिहास उनके लिए इंतजार नहीं करता जो तैयार हैं। यह उन्हें पुरस्कृत करता है जो पहले से ही आगे बढ़ रहे हैं। भारत आगे बढ़ रहा है। सवाल यह है कि क्या हम और अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं? भारत के रणनीतिक ढांचे को मजबूती देने वाले स्तंभों का वर्णन करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा, ''यह दृढ विश्वास के चार स्तंभों पर टिका है- आत्म 'निर्भरता : भीतर से बनाई गई क्षमता, अर्जित प्रभाव और किसी भी प्रकार की रणनीतिक निर्भरता को स्वीकार न करना, आत्म 'रक्षा' : सुरक्षा को पूरे देश और हर क्षेत्र की साझी जिम्मेदारी के रूप में देखना, आत्म 'सहयोग': शिक्षा जगत, उद्योग और सेना की तिकड़ी का एक ताल में आगे बढ़ना और आत्म 'निश्चय' : बिना किसी बाहरी दबाव या गठबंधनों की मजबूरी के पूरी आजादी से राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए फैसले, जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना में समाए हैं, जहाँ हम सभी के साथ समान सहजता से जुड़ते हैं और किसी के प्रभाव में नहीं आते। सेना प्रमुख ने रेखांकित किया कि दुनिया बढ़ती अव्यवस्था, अविश्वास और आर्थिक एवं तकनीकी निर्भरता को हथियार बनाने की गवाह बन रही है। उन्होंने टिप्पणी की, ''हमसे एक ऐसी दुनिया का वादा किया गया था जहाँ तरक्की और खुशहाली ताकत की राजनीति को खत्म कर देगी। इसके बजाय, आज हमारे पास एक ऐसी दुनिया है जहाँ खुशहाली को अपने हिसाब से ढालने के लिए ताकत की राजनीति का उपयोग किया जा रहा है। वैश्विक रणनीतिक होड़ का जिक्र करते हुए सेना प्रमुख ने कहा, छ्लसेमीकंडक्टर और उनकी चुनिंदा उपलब्धता खुद को सुरक्षित करने के साधन बन गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य आपसी टकराव का सक्रिय क्षेत्र बन गया है। दुनिया का रक्षा खर्च 2.7 लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया है, जो संयुक्त राष्ट्र के विकास लक्ष्यों के पूरे बजट से भी अधिक है। जनरल द्विवेदी ● शेष पेज 11 पर





❑ भारत को आत्म निर्भरता एवं रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित स्मार्ट पावर ढांचा बनाना चाहिए : उपेंद्र द्विवेदी

# पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे महंगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया।

तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाये हैं। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गयी थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली में आज से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गयी है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 91 पैसे और डीजल की 94 पैसे बढ़ी है। वहां अब पेट्रोल 107.59 रुपये का और डीजल 94.08 रुपये का हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 96 पैसे महंगा हुआ है। आज से एक लीटर पेट्रोल 104.49 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.11 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में अब पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये और डीजल की 96.07 रुपये पर पहुंच गयी है। इनके दाम क्रमशः 96 पैसे और 94 पैसे बढ़े हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी इतनी ही वृद्धि की है। दिल्ली में ब्रांडेड पेट्रोल एक्सपी95 की कीमत 87 पैसे बढ़कर 105.76 रुपये और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़कर 96.90 रुपये प्रति लीटर हो गयी है। दूसरे शहरों में भी कीमतों में लगभग इसी तरह की बढ़ोतरी की गयी है, हालांकि वैट और ● शेष पेज 11 पर



# अमेरिका ने भारत के लिए दो बड़े रक्षा सहायता पैकेजों की मंजूरी दी

वाशिंगटन। अमेरिका ने भारत के साथ सैन्य सहयोग को और मजबूत करने के लिए दो बड़े रक्षा सहायता पैकेजों को मंज़ूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 3,500 करोड़ रुपये (428 मिलियन डॉलर) से अधिक है। यह मंज़ूरी अमेरिका की विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत दी गई है, जिसका उद्देश्य भारत के पास पहले से मौजूद एएच-64ई अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर तोपों के रखरखाव को मजबूत करना है। इसमें अपाचे हेलीकॉप्टर से जुड़ा पैकेज लगभग 1,650 करोड़ रुपये (198.2 मिलियन डॉलर) का है, जिसके तहत अमेरिकी सरकार और वहां की कंपनियां भारत को इंजीनियरिंग, तकनीकी सहायता, लॉजिस्टिक्स, जरूरी दस्तावेज और सैनिकों की ट्रेनिंग जैसी सुविधाएं देंगी। इस काम को मुख्य रूप से बोइंग और लॉकहीड मार्टिन कंपनियां संभालेंगी। वहीं दूसरी तरफ, हल्की तोपों के रखरखाव का पैकेज करीब 1,932 करोड़ रुपये (230 मिलियन डॉलर) का है, जिसमें तोपों के अतिरिक्त पुर्जे, ● शेष पेज 11 पर

# टीएमसी के 'पुष्पा' जहांगीर पीछे हटे, शुभेंदु ने भागने का ताना मारा

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में ''शांति और विकास'' को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की।

यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गयी है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है। श्री बनर्जी के करीबी माने जाने वाले श्री खान ने एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री अधिकारी के नेतृत्व और प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए चुनाव से हटने की घोषणा की। इस घटनाक्रम को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार देबांग्शु पांडा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री अधिकारी ने कहा था कि श्री खान से ''निपटने की जिम्मेदारी'' उन्हीं की है। उन्होंने कहा था, ''पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी होने दीजिए, उसके बाद मैं व्यक्तिगत रूप से इस मामले को देखूंगा। श्री अधिकारी के इस बयान के कुछ ही दिनों बाद श्री खान के चुनाव से हटने के ● शेष पेज 11 पर



# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चन्द खंडूरी का निधन

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया है। वह 90 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। उनकी पुत्री एवं राज्य विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण ने उनके निधन की सूचना सोशल मीडिया पर साझा की। राज्य गठन के बाद श्री खंडूरी ने चौथे मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उसके बाद दुबारा उन्हें छठे मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। वर्ष 1990 में वह सेना की इंजीनियर कोर से मेजर जनरल के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्हें भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने लोकसभा का टिकट पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र से दिया। केंद्र में श्री वाजपेई के प्रधानमंत्रित्व वाली सरकार में उन्हें राज्यमंत्री का दायित्व भी दिया गया। वह ईमानदार मिजाज के नेताओं में शुमार थे। दिवंगत खंडूरी का जन्म एक अक्टूबर 1934 को हुआ था । उन्होंने 1954 ● शेष पेज 11 पर

# ट्रंप-नेतन्याहू की हत्या करने वाले को पांच अरब की इनाम देगा ईरान : दावा

एजेंसी

❑ ईरान के सांसद एक ऐसे कानून पर चर्चा कर रहे हैं

तेहरान। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वाले को पांच अरब रुपये इनाम देगा ईरान। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है।

ईरान के सांसद एक ऐसे कानून पर चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत ट्रंप और नेतन्याहू की हत्या करने पर भारी इनाम दिया जाएगा। फरवरी में ईरान पर हुए हमलों के बाद यह तनाव और बढ़ गया है, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई मारे गए थे। 'टेलीग्राफ यूके' की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष इब्राहिम अजीजी ने बताया कि सांसद एक बिल तैयार कर रहे हैं, जिसका शीर्षक है 'इस्लामिक गणराज्य की सैन्य और सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई'। इसके तहत ट्रंप की हत्या करने वाले किसी भी व्यक्ति को 50 मिलियन यूरो ( पांच अरब रुपये) का इनाम देने की बात को औपचारिक रूप दिया जाएगा। अजीजी ने कहा कि ईरान ट्रंप, नेतन्याहू और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एडमिरल बैड कूपर को 28 फरवरी के उस हमले के लिए जिम्मेदार मानता है, जिसमें खामेनेई की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि इन लोगों को जवाबी कार्रवाई का सामना करना ही होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के उपाध्यक्ष महमूद नबावियन ने भी कहा कि संसद जल्द ही एक बड़ा इनाम देने के प्रस्ताव पर मतदान करेगी। यह इनाम उस व्यक्ति को दिया जाएगा, जो ट्रंप और बच्चों के हत्यारे नेतन्याहू को जहन्नुम में भेज देगा। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के उपाध्यक्ष महमूद नबावियन ने कहा कि यदि ईरान या उसके नेतृत्व के खिलाफ आगे कोई सैन्य कार्रवाई होती है तो उसका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि प्रतिक्रिया केवल अमेरिका और इजरायल तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि उनके सहयोगी क्षेत्रीय देशों तक भी फैल सकती है।

## नार्वे और भारत के बीच सहयोग की अपार संभावना, नार्वे की कंपनियों के लिए खुले हैं दरवाजे: मोदी

# भारत और नार्वे ने सहयोग बढ़ाने के लिए नौ समझौते किए

एजेंसी

ओस्लो। भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को '' ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप'' के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है। दोनों देशों ने '' ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप'' के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया।

नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की। नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले ''नॉर शिपिंग'' कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिंटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसके अलावा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा वैज्ञानिक एवं नवाचार अनुसंधान अकादमी ने नॉर्वे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हरित परिवर्तन के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर संयुक्त आशय घोषणा को अपनाया। हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान और नॉर्वे की एमराल्ड जियोमॉडलिंग एएस के बीच वैज्ञानिक और व्यावसायिक सहयोग के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इन घोषणाओं और समझौतों को भारत और नॉर्वे के बीच हरित विकास, समुद्री सहयोग, स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान आधारित साझेदारी को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और नार्वे के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा है कि नॉर्वे की कंपनियों के लिए भारत के दरवाजे खुले हैं और उन्हें स्वच्छ ऊर्जा, जहाज निर्माण, समुद्री उद्योगों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी में निवेश के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास खाद्य सुरक्षा, उर्वरक, मत्स्य पालन और ऊर्जा जैसे ● शेष पेज 11 पर



# फर्जी बैनामे से जमीन कब्जाने का आरोप

❒ विरोध पर महिलाओं से अभद्रता

❒ रात में कराया जा रहा था निर्माण, डायल 112 पहुंचने पर भागे आरोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब क्षेत्र में जमीन के फर्जी बैनामे और कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। रामपुर बेहड़ा निवासी माया देवी ने कुछ लोगों पर धोखाधड़ी कर इकरारनामे की जगह बैनामा कराने और विवादित भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।माया देवी के मुताबिक उनके ससुर नंद किशोर वर्मा ने ग्राम कमलापुर सिरस्सा स्थित गाटा संख्या 929, रकबा 0.1960 हेक्टेयर भूमि का 18 नवंबर 2025 को 15 लाख रुपये में इकरारनामा किया था। आरोप है कि विपक्षियों ने जालसाजी कर इकरारनामे को बैनामे में बदल दिया। बाद में खतौनी निकलवाने पर पूरे मामले की जानकारी हुई, जिसके बाद न्यायालय में बैनामा निरस्तीकरण वाद दायर किया गया।

पीड़िता का आरोप है कि 18 मई की रात करीब 10 बजे विवादित भूमि पर गाड़ियों की रोशनी में निर्माण कराया जा रहा था। जब वह अपनी ननद के साथ मौके पर पहुंचीं और निर्माण रोकने का प्रयास किया तो वहां मौजूद लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। सूचना पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद कई आरोपी वहां से भाग निकले।महिला का कहना है कि अगले दिन भी आरोपी कई लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और पक्की दीवार निर्माण का प्रयास करने लगे। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### फर्जीवाड़े का पूरा खेल

पीड़िता के अनुसार 15 लाख रुपये में हुए इकरारनामे को धोखाधड़ी कर बैनामे में बदल दिया गया। आरोप है।कि विपक्षियों ने जमीन कब्जाने की नीयत से दस्तावेजों में हेराफ़ेरी की मामला सामने आने पर न्यायालय में बैनामा निरस्तीकरण वाद दाखिल किया गया है। अदालत द्वारा विपक्षियों को समन भी जारी किए जा चुके हैं।पीड़िता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### रात में निर्माण पर हंगामा

पीड़िता का आरोप है कि रात करीब 10 बजे गाड़ियों की रोशनी में विवादित भूमि पर निर्माण कराया जा रहा था। विरोध करने पहुंचीं महिलाओं से अभद्रता की गई और जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद कई लोग वहां से फरार हो गए।

### पुलिस कार्रवाई पर नजर

पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। महिला का कहना है कि अगले दिन भी आरोपी 10 से 15 लोगों के साथ पहुंचे और पक्की दीवार निर्माण कराने का प्रयास किया।मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विवादित भूमि पर बिना जांच निर्माण होने से बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है।

# पंचायत चुनाव तक कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

❒ बीकेटी ब्लॉक पहुंचे 94 ग्राम पंचायतों के प्रधान, मुख्यमंत्री से शीघ्र निर्णय लेने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब क्षेत्र में मंगलवार को ग्राम प्रधानों ने एकजुट होकर पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई। प्रधान संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह के नेतृत्व में विकास खंड बीकेटी पहुंचे प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। इस दौरान विकास खंड की 94 ग्राम पंचायतों से सभी ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

प्रधानों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर न होने के कारण वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल 26 मार्च 2026 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में यदि कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया तो ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य, जनकल्याणकारी योजनाएं और आवश्यक प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, आवास एवं अन्य विकास योजनाओं पर इसका सीधा असर पड़ेगा।ज्ञापन में कहा गया कि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति रुक सकती है और पंचायत राज व्यवस्था की लोकतांत्रिक प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। प्रधानों ने सरकार से मांग की कि पंचायत चुनाव संपन्न होने तक वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए, ताकि गांवों में विकास कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सकें।प्रधान संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह लवकुश ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। यदि कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासनिक शून्यता की स्थिति बनी तो इसका नुकसान सीधे ग्रामीण जनता को उठाना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस विषय में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में प्रधानों की मौजूदगी से ब्लॉक परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों की एकजुटता देखने को मिली।

## जन्मदिन पार्टी से लौट रहे युवक पर हमला, मारपीट कर स्कूटी तोड़ी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में जन्मदिन पार्टी से लौट रहे एक युवक पर कुछ अज्ञात युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की, फिर बेल्ट, लात-घूंसों और अन्य वस्तुओं से बेरहमी से मारपीट की। साथ ही उसकी स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मल्हौर निवासी बुजेंद्र सिंह पुत्र अजय प्रताप सिंह ने चिनहट थाने में तहरीर देकर बताया कि रात करीब 12:11 बजे वह अपने एक मित्र की जन्मदिन पार्टी से घर लौट रहा था। जब वह बाबू लाल हॉस्टल के पास स्थित आटा चक्की के नजदीक पहुंचा, तभी सड़क किनारे खड़ी एक चार पहिया गाड़ी में बैठे 3-4 युवकों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी युवक गाड़ी से बाहर निकल आए और शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। हमले के दौरान उसके गले की चेन गिर गई और उसकी स्कूटी पर पत्थरों से हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मारपीट में युवक के सिर और पीठ समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चिनहट-कमता में बिजली संकट से जनता बेहाल

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के चिनहट और कमता क्षेत्र में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। लगातार हो रही बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से हजारों लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी के बीच रातभर बिजली की आवाजाही ने लोगों की नींद और सुकून दोनों छीन लिए हैं। चिनहट शिवपुरी पावर हाउस से जुड़े चिनहट कस्बा, गंगा विहार, बुद्ध विहार, बलराम नगर, साईं विहार, बिहारी पुरम और आनंद विहार कॉलोनी में बिजली आपूर्ति का हाल बेहद खराब बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में हर थोड़ी देर में बिजली कटने से बच्चों, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ रही है। क्षेत्र निवासी ने बताया कि दिनभर काम करने के बाद रात में आराम की उम्मीद रहती है, लेकिन लगातार ट्रिपिंग और कटौती के कारण पूरी रात जागकर बितानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि कई बार बिजली कुछ मिनट के लिए आती है और फिर चली जाती है। उधर कमता पावर हाउस क्षेत्र के न्यू नंदी विहार, नंदपुर मल्हौर समेत कई इलाकों में भी हालात बदतर बने हुए हैं। यहां के लोगों को लगातार लो-वोल्टेज और बिजली की आंख-मिचौली का सामना करना पड़ रहा है। न्यू नंदी विहार निवासी ने बताया कि दिन में भी बिजली की आवाजाही बनी रहती है, जबकि रात में हर 10-15 मिनट पर कटौती हो रही है। गर्मी और उमस के बीच लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द व्यवस्था सुधारने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट का मुकदमा

**निगोहा , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किसान की 16 वर्षीय नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर गांव के ही युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान द्वारा निगोहां थाने पर दी गई तहरीर में आरोप है कि बीते शनिवार को दोपहर में गांव के ही दिलीप रावत द्वारा उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर गांव के बाहर मिलने के लिए बुलाया जहां उसके साथ वह दुष्कर्म किया।बेटी घर पर नही मिलने से पिता ने जब मोबाइल देखा तो मोबाइल में पड़े मैसेज से जानकारी मिली जिसके बाद वह बेटी की तलाश के बाद बेटी को घर लाया तो वह डरी-सहमी थी, पूछने पर बेटी ने आपबीती बताई कि दिलीप ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा। वहीं घटना के बाद से आरोपी गांव से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित पिता ने सोमवार को पूरे मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से शिकायत की वही निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि दी गई तहरीर पर दुराचार ,पाक्सो एक्ट कि धा राओ में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण हेतु भेजा गया है। वही पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी की तलाश में पुलिस टीम रवाना है।

## विवाहिता की मौत के मामले में सेना में तैनात पति गिरफ्तार

**निगोहां, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के कांटा करौंदी गांव में दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सेना में तैनात पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं मामले में नामजद सास-ससुर अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गांव निवासी 29 वर्षीय अमीषा यादव ने बीते शुक्रवार अपने कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी थी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतका के भाई धीरेन्द्र विक्रम राज सिंह ने निगोहां थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वर्ष 2022 में अमीषा ने विक्रांत यादव से प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही पति, सास कविता और ससुर गजेन्द्र सिंह दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विक्रांत यादव भारतीय सेना में तैनात है और उसकी अमीषा से पहचान शादी डाट काम के जरिए हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और बाद में कोर्ट मैरिज कर ली। हालांकि शादी के बाद रिश्तों में तनाव बढ़ गया और अमीषा पिछले करीब तीन वर्षों से मायके में रह रही थी। मोहनलालगंज एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने आरोपी पति विक्रांत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि फरार सास-ससुर की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दुबग्गा ईदगाह में ईद-उल-अज़हा की नमाज़ सुबह 9:00 बजे, हाफिज उजैर करेंगे इमामत

**दुबग्गा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के छंदोइया चौराहा स्थित ईदगाह में ईद-उल-अज़हा (बकरीद) की नमाज़ सुबह 9:00 बजे अदा की जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाजियों के शामिल होने की संभावना है। नमाज़ की इमामत हाफिज उजैर साहब करेंगे। स्थानीय जिम्मेदारों ने बताया कि ईदगाह में नमाज़ के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नमाजियों से समय से पहुंचकर शांति और अनुशासन के साथ नमाज़ अदा करने की अपील की गई है। मस्जिद से जुड़े जिम्मेदारों और धर्मगुरुओं ने भी समुदाय से अपील की है कि ईद-उल-अज़हा का पर्व कुर्बानी, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है, इसलिए इसे पूरी जिम्मेदारी और सौहार्द के साथ मनाया जाए। हाफिज उमैर सब ने नमाजियों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। जानवर की कुर्बानी के बाद अवशेषों का निस्तारण सही तरीके से किया जाए और किसी भी प्रकार का कचरा खुले में न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट को गड्ढा बनाकर सुरक्षित तरीके से दफन किया जाए, ताकि पर्यावरण और स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि कुर्बानी से जुड़ी तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें।

# कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक ईद पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, व्यापारियों, ईदगाह के इमामों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक की अध्यक्षता शकील अहमद ने की। इस दौरान उन्होंने त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नमाज अदा करने आने वाले लोग निर्धारित समय से पहले पहुंचें ताकि व्यवस्था सुचारु बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

बैठक में श्रीकांत राय, एसएसआई राकेश पटेल, उपनिरीक्षक माजिद खान, बसंत कुंज पावर हाउस के विद्युत विभाग के एसडीओ, नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टर अमरजीत पांडे, दुबग्गा व्यापार मंडल के अध्यक्ष फिरोज आलम, भारतीय किसान यूनियन दशहरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ईद की नमाज की व्यवस्थाओं को लेकर फैयाज अहमद, रिजवान अहमद, मो जावेद अहमद, ताहिर रजा, निहाल अहमद, जिला पंचायत सदस्य,समेत अन्य जिम्मेदार लोगों को विशेष जिम्मेदारी कि अपील की गई है। ताकि नमाज शांतिपूर्ण और बेहतर तरीके से संपन्न कराई जा सके। एसीपी शकील अहमद ने कुर्बानी को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल निर्धारित और सुरक्षित स्थानों पर ही की जाए तथा उस स्थान को पर्दे से ढककर रखा जाए। साथ ही अवशेष और कचरे को सुरक्षित स्थान पर डंप करने की अपील की गई। ताकि गंदगी न फैले और किसी व्यक्ति या जानवर को नुकसान न पहुंचे। बैठक में प्रशासन ने नगर निगम और विद्युत विभाग को भी त्योहार के मद्देनजर साफ-सफाई, बिजली और अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। पीस कमेटी की इस बैठक में प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला, जिससे आगामी त्योहार को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया गया।

# पुलिस खुद उड़ा रही यातायात नियमों की धज्जियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट, लखनऊ। राजधानी लखनऊ में इन दिनों ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों को लेकर सख्त अभियान चला रही है। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और एचएसआरपी नंबर प्लेट न होने पर आम जनता के लगातार चालान किए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख चौराहों पर वाहन चालकों को नियमों का पालन न करने पर तुरंत कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है।

लेकिन चिनहट क्षेत्र के कमता चौराहे से सामने आई कुछ तस्वीरें ट्रैफिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। जहां आम जनता की गाड़ियों के धड़ल्ले से चालान काटे जा रहे हैं, वहीं पुलिस और विभागीय वाहनों को खुलेआम नियमों से छूट दी जा रही है। तस्वीर के अनुसार कमता ट्रैफिक बूथ के पास कई पुलिसकर्मियों की गाड़ियां बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के खड़ी दिखाई दीं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।




इतना ही नहीं, चिनहट क्षेत्र में एक पुलिस जीप में नंबर प्लेट टूटी हुई दिखाई दी। इतना ही नहीं, वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट भी नहीं नजर आई, बावजूद इसके वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ते दिखाई दिए। यदि ट्रैफिक नियम सभी के लिए समान हैं तो फिर विभागीय वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। एक तरफ आम जनता पर सख्ती दिखाई जा रही है, जबकि दूसरी ओर पुलिस वाहनों को नियमों से राहत दी जा रही है। यदि ट्रैफिक नियम सभी के लिए समान हैं तो फिर विभागीय वाहनों को विशेष छूट क्यों दी जा रही है। लोगों का आरोप है कि आम जनता पर सख्ती और सरकारी वाहनों पर नरमी से ट्रैफिक व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

# गोमती किनारे जल पुलिस चौकी बनवाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। गोमती नदी किनारे स्थित प्रसिद्ध मां चंद्रिका देवी धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए जल पुलिस चौकी स्थापना की मांग तेज हो गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी बीकेटी को भेजी गई रिपोर्ट में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर गोमती घाट पर स्थायी जल पुलिस चौकी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

मां चंद्रिका देवी मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोमती नदी घाट पर स्नान भी करते हैं। वहीं नवरात्रि, गणेश पूजा, दुर्गा पूजा समेत विभिन्न धार्मिक आयोजनों और त्योहारों के दौरान यहां भारी भीड़ उमड़ती है। मूर्ति विसर्जन के समय भी गोमती तट पर देर रात तक श्रद्धालुओं और युवाओं की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कई वर्षों में गोमती नदी में डूबने से दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। कई बार स्नान के दौरान गहराई का अंदाजा न लग पाने और सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण हादसे हो चुके हैं। त्योहारों के दौरान भीड़ बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका और अधिक बढ़ जाती है।

पुलिस प्रशासन का मानना है कि जल पुलिस चौकी बनने से घाटों पर निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सकेगा। साथ ही नदी में स्नान करने वाले लोगों पर निगरानी रखकर हादसों को रोका जा सकेगा।स्थानीय व्यापारियों, मंदिर क्षेत्र के लोगों और श्रद्धालुओं ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि चंद्रिका देवी धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल पर जल पुलिस चौकी स्थापित होना समय की आवश्यकता है। लोगों ने प्रशासन से जल्द प्रस्ताव को स्वीकृति देकर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

# एक ही परिवार के 4 शातिर चोर गिरफ्तार, 30 लाख के जेवरात बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। थाना सरोजनीनगर पुलिस व दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोरी गिरोह का खुलासा करते हुए एक ही परिवार के चार शातिर अभियुक्त/ अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब 30 लाख रुपये कीमत के जेवरात, नकदी, एक बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी, टीवी व डीवीआर बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गंगानगर अमौसी निवासी गायत्री सिंह की तहरीर पर दर्ज मुकदमा संख्या 175/2026, इबरार अहमद की तहरीर पर दर्ज मुकदमा संख्या 180/2026 तथा रईस अहमद की तहरीर पर दर्ज मुकदमा संख्या 54/2026 के तहत चोरी की घटनाओं की जांच की जा रही थी। इन मामलों में अज्ञात चोरों द्वारा बंद मकानों का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी की गई थी। घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में चार टीमों का गठन किया गया। टीमों ने करीब 200-250 सीसीटीवी फुटेज व अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित की गई। दिनांक 19 मई 2026 को पुलिस ने मेहराब ग्राउंड, नादरगंज से चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू सिंह, प्रदुम्न सिंह, शक्तिमान सिंह और विनीता शामिल हैं। सभी आपस में भाई-भाभी, मामा और भांजे के रिश्ते में हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन में बंद घरों की रेकी करते थे और रात में मुंह पर कपड़ा बांधकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। ये लोग किराए के मकान में रहते थे और समय-समय पर ठिकाना बदलते रहते थे। जिन घरों में सीसीटीवी कैमरे लगे होते थे, वहां से डीवीआर भी निकाल ले जाते थे ताकि पहचान न हो सके। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, एक बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी, टीवी और डीवीआर बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है और अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में पूछताछ जारी है।

# अलंकरण समारोह में सिविल डिफेंस अधिकारी मनोज वर्मा सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जी साईं बाबा महिला सेवा संस्था द्वारा आयोजित अलंकरण समारोह में लखनऊ सिविल डिफेंस के लोकप्रिय अधिकारी मनोज वर्मा को समाज सेवा एवं खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था पदाधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।गौरतलब है कि हैदरगंज स्थित संस्था द्वारा प्रतिवर्ष संस्थापिका एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय शांति कुमारी की स्मृति में अलंकरण समारोह आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, समाज सेवा और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाता है।संस्था के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया कि विभिन्न नामों पर विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस अधिकारी एवं खिलाड़ी मनोज वर्मा को अलंकृत करने का निर्णय लिया गया।सम्मान प्राप्त करने के बाद मनोज वर्मा ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए यह सम्मान अपने दिवंगत पुत्र मानव वर्मा को समर्पित किया, जो रोलबॉल का राष्ट्रीय खिलाड़ी था।इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी हेमंत कुमार, एस. वर्मा, हनुमंत श्रीवास्तव, राम प्रकाश, अनिल कुमार एवं अशोक कुमार सहित सिविल डिफेंस लखनऊ के अधिकारी रविंद्र कुमार, ऋषि कुमार, ममता रानी और रेखा पांडेय मौजूद रहे।

# दो घरों से लाखों की चोरी, गांव में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना के सलेमपुर अचाका गांव में सोमवार रात चोरों ने जमकर आतंक मचाया। बेखौफ चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हुई चोरी की वारदातों से पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस और फील्ड यूनिट टीम जांच-पड़ताल में जुट गई है।? गांव निवासी अरविंद कुमार यादव ने बताया कि रात में वह परिवार के साथ कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुस आए और कमरे में रखे बड़े बक्से व अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखा सामान चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में पत्नी आशा देवी की करीब 10 ग्राम सोने की चेन, ढाई ग्राम की अंगूठी, 6 ग्राम का सोने का झाला, बेटी की 5 ग्राम की सोने की चेन, एक छोटी अंगूठी, सोने की बाली समेत लगभग 10 हजार की नगदी शामिल है। सुबह घटना की जानकारी होने पर बेटे अनुराग ने डायल 112 पर सूचना दी। वहीं दूसरी वारदात में गांव निवासी सचिन शर्मा पुत्र चंद्रिका प्रसाद के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार रात करीब 1 बजे से 3 बजे के बीच चोर पीछे के रास्ते घर में दाखिल हुए और तकिये के नीचे रखी चाबी निकालकर अलमारी का ताला खोल दिया। चोर घर में रखी सोने की चेन, झुमकी, हार, टप्स, झाला, चांदी की पायल, हाफपेटी, हथफूल, सिक्के, अंगूठियां, बेंन समेत पीतल के बर्तन और करीब 17 हजार की नगदी चोरी कर ले गए।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विवेक चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। एक ही रात में दो घरों में चोरी की घटना से ग्रामीणों में पुलिस गश्त को लेकर नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

# लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैम्बरों के ध्वस्तीकरण एवं लाठीचार्ज के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अधिवक्ताओं ने इस कार्यवाई की निंदा की और राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बिसवां, सीतापुर। अवकाश के दिन लखनऊ में अधिवक्ताओं के बने चैम्बरों पर की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही और कथित लाठीचार्ज की घटना को लेकर अधिवक्ता समुदाय में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस कार्रवाई को अधिवक्ताओं ने न्यायिक संवेदनशीलता, प्रशासनिक विवेक और विधि व्यवस्था–तीनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न बताया है।

बिसवां बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम के माध्यम से भेजा गया।बिसवां बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान को बरकरार रखना अति आवश्यक है। हम सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। बिसवां बार एसोसिएशन सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ जिस प्रकार भारी पुलिस बल की मौजूदगी में,बिना मानवीय दृष्टिकोण अपनाए यह कार्रवाई की गई,वह लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल है।जो अधिवक्ता प्रतिदिन न्यायालयों में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं, आज वही अपने सम्मान, अस्तित्व और कार्यस्थल की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने को विवश हैं।लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ घटित हुई घटना के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन बिसवा ने कड़ा रुख अपनाते हुए महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम को प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं का कहना है कि पुलिस की क्रूरता पूर्वक कार्रवाई में कई अधिवक्ताओं को गंभीर चोटें आईं और आर्थिक क्षति भी हुई है।ज्ञापन में पुलिस-प्रशासन की कठोरता,शासन की लापरवाही तथा अधिवक्ताओं के साथ संवाद व सहयोग के अभाव पर चिंता व्यक्त की गई है। बिसवा बार एसोसिएशन ने महामहिम राज्यपाल महोदया से मांग की है कि सम्पूर्ण प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए,दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाए,तथा अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य हेतु समुचित चैम्बर व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान,अधिकार और गरिमा के प्रश्न पर कोई भी किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। विरोध के दौरान छअधिवक्ता एकता जिंदाबादछ के नारे भी गूंजे। इस अवसर पर बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एल्डर्स कमेटी चेयरमैन ब्रजेश नारायण गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव,सूर्य प्रसाद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया,उपाध्यक्ष इतिखाब आलम सिद्दीकी,कोषाध्यक्ष अनमोल कन्हैया,संयुक्त सचिव जितेन्द्र कुमार मिश्रा,राम किशोर वर्मा,सत्यम त्रिवेदी, रवि मौर्या,सिराज अहमद, अनुज यादव,प्रदीप कुमार गौतम,अशफाक अहमद, फूलचंद्र भार्गव,अनवर हबीब,अनुग्रह गुप्ता,दीपू गुप्ता, परमेश यादव,प्रीती श्रीवास्तव सहित काफ़ी संख्या में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# कई महीनों से बच्चों को नहीं मिल रहा मिड–डे मील, स्कूल में राशन संकट

**अध्यापकों के मुताबिक स्कूल को लंबे समय से ऊपर से राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । रामपुर मथुरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहरिया के विद्यालय में बच्चों को पिछले कई महीनों से मिड-डे मील का भोजन नहीं मिल पा रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया गया, जहां स्थिति चिंताजनक दिखाई दी।

विद्यालय में मौजूद अध्यापकों ने बताया कि स्कूल को लंबे समय से ऊपर से राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण बच्चों का भोजन बंद पड़ा है। शिक्षकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित बीओ (उक) को लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया गया, लेकिन हर बार केवल आ जाएगा कहकर आश्वासन दिया जाता रहा।ग्रामीणों और अभिभावकों में इस व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि सरकार बच्चों के पोषण और शिक्षा के लिए लगातार योजनाएं चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण बच्चे भोजन जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं।ग्राम प्रधान अंजू यादव एवं प्रधान प्रतिनिधि रणविजय यादव ने भी मामले पर नहीं दे रहे ध्यान, विद्यालय में राशन उपलब्ध कराने की कोई बात नहीं। बच्चों को नियमित रूप से मिड-डे मील नहीं मिल रहा।अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस मामले में कब तक संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करता है।

# डीएम–एसपी ने आगामी ईद को लेकर की बैठक, दिए निर्देश

**सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न करने व खुले में अवशेष न फेंकने की अपील**

**सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो या सूचनाएं साझा करने पर होगी कार्रवाई**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। डीएम-एसपी ने आगामी 28 मई को मनाए जाने वाले बकरी ईद (ईद-उल-अजहा) को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर ईदगाह कमेटी के सदस्यों, धर्मगुरुओं, उलेमा आदि के साथ कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में बैठक की। बैठक में ईदगाह कमेटी व धर्मगुरुओं ने बताया कि बड़ी ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज प्रातः 7:30 बजे होगी।

इसके बाद घरों, निर्धारित कुर्बानी स्थलों एवं मदरसों में कुर्बानी का अमल किया जाएगा। उन्होंने जनपद में टूटी सड़कों की मरम्मत, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, कुर्बानी के अवशेषों के नियमित उठान, छुट्टा पशुओं पर नियंत्रण, नालियों एवं पुलियों की मरम्मत तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने संबंधी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई, कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण, पेयजल व्यवस्था एवं विद्युत आपूर्ति से जुड़े सभी कार्यों को 28 मई से पूर्व पूर्ण कराया जाए। डीएम ने कहा कि पर्व के दिन नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा कुर्बानी के अवशेषों के उठान के लिए विशेष टीमें लगाई जाएंगी। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील करते हुए कहा कि वे लोगों को जागरूक करें कि कुर्बानी के अवशेष खुले में न फेंके जाएं और सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाए। ईद की नमाज केवल ईदगाह एवं मस्जिद परिसरों के अंदर अदा की जाए। उन्होंने किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो या सूचनाएं साझा न करने की भी अपील की।एसपी ने कहा कि ईद की नमाज के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। कहा कि यदि घरों में भी कुर्बानी की जाए तो उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न की जाए। साफ-सफाई एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद मनाई जाए। किसी भी प्रकार की सूचना या संदेह पर तुरंत पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। कहा कि अफवाह फैलाने वाले भ्रामक सूचनाओं को साझा करने वाले तथा माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम प्रशासन, नगर आयुक्त, शहर पेश इमाम, नूरी मस्जिद के पेश इमाम, ईदगाह कमेटी के सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल समेत अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा निवासी अभिषेक यादव ने पुलिस को तहरीर देकर इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी भैयालाल पर मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लथा कि अभियुक्त भैयालाल ने पुत्तूलाल चौराहे से उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गया। इसी क्रम में बीती शाम थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने अभियुक्त भैयालाल को मैरिज लॉन के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रामचन्द्र मिशन के उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार और सुनील कुमार मौर्य के साथ कास्टेवल यतेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# चरमराई जहांगीराबाद की बिजली व्यवस्था आठ दिनों से नहीं मिल रही बिजली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जहांगीराबाद, सीतापुर। इन दिनों भीषण गर्मी शुरू हो गई है और बिजली व्यवस्था चरमरा गई है।खास बात तो यह है कि देर शाम तक आये दिन क्षेत्र के जे0 ई0 गांव में ही मौजूद रहते हैं बावजूद इसके दर्जनों लोगों के घरों में आठ दिनों से बिजली नहीं पहुंच रही है जिससे परिवार के लोगों का जीना मुहाल है।

उपभोक्ता शिवम् गुप्ता ने बताया कि विगत आठ दिनों से कभी कभी एक दो मिनट के लिए बिजली आती है और फ़ेस उड़ जाने के कारण तुरन्त चली जाती है। घर में चार पांच लोगों को चेचक निकल आई है जिससे भारी परेशानी हो रही है। रोज रोज फ़ेस उड़ने की समस्या के बावजूद आज तक उसका कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया है। जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगता जिसका दंश आम उपभोक्ता झेल रहा है। राम सागर रस्तोगी ने बताया कि एक हफ्ते से बिजली सप्लाई 5से10 मिनट मिलती है फिर चली जाती है। भीषण गर्मी में महिलाओं और बच्चों को रात काटना मुश्किल हो रहा है। जे0ई0को जानकारी होने के बावजूद सही नहीं कराया जा रहा है। बिजली उपभोक्ता अतुल गुप्ता ने बताया कि आठ दिनों से परिवार के सभी लोग बिजली न मिलने से परेशान हैं।रात रात जागने पर पत्नी व बच्चे बीमार हो रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। उपभोक्ता लल्लन ने बताया कि लगातार एक सप्ताह से अधिक समय से नाम मात्र को बिजली आई और थोड़ी ही देर में चली गई।न तो इन्वर्टर चार्ज हो पाते हैं और न ही मोबाइल चार्ज होते हैं। भयंकर गर्मी में हाल बेहाल है। ऐसे ही लगभग तीन दर्जन घरों का यही हाल है। गांव में बिजली के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। इस सम्बन्ध में अवर अभियंता सुरेश चन्द्र ने बताया कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जायेगा।

## अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कांट पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।13 मई को थाना कांट क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को इसी थाना क्षेत्र के गांव जमौर का रहने वाला बब्लू पुत्र अशोक बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बब्लू के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता किशोरी को बरामद किया और पीड़िता के बयानों व साक्ष्यों के आधार पर दर्ज मुकदमें में धारा 64 बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम ददरौल मोड़ के पास से वांछित अभियुक्त बब्लू पुत्र अशोक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह के साथ उपनिरीक्षक मेघराज सिंह, आरक्षी शुभम कुमार, रिक्रूट आरक्षी विकास कुमार मौजूद रहे।

# महमूदाबाद जाम में जकड़ा: एम्बुलेंस थमी पुलिस बेबस, शहर बना रेंगता चौराहा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महमूदाबाद, सीतापुर। महमूदाबाद शहर की जाम समस्या अब लोगों की आदत नहीं बल्कि बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। सोमवार को शहर में ऐसा भीषण जाम लगा कि ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आई। हालत यह रही कि ट्रैफिक संभालने में लगे पुलिस जवान भी बेबस दिखाई दिए और सड़कों पर वाहन रेंगते रहे।

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि एक एम्बुलेंस भी इस जाम के झाम में घंटों फंसी रही। सायरन बजता रहा लेकिन सड़क पर इतनी अव्यवस्था थी कि उसे निकलने तक का रास्ता नहीं मिल सका। लोगों की निगाहें एम्बुलेंस पर टिकी रहीं लेकिन जाम ऐसा कि हर कोई लाचार दिखा।शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाजार क्षेत्र में हालात इतने खराब हो गए कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। दुकानदार, राहगीर और स्कूली बच्चे तक परेशान दिखाई दिए। इसी जाम में संकटा मंदिर समिति के अध्यक्ष व सीता स्कूल मैनेजमेंट के प्रबंधक रमेश बाजपेयी भी करीब पौन घंटे तक फंसे रहे। आम लोगों का कहना है कि जब शहर के जिम्मेदार और प्रतिष्ठित लोग ही जाम से नहीं बच पा रहे, तो आम जनता की परेशानी का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि शहर में बढ़ते अतिक्रमण, बेतरतीब ई-रिक्शा संचालन और ट्रैफिक व्यवस्था की कमजोर प्लानिंग के कारण रोजाना हालात बिगड़ते जा रहे हैं। कई बार शिकायतों और चर्चाओं के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। महमूदाबाद की जनता अब पूछ रही है –क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी।

## गर्मी शुरू होते ही बिजली कटौती से त्रस्त आम उपभोक्ता

जहांगीराबाद , सीतापुर। गर्मी शुरू होते ही बिजली की कटौती से आम जन जीवन त्रस्त है। रात्रि में थोड़ी थोड़ी देर में कई बार घंटों रोस्टिंग होने से इन्वर्टर चार्ज नहीं हो पाते हैं।आम उपभोक्ता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की रोस्टिंग का कोई निश्चित सड्यूल नहीं है। कभी दिन में रोस्टिंग होती है तो कभी कभी रात्रि में चार घंटों की रोस्टिंग हो जाती है गत सोमवार रात्रि में थोड़ी थोड़ी देर में तीन बार चार घंटों की रोस्टिंग की गई जिससे लोगों को गर्मी से परेशान हो जागकर रात काटनी पड़ी क्योंकि थोड़ी देर की सप्लाई में इन्वर्टर भी चार्ज नहीं हो पाये। रोस्टिंग के अलावा दिन व रात में शटडाउन ,एलटी एवं ट्रांसफार्मर जलने व अन्य फाल्ट होने पर भी बिजली सप्लाई बंद रहती है जबकि रोस्टर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली मिलनी चाहिये।इस सम्बन्ध में अवर अभियंता सांडा सुरेश चन्द्र ने बताया कि रोस्टिंग मेरे स्तर से नहीं होती।लोड को एडजस्ट करने के लिए कभी कभी रात्रि में इमरजेंसी रोस्टिंग की जाती है जो ऊपर से होती है। उपभोक्ता राकेश नंद, रामकुमार, उमेश चन्द्र, हिसामुद्दीन, डा0 वकील अहमद खान, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, हरिनाम वर्मा, दिनेश प्रकाश व नफीसुल हक मजाहिरी सहित दर्जनों लोगों ने पहले की तरह रात्रि की जगह दिन में तीन बार दो दो घंटों की रोस्टिंग किये जाने की मांग की है।

# मिश्रिख तहसील में एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई, पेशकार समेत दो गिरफ्तार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मिश्रिख। सीतापुर जनपद की मिश्रिख तहसील में एंटी करप्शन टीम ने रिश्वतखोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए न्यायिक तहसीलदार के पेशकार अनीश और एक प्राइवेट कर्मचारी रोहित सिंह को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार दाखिल-खारिज के एक मामले में पीड़ित से रिश्वत की मांग की गई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की, जिसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया।बताया जा रहा है कि जैसे ही आरोपियों ने रिश्वत की रकम ली, एंटी करप्शन टीम ने दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जुट गई।फिलहाल एंटी करप्शन टीम दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## बड़े मंगल पर बजरंग दल के कार्यकर्ता ने शोभायात्रा के साथ किया विशाल भंडारा

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लहरपुर क्षेत्र स्थित अकबरपुर मैं आज विशाल भंडारे का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता अंकित गुप्ता व बजरंग दल की कार्यकत्री कोमल गुप्ता के द्वारा कराया गया वहां पर मौजूद बजरंग दल के प्रांत महामंत्री आशुतोष वर्मा, सुभाष वर्मा ,अंकुर गुप्ता ,धर्मवीर गुप्ता ,महेश गुप्ता, व अन्य सभी बजरंगी कार्यकर्ताओं के द्वारा अकबरपुर गांव के अंदर गाजे बजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे वहीं स्थानीय पुलिस भी साथ में मौजूद रही अकबरपुर से शोभायात्रा निकालकर सूरजकुंड के निकले वहां पर पूजा अर्चना करने के बाद फिर अकबरपुर की तरफ वापसी प्रस्थान हुए उसके बाद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा भंडारे का प्रसाद आने–जाने वाले लोगों को वितरित किया गया बताते चले कि आज जेष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगल के पांवन अवसर पर जगह–जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।और मुख्य मार्ग पर निकलने वाले लोगों ने जमकर प्रसाद का स्वाद चखा वही अकबरपुर में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता अंकित गुप्ता ने सभी लोगों को भंडारा का प्रसाद ग्रहण करवाया इस मौके पर हजारों की तादाद में भीड़ मौजूद रही ।भंडारे में पूड़ी–सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा राहगीरों को ठंडा पानी व शरबत भी बांटा गया। मंदिरों के साथ घरों में भी भक्तों ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद चखा प्रसाद पाने के लिए लगी लंबी लंबी लाइनें लगी रही वही मौके मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुनीलवर्मा भी उपस्थित हुए। वही स्थानीय दरोगा और दीवान बृजेश कुमार , हेड कॉन्स्टेबल राहुल कुमार वर्मा , कांस्टेबल जीतू सिंह, व अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## लम्बे समय से फरार चल रहा वारंटी हिस्ट्रीशीटर पश्चिमी बंगाल से गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने काफी लम्बे समय से फरार चल रहे वारंटी हिस्ट्रीशीटर को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के गांव गुंवारी का रहने वाला ओमकार उर्फ झब्बू पुत्र सेवाराम है ।पुलिस के अनुसार, वर्ष 2006 में थाना रामचन्द्र मिशन के हिस्ट्रीशीटर ओमकार उर्फ झब्बू पर थाना रोजा में डकैती, मर्डर, हत्या का प्रयास आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन रहा और इस मुकदमें से संबंधित अपील उच्च न्यायालय में भी दर्ज है। इस हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया था। जिसमें यह काफी समय से फरार चल रहा था। 17 मई को थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने वारंटी अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर ओमकार को उसकी ससुराल बिहारीपारा थाना बेहरामपुर जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को स्थानीय न्यायालय लॉर्ड सीजेएम मुर्शिदाबाद बेहरामपुर के समक्ष तीन दिवस के ट्रांजिट रिमाण्ड के लिए प्रस्तुत किया गया। अभिलेखों के अवलोकन उपरांत न्यायालय ने 20 मई तक तीन दिवस का ट्रांजिट रिमाण्ड स्वीकृत किया। इसके बाद अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में दून एक्सप्रेस ट्रेन से शाहजहांपुर लाया गया और थाना हाजा पर दाखिल किया गया। फिलहाल, पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त ओमकार को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रामचन्द्र मिशन के उपनिरीक्षक विक्रम कुमार और सत्येन्द्र पाल सिंह के साथ आरक्षी लवकुश शर्मा मौजूद रहे।

# प्रधान संघ के अध्यक्ष को पुलिस ने लखनऊ जाने से रोका



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हाथरस । उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में प्रधान संघ से जुड़े लोगों को पुलिस लखनऊ जाने से रोक रही है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले लखनऊ में प्रस्तावित रैली में शामिल होने की तैयारी में जुटे प्रधान संघ के अध्यक्ष को पुलिस ने नजर बंद कर दिया है। पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश की राजधानी में रैली की तैयारी चल रही है।लखनऊ कूच के ऐलान के बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली सादाबाद के प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए हैं कि लखनऊ जाने वाले प्रधानों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों पर कड़ी नजर रखी जाए। कजरौठी प्रधान और सादाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रधान संगठन अध्यक्ष महाराज सिंह को उनके घर पर ही नजरबंद कर दिया गया। सादाबाद विधानसभा अध्यक्ष महाराज सिंह प्रधान ने कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हैं। सरकार पुलिस के माध्यम से आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''हमें घरों में नजरबंद कर आंदोलन रोकने को कोशिश की जा रही है लेकिन हम अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे।

# स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मानपुर, सीतापुर । स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, बलदेव नगर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील कुमार शुक्ला जी (पूर्व एक्साइज इंस्पेक्टर) मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री बृजेश अवस्थी जी, श्री अनुज अवस्थी जी, श्री सुधाकर अवस्थी जी, अतीकुर रहमान, पंकज कुमार पांडेय (जिला अध्यक्ष वित्तविहीन शिक्षक संघ), मास्टर उपेंद्र वर्मा, मास्टर सुधीर सिंह चड्ढा, मास्टर कमलेश यादव (इटारी कॉलेज), सुनील कुमार (प्रबंधक प्रतीक्षा मेमोरियल) तथा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की वार्डन श्रीमती धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।विद्यालय की शिक्षिका नीरज कुमार पांडेय ने स्काउट-गाइड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल संचालन किया, जिसमें सुशीला देवी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में यूपी बोर्ड में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर अंशुमान वर्मा जी ने मेधावी छात्र से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस दौरान विधायक निर्मल कुमार वर्मा जी ने विद्यालय के विकास हेतु ?5 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की, जिससे विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष व्याप्त हो गया।विद्यालय के प्रबंधक विनय सिंह चौहान एवं प्रधानाचार्य रहबर प्रतापगढ़ी जी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने विद्यालय के अनुशासन, संस्कार एवं शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अवैध तमंचों के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसपी के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चला जा रहे अभियान में थाना कांट पुलिस ने अलग–अलग स्थानों से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 02 देशी तमंचे व 02 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए अभियुक्त थाना कांट क्षेत्र के गांव कुटरा निवासी शिवराम पुत्र श्रीपाल और मोहल्ला मरहैय्या का रहने वाला सलीम पुत्र यासीन है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवराम को ग्राम सिसोरी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। जबकि अभियुक्त सलीम को रावतपुर नखासा बाजार से सेमथुरापुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे और दो जिन्दा कारतूस बरामद किए। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह के साथ उपनिरीक्षक शुभम कुमार और इन्द्रपाल सिंह के साथ मुख्य आरक्षी नंदकिशोर राणा आदि मौजूद रहे।

# डीएम इंद्रजीत सिंह की अनोखी पहल

**अब हर ग्राम पंचायत की होगी मनिटरिंग, पीपीटी पांच साल के विकास कार्यों की होगी ब्लकवार समीक्षा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जनपद में ग्रामीण विकास कार्यों को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने एक नई और अनोखी पहल शुरू की है। अब जिले की सभी ग्राम पंचायतों के पिछले पांच वर्षों में हुए विकास कार्यों का पूरा ब्यौरा मनिटरिंग पीपीटी रिपोर्ट के माध्यम से तैयार किया जाएगा। इसमें ग्राम पंचायतों को प्राप्त धनराशि, खर्च की गई रकम, कराए गए विकास कार्यों और उनकी वर्तमान स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला को निर्देशित किया है कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों से पांच वर्षों का विस्तृत डेटा एकत्र कर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत कराया जाए। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार विकास भवन में ब्लकवार समीक्षा बैठक आयोजित होगी, जिसमें संबंधित पंचायत सचिव, खंड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठकों में ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों की गहन समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से यह देखा जाएगा कि गांवों में स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप रीबोर, नाली, इंटरलकिंग, सामुदायिक शौचालय और अन्य विकास कार्यों पर कितना बजट खर्च हुआ और उसका वास्तविक लाभ ग्रामीणों तक पहुंचा या नहीं। जिलाधिकारी की इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी धनराशि का सही उपयोग हो और विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहें बल्कि धरातल पर भी दिखाई दें। कई ग्राम पंचायतों में अक्सर स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप मरम्मत और अन्य कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं। अब पीपीटी आधारित समीक्षा व्यवस्था से प्रत्येक खर्च और कार्य की जवाबदेही तय होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई दिशा देने वाली इस पहल को प्रशासनिक स्तर पर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इससे ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होगी, योजनाओं का लाभ सही स्थानों तक पहुंचेगा और ग्रामीणों का विश्वास भी मजबूत होगा।

डीएम इंद्रजीत सिंह की इस पहल से जनपद में ग्रामीण विकास को नई ऊंचाई मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही गांवों में कराए जा रहे कार्यों की वास्तविक तस्वीर भी सामने आएगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों मजबूत होंगी।

### चौक घंटाघर पर आरओ युक्त वाटर कूलर का लोकार्पण

सुलतानपुर। भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा आमजन और राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था लगातार सु.ढ़ की जा रही है। इसी क्रम में नगर के अत्यंत व्यस्त व्यवसायिक क्षेत्र चौक घंटाघर पर मंगलवार को आरओ युक्त वाटर कूलर का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा ग्रीष्म ऋतु में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क आरओ युक्त वाटर कूलर स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले पयागीपुर चौराहा (शौचालय के निकट), पर्यावरण पार्क, शाहगंज चौराहा (पुलिस चौकी के निकट), नगर पालिका गेट, जिला अस्पताल परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर, तहसील कार्यालय शौचालय के पास, विवेक नगर चौराहा तथा दीवानी न्यायालय परिसर में आरओ युक्त वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि चौक घंटाघर क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यहां शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था होने से व्यापारियों, राहगीरों और आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त नगर पालिका द्वारा बस स्टेशन आजाद पार्क के सामने, रेलवे स्टेशन गेट के बगल तथा विकास भवन गेट के पास छायादार शेड युक्त अस्थायी प्याऊ भी संचालित किए जा रहे हैं। इन प्याऊ पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि आने-जाने वाले लोगों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब कराया जा सके। लोकार्पण कार्यक्रम का संयोजन स्थानीय सभासद दिनेश चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में रोश्याम सोनी, आजाद सेठ, दिलीप बरनवाल, ओम शंकर बरनवाल, राजेश माहेश्वरी, राजकुमार जायसवाल, लड्डू सोनी, अमित बरनवाल, मनोजपुरी, विनय चौरसिया, सुनील चौरसिया, प्रमोद कौशल, पवन सोनी, रितेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# करोड़ों की बेशकीमती सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों का थाना घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। अखंडनगर क्षेत्र के प्राणनाथपुर बछेड़िया गांव में पीडब्ल्यूडी और ग्राम सभा की करीब तीन करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे को लेकर मंगलवार को जबरदस्त बवाल खड़ा हो गया। ग्राम प्रधान उदयभान निषाद की अगुवाई में दर्जनों महिला-पुरुष थाना परिसर पहुंच गए और कथित भू-माफिया जमुना वर्मा के खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सरकारी जमीन को निजी संपत्ति में बदलने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि यह कोई अकेला मामला नहीं है, बल्कि सरकारी जमीनों पर कब्जे का एक संगठित खेल लंबे समय से चल रहा है। गांव वालों ने आरोप लगाया कि कथित भू-माफिया पहले भी आसपास के कई गांवों में रास्तों और सार्वजनिक जमीनों को निशाना बना चुका है। आरोप है कि पहले विवादित या सरकारी भूमि पर कब्जा किया जाता है, फिर गुपचुप तरीके से बाहरी लोगों को बेच दिया जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक, इसी रणनीति के तहत गांव की सार्वजनिक संपत्तियों को धीरे-धीरे समाप्त करने की कोशिश हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि विवादित जमीन पर पहले बोरिंग कराई गई, उसके बाद अस्थायी निर्माण कराया गया और अब पूरे भूभाग पर स्थायी निर्माण एवं चारदीवारी खड़ी करने का कार्य शुरू कर दिया गया। मंगलवार को जैसे ही निर्माण कार्य तेज हुआ, पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। महिलाएं भी बड़ी संख्या में विरोध में उतर आईं और सरकारी जमीन बचाने की मांग को लेकर थाना पहुंच गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने ग्रामीणों से संबंधित अभिलेख, राजस्व रिकर्ड, आदेश की प्रतियां और अन्य आवश्यक दस्तावेज तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही एहतियातन कब्जे और निर्माण कार्य को तीन दिन तक रोकने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कठोर कार्रवाई नहीं की तो सरकारी जमीनों पर कब्जे का यह नेटवर्क और तेजी से फैल सकता है। गांव में पूरे घटनाक्रम को लेकर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। अब लोगों की निगाहें प्रशासनिक जांच और राजस्व अभिलेखों की पड़ताल पर टिक गई हैं कि आखिर करोड़ों की सार्वजनिक भूमि को निजी कब्जे में बदलने के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और क्या फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी जमीनों की खरीद-फरोख्त का कोई बड़ा खेल संचालित किया जा रहा है।

# चांदा में चोरों का नाइट पेट्रोलिंग टेस्ट, दो घरों से लाखों के जेवर-नकदी पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के चांदा कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। दलपतशाह पट्टी अमसुर और धौरहरा गांव में हुई इन घटनाओं में लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी हो गई।

पहली घटना दलपतशाह पट्टी अमसुर गांव निवासी रामचंद्र यादव के घर हुई। बताया गया कि चोर जीने के सहारे घर में दाखिल हुए, कमरे की कुंडी तोड़ी और अलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर सोने का हार, झुमकी, मंगलसूत्र, पायल, करधन समेत लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। परिवार को घटना की जानकारी सुबह हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दूसरी वारदात बगल के धौरहरा गांव में राम अजोर निषाद के घर हुई। यहां चोर पीछे के रास्ते से घर में घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात के साथ 12 हजार रुपये नकद पार कर गए। इस चोरी की भनक भी सुबह ही लग सकी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर और प्रभारी निरीक्षक चांदा अमित कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फरेंसिक टीम और डग स्क्वाड की मदद से जांच पड़ताल शुरू की। दोनों परिवारों की ओर से कोतवाली में लिखित तहरीर दी गई है। लगातार दो गांवों में हुई बड़ी चोरियों के बाद ग्रामीणों में दहशत है। वहीं लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि जब चोर पूरी रात इत्मीनान से अलमारी और बक्से खंगालते रहे, तब रात की गश्त आखिर किस रास्ते पर घूम रही थी। चौकी गारवपुर की सक्रियता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# तीसरे बड़े मंगल पर ग्राम दसवंतपुर व हनुमान गढ़ी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। क्षेत्र के ग्राम दसवंतपुर में मंगलवार को तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मोहित सिंह चौहान द्वारा कराया गया।

वहीं रायबरेली रोड स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में भाजपा नेता पवन साहू एवं लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूड़ी सब्जी व छोला चावल का वितरण किया गया विधि-विधान से हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा आयोजकों के इस धार्मिक आयोजन की सराहना की। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारों से माहौल गूंजता रहा।इस अवसर पर ज्ञान प्रकाश जायसवाल सभासद सूर्य प्रकाश वर्मा सभासद विजय धीमान अनुराग अग्रहरी घनश्याम चौरसिया रामप्रसाद भानुप्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह चौहान (कानूनगो), राहुल सिंह, प्रशांत सिंह चौहान, मोहित सिंह चौहान, सत्येन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह, रणविजय सिंह, विनय प्रताप सिंह, अजित सिंह बंटी, नितिन सिंह एवं आयुष सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### घूर लगाने के विवाद में खूनी संघर्ष, महिलाओं समेत चार घायल, गांव में तनाव

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पोखरनी में सोमवार देर शाम घूर (गोबर का ढेर) लगाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे, हॉकी और धारदार हथियार चले, जिससे तीन महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में पोखरनी निवासी धीरज कुमार ने आरोप लगाया है कि गांव के संत प्रसाद और उनके परिवार के लोगों ने पुरानी रंजिश और घूर लगाने के विवाद को लेकर उनके घर पर हमला कर दिया। धीरज के मुताबिक सोमवार शाम करीब सात बजे आरोपी पक्ष लाठी-डंडों, हॉकी और धारदार हथियारों से लैस होकर उनके घर पहुंचा और पहले गाली-गलौज शुरू की। विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना के दौरान दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मैका देवी पत्नी जगन्नाथ, सविता पुत्री संत प्रसाद, शिवकला पत्नी संत प्रसाद और संत प्रसाद शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार और मेडिकल परीक्षण के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।ग्रामीणों के अनुसार, दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था और सोमवार शाम घूर लगाने को लेकर कहासुनी के बाद मामला हिंसक हो गया। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया, जिसके चलते पुलिस ने एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है।कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करा लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गौरीगंज पुलिस ने अपराधी के कब्जे से तमंचा किया बरामद

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना गौरीगंज पुलिस ने एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर राज शुक्ला उर्फ अनिमेश उर्फ सूरज पुत्र विजय कुमार शुक्ला निवासी लोधनपट्टी मजरे ताला थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद अमेठी के विभिन्न थानों पर मारपीट आदि धाराओं में कुल नौ अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका, निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग**

गुन्नौर । कोतवाली क्षेत्र के गांव उदयभानपुर में सोमवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव गोठना निवासी होमगार्ड जवान लालाराम की पुत्री सतनेश देवी का विवाह करीब नौ माह पूर्व उदयभानपुर निवासी श्रीपाल के पुत्र विकास कुमार के साथ हुआ था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सतनेश का शव कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई।मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की हत्या की गई है और मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटकाया गया। परिजनों ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने और प्रशासक बनाए जाने की उठाई मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने अपना कार्यकाल बढ़ाने तथा वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किए जाने की मांग तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को विकास खंड महराजगंज के ग्राम प्रधानों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सत्यराज को सौंपा।

प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ग्राम प्रधानों ने बताया कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में यदि पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए जाते हैं तो वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही यह जिम्मेदारी दी जाए, ताकि गांवों में चल रहे विकास कार्य प्रभावित न हों और योजनाओं का संचालन सुचारु रूप से जारी रह सके।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान प्रधान गांव की समस्याओं, विकास योजनाओं और स्थानीय आवश्यकताओं से भली-भांति परिचित हैं। नए प्रशासकों की नियुक्ति होने पर विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। ग्राम प्रधानों ने सरकार से मांग की कि पंचायत चुनाव संपन्न होने तक मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी जाए। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने नायब तहसीलदार सत्यराज से मुलाकात कर अपनी मांगों को विस्तार से रखा। प्रधानों ने कहा कि गांवों के विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए सरकार को शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

ज्ञापन सौंपने वालों में संतलाल लोधी, सत्रोहन लोधी, सुनील मौर्य, दिलीप तिवारी, रणविजय सिंह, अत्रिकांत द्विवेदी, रोहिताश सिंह उर्फडब्बू, गंगासागर पांडेय, अंजनी कुमार गुप्ता, उमेश कुमार उर्फ कुन्नू, कृष्णलली, हरिश्चंद्र मौर्य, संगीता देवी, गीत, रमेश मौर्य, जंग बहादुर यादव, नीरज कुमार, दीपू पासी, राजेश सिंह, बृजेश कुमार, रामकली, गीता, राम केवल तिवारी, दुजई, प्रदीप लोधी, विनोद धोबी, केशव चौधरी, गुड्डू सिंह, अमरेश कुमार, मनोज मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### चाइल्डफंड इंडिया के सहयोग से इंटर कालेज में स्टेम लैब बनी बच्चों के नवाचार का केंद्र

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चाइल्डफंड इंडिया के सहयोग से इंटरमीडिएट कलेज गौरा में पिछले वर्ष स्थापित स्टेम (साइंस, टेक्नोलजी, इंजीनियरिंग एंड मैथेमेटिक्स) लैब बच्चों के लिए प्रयोगात्मक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बन गई है। यहाँ छात्र-छात्राएं विज्ञान, गणित और तकनीक को मडल व प्रयोगों के माध्यम से व्यावहारिक रूप से सीख रहे हैं। हाल ही में कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने DIY (डू इट योरसेल्फ) गतिविधि के तहत टू वे ट्रैफिक सिग्नल मडल तैयार किया, जिससे उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल की कार्यप्रणाली, विद्युत परिपथ और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझा। लैब में अन्य बच्चे भी रोबोटिक्स किट की सहायता से विभिन्न मडल बनाकर सीख रहे हैं। सटेम लैब में बच्चों को स्टेम फैसिलिटेटर के सहयोग से विज्ञान और गणित की अवधारणाओं को सरल, रोचक और प्रयोगात्मक तरीके से सिखाया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के सहयोग से यह लैब बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा दे रही है।

### अखंडनगर में पुलिस मुठभेड़, गोकशी का फरार आरोपी घायल होकर गिरफ्तार

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की रात पुलिस और गोकशी के वांछित आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी का इलाज सीएचसी अखंडनगर में चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक वृजनारायण सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोकशी का फरार आरोपी मोहम्मद आसिफ बलेनो कार से क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही अखंडनगर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी शुरूकर दी।पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख आरोपी आसिफ ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आसिफ के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बलेनो कार, 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद मुजफ्फर निवासी घोषपुर, थाना शाहगंज, जिला जौनपुर के रूप में बताई। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ गोकशी के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना जयसिंहपुर में हुई हालिया गोकशी की घटना में भी उसकी संलिप्तता सामने आई थी।

### मारपीट में महिला की इलाज के दौरान मौत

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मझगवां थाना क्षेत्र के जराखर गांव में पड़ोसी से हुए विवाद में घायल महिला की इलाज के दौरान झांसी में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मंगलवार को मामले की जांच में जुटी है।जराखर गांव निवासी मोहित अहिरवार ने बताया कि उसके पिता का मंगल अहिरवार का पड़ोसी से कहासुनी हो गई थी। जिसमें बीच बचाव करने आईं उसकी मां 40 वर्षीय संतोषी को युवक ने सिर पर लाठी मार घायल कर दिया था। स्वजन उन्हें पहले निजी अस्पताल ले गए। जहां से हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर किया गया। इलाज के दौरान मां की मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि मां के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। मृतका अपने पीछे तीन पुत्र मोहित, पंकज व पवन को छोड़ गई हैं। मृतका का पति राजमिस्त्री है। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।सीओ राजीव प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना

**ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर कई जगहों पर प्रसाद वितरित किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई, अमेठी। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर तहसील तिलोई क्षेत्र में कई जगहों पर प्रसाद वितरण किया गया हनुमान चालीसा के साथ ही सुंदर काण्ड से वातावरण भक्तिमय नजर आया और कई जगहों पर कन्याभोज भी आयोजित किया गया।

तीसरा बड़ा मंगल होने के कारण भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद का लुत्फ़ उठाया। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता स्थित रामगंज चौराहे पर ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर राकेश सैनी द्वारा आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में ग्रामीणों व राहगीरों ने छोला चावल और खीर का लुत्फ़ उठाया। सिंहपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर टेढ़ई में कम्पोजिट विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर प्रसाद वितरण का शुभारम्भ किया जिसमें स्कूली बच्चों के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों और अभिवावकों ने पूड़ी सब्जी और बूंदी ग्रहण किया।प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय ने आगंतुकों को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।ज्येष्ठ माह का तीसरा बड़ा मंगल होने के कारण इलाका भक्तिमय नजर आ रहा था भारी संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी, ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव, दिलीप शुक्ला,नवनीत त्रिवेदी, अनुज शुक्ला, तुषार मिश्रा,प्रमोद शुक्ला, सलिल सिंह, आशीष गुप्ता, रमन त्रिवेदी, आलोक शुक्ला, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, विकल्प श्रीवास्तव, इंद्र प्रकाश शर्मा, ऋचा दीक्षित, आकांक्षा गुप्ता सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# छात्र ऑनलाइन हाईस्कूल, इण्टर की किताबें मगाएं,यूपी बोर्ड के सचिव की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज (यूपी बोर्ड) शैक्षिक सत्र 2026-27 के हाईस्कूल स्तर (कक्षा-9 एवं 10) की अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं इण्टरमीडिएट स्तर (कक्षा-11 एवं 12) की अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, लेखाशास्त्र, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान कुल 36 विषयों के अंतर्गत आने वाली 70 एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकें प्रदेश के समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए सस्ते दर पर प्रचलन में लाई गई हैं।यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने मंगलवार को बताया कि इसी प्रकार कक्षा-9 से 12 तक परिषद् द्वारा विकसित हिन्दी, संस्कृत एवं उर्दू विषयों की 12 पाठ्य पुस्तकें भी छात्र-छात्राओं के अध्ययनार्थ सस्ते दर पर प्रचलन में लाई गई हैं। उन्होंने बताया कि परिषद् द्वारा शैक्षिक सत्र के लिए पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण एवं वितरण के लिए 3 मुद्रकों को अधिकृत किया गया है जो मेसर्स पायनियर, प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स आगरा, मेसर्स पीताम्बरा बुक्स प्राइवेट लिमिटेड बिजौली, झाँसी कक्षा 9 तथा 12वीं एवं 10 और 11वीं की मेसर्स सिंघल एजेन्सीज, लखनऊ उपलब्ध कराएगी।सचिव भगवती सिंह ने बताया कि उक्त अधिकृत मुद्रकों द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में थोक-फुटकर विक्रेताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं के लिए पाठ्य पुस्तकें विक्रयार्थ माह फरवरी के प्रारम्भ से उपलब्ध करा दी गयी हैं। इसके अलावा वर्तमान में ऑनलाइन होम डिलेवरी की सुविधा के दृष्टिगत बोर्ड द्वारा निम्नलिखित नवाचार भी किया जा रहा है।सचिव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा, दूरस्थ क्षेत्रों में पाठ्य पुस्तकों की सुगम उपलब्धता तथा घर बैठे पुस्तक प्राप्ति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिना किसी अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क के अधिकृत प्रकाशकों के सहयोग एवं अमेजन वेबसाइट के माध्यम से कक्षा-9 एवं 10 के पुस्तक सेट विद्यार्थियों को ऑनलाइन उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था प्रारम्भ की गई है।

# बरसात से पहले जागेगा गोंडा नगर पालिका परिषद या फिर घरों में भरेगा नाली का पानी

- हर साल घरों में घुसता पानी क्या इस बार नगर पालिका ने बनाई ठोस योजना
- बरसात सिर पर तैयारी अधूरी छोटी गलियों में जलभराव का खतरा मंडराया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। मानसून आने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन नगरपालिका परिषद गोंडा की तैयारियां अभी भी सवालों के घेरे में हैं।शहर की कई नालि यां गंदगी प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम पड़ी हैं। छोटी-छोटी गलियों में पानी निकासी की व्यवस्था बदहाल है और निचले इलाकों में रहने वाले लोग एक बार फिर चिंता में हैं।हर वर्ष बारिश के दौरान यही हालात बनते हैं सड़कें तालाब बन जाती हैं नालियां उफान मारती हैं और गंदा पानी सीधे लोगों के घरों में घुस जाता है। घरेलू सामान बर्बाद होता है बीमारियों का खतरा बढ़ता है और आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है नगर पालिका परिषद जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान और त्वरित पानी निकासी के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी योजना बनाई है..? या फिर हर साल की तरह इस बार भी जनता को अपने घरों में लबालब पानी और प्रशासनिक लापरवाही का सामना करना पड़ेगा..?शहर में मानसून की दस्तक से पहले ही नगर पालिका परिषद गोंडा की तैयारियों को लेकर आम नागरिकों में चर्चा है।शहर के कई वार्डों और छोटी-छोटी गलियों में नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं।अधिकांश स्थानों पर नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से हर वर्ष बारिश के दौरान पानी सड़कों से होता हुआ सीधे लोगों के घरों में घुस जाता है। घरों में घुटनों तक पानी भर जाता है घरेलू सामान खराब हो जाता है और आम लोगों का जी वन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। जलभराव के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है हर सा ल बरसात से पहले सफाई और जल निकासी की बात तो होती है लेकिन कई क्षेत्रों में काम केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है।छोटी गलियों और निचले इलाकों में पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था आज भी नहीं हो सकी है। बंद नालियों की सफाई जाम नालों को खोलने और जलभराव वाले क्षेत्रों में त्वरित निकासी के लिए कोई ठोस कार्ययोजना बनाई है या फिर हर वर्ष की तरह इस बार भी नागरिकों को अपने ही घरों में जलभराव की त्रासदी झेलनी पड़ेगी..? बरसात शुरू होने से पहले सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर ना लियों की सफाई कराई जाए जलभराव वाले क्षेत्रों का सर्वे किया जाए और पानी निकासी के लिए प्र भावी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

# 23 व 24 मई को आयोजित महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के सम्बंध में सीडीओ ने की प्रेसवार्ता

- सीडीओ बताया कि आयोजन के लिए 15 समिति का गठन किया गया है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच। महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के सम्बंध में विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल/परिसर में 23 व 24 मई 2026 को जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित प्रेस-वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने विजय उत्सव को सम्पन्न कराने हेतु समिति का गठन करा लिया गया है।

जिसमें सामिति के दायित्व, सम्मिलित अधिकारी व अन्य की ड्यूटी लगायी गयी है। उन्होनें बताया कि आयोजन के लिए 15 समिति का गठन किया गया है। समिति में मंच व्यवस्था एवं अन्य स्थलों पर सजावट व्यवस्था समिति, अल्पाहार एवं खानपान व्यवस्था समिति, कन्ट्रोल रूम समिति, यातायात सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सेवा समिति, सांस्कृतिक समिति, विभिन्न विभागों की प्रदर्शिनी/शिल्प/सरस मेला समिति व स्टॉल आवंटन समिति, प्रचार-प्रसार सूचना समिति, पेयजल स्वच्छता समिति, विद्युत आपूर्ति समिति व फूड जोन समिति का गठन कर लिया गया है।उन्होनें जानकारी दी कि भीषण गर्मी को देखते हुए बेहतर पीने का पानी व ओआरएस घोल, स्वच्छता, साफ-सफाई, फागिंग, आवश्यक सेवाएं, एम्बुलेंस, मीडिया गैलरी, यातायात व्यवस्था, प्रकाश इत्यादि की समुचित व्यवस्था करायी जायेगी। उन्होंने मीडिया बन्धुओं का आहवान करते हुए कहा कि इसका प्रचार-प्रसार भव्यता से हो जिससे महाराजा सुहेलदेव के जीवन पर आधारित विभिन्न गाथाओं की चर्चा हो सके। उन्होनें यह भी अपील की कि स्कूली बच्चे, लोक नृत्य गायक, भजन गायक व आम जनमानस भी इस 02 दिवसीय विजय उत्सव में भाग ले सकता है। जिसके के लिए टीम लीडर के साथ अपना विवरण डीसी मनरेगा को उपलब्ध कराया जाय।

# लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित हुई नैना

- राजा चार्ल्स तृतीय व महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से नैना ने की भेंट
- आरती के बाद लंदन में सम्मानित होने वाली जिले की दूसरी महिला बनी नैना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच । गत सोमवार 11 मई को लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में आयोजित किंग्स ट्रस्ट समारोह में अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित होने वाली नैना ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट की। डीएम ने नैना को अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गौरव की बात है।

नैना को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। डीएम ने कहा कि उन्हें विश्वास है जिले की महिलाएं नैना व आरती से प्रेरणा लेकर अपने लिए स्वावलम्बन की राह चुनकर नई इबारत लिखने का संकल्प लेंगी।उल्लेखनीय है कि लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में सितारों से सजे किंग्स ट्रस्ट समारोह के दौरान, किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल द्वारा विकास खण्ड रिसिया की ग्राम पटेल नगर निवासिनी 23 वर्षीय युवती नैना को अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार किंग्स ट्रस्ट की वैश्विक राजदूत शार्लोट टिलबरी एमबीई द्वारा प्रायोजित किया गया था। वेल्स के पूर्व राजकुमार राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा स्थापित किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल, रोजगार, शिक्षा और उद्यम कार्यक्रमों के माध्यम से दुनिया भर के युवाओं का समर्थन करता है। दस वर्ष पूर्व स्थापना के बाद से, किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल ने वैश्विक स्तर पर 130,000 से अधिक युवाओं का समर्थन किया है। इस समारोह में अमल और जॉर्ज क्लूनी, शार्लोट टिलबरी, जूल्स हॉलैंड, सर रॉड स्टीवर्ट, रॉनी वुड और रीटा ओरा समेत कई अन्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह के दौरान नैना को राजा चार्ल्स तृतीय व महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से भेंट करने का अवसर भी मिला।सिर्फ 23 वर्ष की उम्र में नैना लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों की एक सशक्त समर्थक बन चुकी हैं। अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए वे हर वर्ष सैकड़ों युवा लड़कियों को प्रेरित और सशक्त बना रही हैं। नैना ने अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना किया। आगा खान फाउंडेशन द्वारा किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट लहर ने सहारा देकर नैना को दोबारा स्कूल में नामांकन कराने में सहायता की। नैना ने अपनी शिक्षा यात्रा के महत्वपूर्ण चरणों में छात्रवृत्तियाँ प्राप्त कीं। स्कूल के अंतिम वर्षों में उन्हें राज्य मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत सहायता मिली, जिसके बाद स्नातक शिक्षा के लिए भारत सरकार की प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ की गई योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। छात्रवृत्ति के सहयोग के साथ-साथ नैना ने खेतों में मजदूरी की और अपने गाँव के छोटे बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाया। आज नैना अन्य युवा लड़कियों को जीवन कौशल प्रशिक्षक और कोच के रूप में सहयोग प्रदान करती हैं। किशोरियों और उनके परिवारों के साथ अपने कार्य के माध्यम से नैना सोच में बदलाव लाने, बाल विवाह रोकने और लड़कियों को शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने का कार्य कर रही हैं।पुरस्कार जीतने पर नैना ने कहा कि जीवन के संघर्षों से ही उन्हें ऊर्जा मिली। अपने जीवन और समाज में समारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रही सभी युवतियों को नैना ने यह पुरस्कार समर्पित करते हुए कहा कि कभी निराश न हों और जीवन में मिले अवसरों का सदुपयोग करते हुए अपनी सफलता की कहानी खुद लिखें। उन्होंने कहा कि आगा खान फाउंडेशन के प्रोजेक्ट लहर और द किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल के सहयोग से उन्हें सफलता मिली है।आगा खान फाउंडेशन की सीईओ टिन्नी साहनी ने कहा कि, नैना दुनिया भर की युवा महिलाओं के लिए एक सच्ची प्रेरणा हैं। नैना ने साबित कर दिया है कि लगन और शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता सपनों को साकार कर सकती है। हर लड़की को पढ़ाई का अवसर सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए हम आभारी हैं। उन्होंने युवा लड़कियों के सपनों को साकार करने में सहयोग प्रदान करने के लिए किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल का भी आभार ज्ञापित किया।

# देवीपाटन मंडल के विकास का नया खाका तैयार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । देवीपाटन मंडल के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवागत आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों से उन के जनपदों की प्रमुख चुनौतियों,संभावनाओं तथा उनके प्रभावी निराकरण के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट एवं सुझाव मांगे हैं। यह पहल मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद आधारित विकास मॉडल तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक जनपद की भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थिति याँ अलग हैं,इसलिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा।

उन्होंने कृषि,पर्यटन,शिक्षा,स्वास्थ्य, परिवह न,रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं जनजातीय क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।आने वाले समय में इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय एवं सकारात्मक परिवर्तन आमजन को देखने को मिलेंगे।श्रावस्ती जनपद ने अपनी रिपोर्ट में बौद्ध पर्यटन,खेल एवं जैविक खेती की व्यापक संभा व नाओं को रेखांकित किया है।जेतवन विहार सहित ऐतिहासिक स्थलों के विकास,खेल अवसंरचना नि र्माण एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की योजनाएँ प्रस्तावित की गई हैं।वहीं बाढ़, परिव हन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की चुनौतियों के समा धान हेतु रेलवे,एयरपोर्ट विस्तार,तटबंध सुदृढ़ीकर ण तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर कार्य किया जा रहा है।गोंडा जनपद ने कृषि,डेयरी,खाद्य प्रसं स्करण एवं धार्मिक पर्यटन को भविष्य की प्रमुख संभावनाओं के रूप में चिन्हित किया है।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार,एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट, कौशल विकास कार्यक्रम तथा सड़क एवं परिवहन व्यव स्था को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया है।घाघरा एवं सरयू नदी से होने वाली बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान हेतु भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।बहराइच जनपद ने जनजाती य क्षेत्रों में शिक्षा, रोजगार एवं आधारभूत संरचना को प्रमुख आवश्यकता बताया है।स्थानीय उत्पादों की मार्के टिंग, कृषि आधारित उद्योग, सड़क संपर्क एवं रेलवे ओवरब्रिज निर्माण जैसी योजनाओं को विकास का आधार माना गया है। तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास प्रस्तावि त हैं।बलरामपुर जनपद ने बाढ़ नियंत्रण, जनजाती य विकास,स्वास्थ्य एवं डिजिटल सेवाओं के विस्ता र को प्राथमिकता दी है।थारू जनजाति की सांस्कृ तिक विरासत, धार्मिक पर्यटन,ऑर्गेनिक खेती एवं फूड प्रोसेसिंग को जनपद की प्रमुख संभावनाओं के रूप में प्रस्तुत किया गया है।साथ ही फ्लड अल र्ट सिस्टम, मोबाइल न्यूट्रिशन वैन, डिजिटल शिक्षा एवं ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार जैसी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।आयुक्त दुर्गा शक्ति नाग पाल ने कहा कि देवीपाटन मंडल के सभी जनपदों में स्थानीय संसाधनों एवं संभावनाओं के अनुरूप योजनाबद्ध विकास कर रोजगार,निवेश एवं आधा रभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा,जिससे मंडल को प्रदेश के अग्रणी विकास क्षेत्रों में स्थापि त किया जा सके।

# अतिक्रमण से कराह रहा शहर, राहगीरों पर जाम का कहर

- अतिक्रमणकारियों का नेटवर्क पुलिस व प्रशासन की व्यवस्था में भी अपनी जड़े जमाए हुए है जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। शहर में अतिक्रमणकारियों का एक नेटवर्क है,जो पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों पर भी भारी है।तभी तो शहर अतिक्रमण से कराह रहा है। अतिक्रमण की वजह से प्रतिदिन जाम का क हर आम राहगीरों पर बरसता है। अधिकारी भी जाम में फंसते हैं। लेकिन वे अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने के बजाय मौन साध लेते हैं। इससे साबित होता है कि कही न कही इन अतिक्रमणकारियों का नेटवर्क पुलिस व प्रशासन की व्यवस्था में भी अपनी जड़े जमाए हुए है। जिस वजह से जाम में फंसने के बाद भी इन अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

### एलबीएस चौराहे से लेकर जिला अस्पताल तक

एलबीएस चौराहे से लेकर जिला अस्पताल तक कोई भी ऐसी जगह शहर में नहीं है। जहां अतिक्रम ण की मार नहीं है। चाहे पीडब्ल्यूडी सड़क हो या फिर फुटपाथ हो हर तरफ कब्जा जमा हुआ है।

गोंडा-बलरामपुर स्टेशन रोड बड़गांव पुलिस चौकी से लेकर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट तक साइड कि दोनों पटरिओ पर ठेले और दुकानदारों ने कब्जा जमा कर रखा है उसके बाद आधी सड़क पर वाह न खड़ा कर देते हैं जिससे कि आए दिन लोग जाम के झाम में झूजते हैं जिससे कि आए दिन लोगों की ट्रेन छूट जाती है।यही नहीं अंबेडकर चौराहे से लेकर जेल कारागार तक चारों तरफ अतिक्रमण का बोलबाला है।दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा जमा रखा है।लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी अवैध कब्जे को हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं।सड़कों के किनारे सजने वाली दुकानें जाम का मुख्य कारण है।इन दुकानों को हटाने के लिए नगर प्रशासन के पास कोई एजेंडा नहीं है।

# छात्रहितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं, एससी-एसटी छात्रावास को लेकर अभाविप का प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय इकाई द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावास को शीघ्र विश्वविद्यालय को हस्तांतरित कर उसका संचालन प्रारम्भ किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को विकास भवन स्थित समाज कल्याण अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने चार सूत्रीय ज्ञापन सम्बंधित अधिकारियों को सौंपा और छात्रहितों से जुड़े इस मुद्दों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शन कर रहे अभाविप के कार्यकर्ताओं ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में यूपीसीएलडीएफ द्वारा छात्राओं के लिए 100 बेड का अनुसूचित जनजाति छात्रावास निर्मित कराया गया है, किंतु निर्माण पूर्ण होने के बावजूद आज तक छात्रावास छात्राओं को उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कुछ संरचनात्मक एवं तकनीकी कमियों का हवाला देते हुए छात्रावास का हस्तांतरण लेने से इंकार किया गया, जिसके चलते विभिन्न विभागों के बीच पत्राचार एवं प्रशासनिक प्रक्रिया लम्बित है।

इस प्रकार की विभागीय उदासीनता एवं प्रशासनिक शिथिलता का सीधा दुष्प्रभाव गरीब, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं की शिक्षा पर पड़ रहा है। एक ओर छात्राएं आवास की गंभीर समस्या से जूझ रही हैं, वहीं दूसरी ओर छात्रावास पूर्ण रूप से तैयार होने के बावजूद बंद पड़ा है, जो प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाता है। धरना-प्रदर्शन के दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने मांग की कि छात्रावास की समस्त कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर कर तत्काल विश्वविद्यालय को हस्तांतरित किया जाए तथा छात्राओं के प्रवेश एवं आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ किया जाए, ताकि जरूरतमंद छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।अभाविप गोरखपुर विश्वविद्यालय इकाई मंत्री अरविंद मिश्रा ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावास के हस्तांतरण एवं संचालन में हो रही अनावश्यक देरी छात्रहितों के साथ अन्याय है। यदि प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा शीघ्र सकारात्मक एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो विद्यार्थी परिषद छात्रहितों की रक्षा हेतु आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप देने के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की होगी।

## औद्यानिक फसलों की क्षति पर भी कृषकों को मिलेगी सहायता राशिः डीएचओ

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि पिछले दिनों मौसमीय घटकों (ऑधी-तूफान) के दौरान औद्यानिक फसलों यथा आम, अमरूद, केला, सब्जी व वार्षिक बागान फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक हुई क्षति के लिए कृषकों विभाग द्वारा सहायता राशि प्रदान की जाएगी। श्री चौधरी ने बताया कि जिले के ऐसे कृषक जिनकी फसलों को पिछले दिनों आयी आंधी-तूफान के कारण 33 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है वे तत्काल फसलों को हुई क्षति के सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच के कार्यालय को अवगत करा दें ताकि सहायता राशि प्रदान करने के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक कृषक किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय अथवा योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 व 8881186000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# सफाई व्यवस्था की शिकायत करना पड़ा भारी

- नगर पालिका कार्यालय में युवक को बंधक बना कर मारपीट व जातिसूचक गाली देने का आरोप
- पीड़ित घनश्याम की पत्नी ने कोतवाली में दी तहरीर दबंगों पर एससीएसटी एक्ट-सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। कर्नलगंज नगर पालिका परिषद में मंगलवार को शिकायत लेकर पहुंचे युवक को कथित तौर प र कार्यालय में बंधक बनाकर मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का गंभीर आरोप लगा है मोहल्ला गांधीनगर के निवासी पीड़ित घनश्याम क नौजिया की पत्नी रजनी का कहना है कि शिकायत से नाराज़ दबंगों ने नगर पालिका का गेट बंद कर उनके पति को बंधक बना लिया और जाति सूचक गालियां देते हुऐ मारा पीटा।इसकी सूचना डायल 112 को दी गई लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित को ही हिरासत में ले लिया है,यदि योगी सरकार में नग र पालिका में भ्रष्टाचार,गंदगी और अव्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने वालों के साथ ऐसा व्यव हार होगा तो आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे,पीड़ित परिवार ने आरोपियों पर एससीएसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर क ठोर कार्रवाई की मांग की है।अब सबसे बड़ा सवा ल यह है कि जिला प्रशासन पीड़ित को न्याय देगा या फिर शिकायतकर्ता को ही कार्रवाई का शिकार बनाया जाएगा।

# किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सा मने आई है जिसमें छपिया था ना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से घर लौट रही एक छात्रा के साथ बीच रास्ते में एक युवक ने छेड़छाड़ की।इस पूरी घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बा द पुलिस हरकत में आई है।

थाना छपिया पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए किशोरी के साथ छेड़खा नी करने वाले नामजद आरोपी अतुल को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।खाकी के इस त्वरित और दमदार एक्शन से जहां पीड़ित परिवार को न्याय की बड़ी आस जगी है,वहीं बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले दरिंदों को भी कड़ा संदेश गया है।बताते है कि छपिया थाना क्षेत्र के गांव की यह छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी तभी रास्ते में आरोपी युवक ने उसे रोककर छेड़छाड़ शुरू कर दी।पीड़िता की मां भी मौके पर मौजूद थीं और उ न्होंने आरोपी का जमकर विरोध किया लेकिन बेश र्म युवक पर इसका कोई असर नहीं हुआ और उस ने अश्लील हरकतें जारी रखीं।छात्रा की चीख पु कार सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित होने लगे। भीड़ को देखकर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया।घटना का फुटेज सोशल मीडिया प र तेजी से वायरल हो गया जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।हालांकि कैनविज टाइम्स वायर ल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।पुलिस ने इसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की शिना ख्त की और उसे दबोचने के लिए टीमें गठित कर अभियान चलाया।सीओ मनकानपुर उदित नाराय ण पालीवाल ने बताया कि इस घटना की जानका री 17 मई को मिली थी।पीड़िता पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक अजीत यादव पुत्र रा म तौल यादव निवासी ग्राम शुकरौली के खिलाफ विधिसम्मत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया ग या।इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला और आरोपी की पहचान कर उसकी धरपकड़ के लिए दबिश देना शुरू कर दिया।सोमवार की देर शाम पुलिस ने आरोपी अजीत यादव को गिरफ्तार कर लिया।जब पुलिस उसे मेडिकल परीक्षण के लिए ले जा रही थी तभी स्टेशन के पास मौका देख कर आरोपी ने भागने की कोशिश की।इस दौरान वह रेल लाइन की बाड़ में फंस गया और घायल हो गया।घायल अवस्था में पुलिस उसे सीएचसी ले गई।पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है।

# गर्मी में जानलेवा बन रहे आवारा कुत्ते और बंदर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❑ डॉग बाइट और मंकी बाइट की बढ़ती घटनाओं से दहशत, शिकायतों के बावजूद नहीं जाग रहा प्रशासन**

पूरनपुर। नगर और आसपास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी के बीच आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है सड़कों, बाजारों, स्कूलों और मोहल्लों में घूम रहे कुत्तों के झुंड राहगीरों पर हमला कर रहे हैं, जबकि बंदरों के कारण लोग घरों और दुकानों तक में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे आए दिन सामने आ रही डॉग बाइट और मंकी बाइट की घटनाओं से लोगों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सबसे ज्यादा खतरा छोटे बच्चों और बुजुर्गों को है सुबह-शाम स्कूल जाने वाले बच्चे और मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले बुजुर्ग आवारा कुत्तों के निशाने पर आ रहे हैं।

कई इलाकों में कुत्तों के झुंड बाइक सवारों और पैदल चलने वालों का पीछा कर रहे हैं वहीं बंदरों के आतंक से महिलाएं और दुकानदार भी परेशान हैं शिकायतें लगातार, कार्रवाई नदारद नगरवासियों का आरोप है कि नगर पालिका और संबंधित विभागों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी अभियान नहीं चलाया गया लोगों का कहना है कि प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का सख्त रुख आवारा कुत्तों और सड़कों पर घूमने वाले पशुओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश जारी करते हुए राज्यों और स्थानीय निकायों को नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं अदालत ने कहा कि आम जनता की जान जोखिम में डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्देश सार्वजनिक स्थानों और हाईवे से आवारा कुत्तों को हटाया जाए हर जिले में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई जाए डॉग बाइट पीड़ितों के इलाज के लिए विशेष सेंटर बनाए जाएं खतरनाक और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाए नगर पालिका कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए हाईवे और मुख्य सड़कों और गलियों से आवारा मवेशियों को हटाया जाए एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए हर जिले में गौशाला और पशु संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाएं सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यदि आवारा कुत्तों के हमले में किसी बच्चे, बुजुर्ग या अन्य व्यक्ति की मौत होती है तो प्रशासन जिम्मेदारी से बच नहीं सकता अदालत की सख्ती के बाद अब लोगों को उम्मीद है कि नगर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक पर जल्द अंकुश लगाया जाएगा

## हजारा पुलिस का नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार

पीलीभीत। जनपद में अपराध नियंत्रण और नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना हजारा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में की जा रही सघन चेकिंग के दौरान थाना हजारा पुलिस ने एक अभियुक्त को 11 ग्राम अवैध स्मैक और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया जानकारी के अनुसार थाना हजारा पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की लगातार चेकिंग कर रही थी इसी दौरान पुलिस टीम को एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया पुलिस ने जब उसे रोककर पूछताछ की तो वह घबरा गया तलाशी लेने पर उसके पास से 11 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई बरामदगी के बाद पुलिस ने तत्काल युवक को हिरासत में लेते हुए उसकी मोटरसाइकिल भी कब्जे में ले ली पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद स्मैक की कीमत अवैध बाजार में काफी बताई जा रही है और आरोपी क्षेत्र में नशे की सप्लाई करने की फिराक में था पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के तार किन लोगों से जुड़े हैं और वह स्मैक कहां से लाता था तथा किन क्षेत्रों में सप्लाई करता था जनपद पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान से नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है पुलिस अधीक्षक ने साफ निर्देश दिए हैं कि युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी थाना हजारा पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व में निष्प्रयोज्य और अधिहरित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी

पीलीभीत। टाइगर रिजर्व में मंगलवार को निष्प्रयोज्य घोषित राजकीय वाहनों एवं विभिन्न वन अपराधों में लिप्त अधिहरित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी संपन्न कराई गई यह नीलामी शासनादेश के तहत गठित समिति की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई नीलामी प्रक्रिया प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सिटी मजिस्ट्रेट पीलीभीत तथा परिवहन विभाग की ओर से नामित अधिकारी भी मौजूद रहे पीलीभीत टाइगर रिजर्व के माला, महोफ, बराही, हरीपुर, दियोरिया रेंज और मुख्यालय परिसर में खड़े कुल 16 वाहनों को नीलामी के लिए रखा गया था इनमें 09 निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन और 07 वन अपराधों में पकड़े गए अधिहरित वाहन शामिल थे नीलामी में बड़ी संख्या में ठेकेदारों ने भाग लिया और प्रतिस्पर्धात्मक बोलियां लगाईं गोपनीय अनुमान से अधिक बोली मिलने पर स्वराज माजदा, बोलेरो, कैंपर, जिप्सी, छोटा हाथी लोडर और मोटरसाइकिल समेत 15 वाहनों की सफल नीलामी की गई विभाग को 5 लाख 14 हजार 300 रुपये के अनुमान के मुकाबले 6 लाख 68 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई हालांकि एक लॉट में निर्धारित अनुमान के अनुरूप बोली न मिलने के कारण उसे नीलाम नहीं किया जा सका वन विभाग ने पूरी नीलामी प्रक्रिया को नियमबद्ध और पारदर्शी बताया है।

# तपती गर्मी में अधिवक्ताओं ने दिखाई मानवता तहसील गेट पर लगाया मीठे शरबत का प्याऊ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❑ सैकड़ों राहगीरों, वादकारियों और जरूरतमंदों को पिलाया शरबत, लोगों ने की सराहना**

पूरनपुर। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच मंगलवार को तहसील परिसर के बाहर मानव सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल देखने को मिली प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विपिन सक्सेना की पहल पर तहसील गेट के बाहर मीठे शरबत का प्याऊ लगाया गया, जहां सैकड़ों लोगों को ठंडा और मीठा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई इन दिनों गर्मी का प्रकोप चरम पर है दोपहर के समय कड़क धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।

तहसील में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, वादकारी और आम नागरिक अपने कामकाज से पहुंचते हैं ऐसे में प्यास और तेज गर्मी से परेशान लोगों को राहत देने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य शुरू किया गया प्याऊ पर सुबह से ही राहगीरों और तहसील आने वाले लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई अधिवक्ताओं ने स्वयं खड़े होकर लोगों को मीठा शरबत वितरित किया ठंडा शरबत पीकर लोगों के चेहरों पर राहत साफ दिखाई दी कई लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में इस प्रकार की सेवा वास्तव में पुण्य का कार्य है कार्यक्रम के दौरान साथी अधिवक्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया और सैकड़ों लोगों को शरबत पिलाया अधिवक्ताओं ने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस तरह के सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे व्यक्ति को पानी या शरबत पिलाना सबसे बड़ी सेवा है इस अवसर पर तहसील परिसर में आने वाले लोगों ने अधिवक्ताओं के इस प्रयास की जमकर प्रशंसा की लोगों का कहना था कि जहां एक ओर गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है,वहीं दूसरी ओर ऐसे सामाजिक कार्य मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं।

## नन्हे-मुन्नों ने मनाया येलो डे फादर्स डे पर बनाए आकर्षक कार्ड

पूरनपुर। सरस्वती विद्या मंदिर प्राइमरी स्कूल में नर्सरी से यू.के.जी. तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा येलो डे बड़े उत्साह एवं आनंद के साथ मनाया गया इस अवसर पर बच्चे पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा पहनकर विद्यालय पहुंचे कक्षाओं को पीले रंग की वस्तुओं, गुब्बारों एवं चार्टों से सुंदर रूप से सजाया गया, जिससे विद्यालय परिसर पूरी तरह पीले रंग की छटा में रंगा नजर आया विद्यार्थियों ने पीले रंग से संबंधित वस्तुओं की पहचान की तथा कविताओं, गीतों एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रंगों के महत्व को जाना बच्चों की मुस्कान, उत्साह और सहभागिता ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया इसी क्रम में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा फादर्स डे के उपलक्ष्य में अपने पिता के लिए सुंदर एवं आकर्षक कार्ड तैयार किए गए बच्चों ने रंग-बिरंगे कागज़, चित्रों एवं स्नेहपूर्ण संदेशों के माध्यम से अपने पिता के प्रति प्रेम, सम्मान एवं भावनाओं को अभिव्यक्त किया विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं भावनात्मक प्रस्तुति से शिक्षकगण अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए।

# वेतन न मिलने से नाराज एनएचएम कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की मुलाकात सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों ने लंबित वेतन, सेवा सुरक्षा और सामाजिक सुविधाओं की मांग को लेकर शासन को ज्ञापन भेजा है। कर्मचारियों का कहना है कि मार्च 2026 से अब तक वेतन भुगतान न होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

परिवार का भरण -पोषण, बच्चों की पढ़ाई, इलाज और दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है।संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश की ओर से भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि एनएचएम के संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिक प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन और अन्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कर्मचारियों ने मांग की है कि सभी संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिकों का वेतन प्रत्येक माह समयबद्ध तरीके से दिया जाए। साथ ही न्यूनतम मासिक वेतन 18 हजार रुपये निर्धारित कर समान कार्य के लिए समान वेतन व्यवस्था लागू की जाए। ज्ञापन में ईपीएफ, ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं लागू करने की भी मांग की गई है।इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों को जिला स्वास्थ्य समिति अथवा राज्य स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत समायोजित करने, स्थानांतरण नीति लागू करने और लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई है।कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 25 मई 2026 तक लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो लखनऊ स्थित उपमुख्यमंत्री आवास का लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण घेराव और प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने को विवश होगा।

# शराब के लिए रुपये न देने पर युवक का सिर फोड़ा,जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते हौसलों ने एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं मामूली बात पर मारपीट और जानलेवा हमला किए जाने की घटना ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है ग्राम पिपरिया दुलई निवासी अंश प्रताप सिंह ने कोतवाली पूरनपुर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 18 मई 2026 की रात करीब 10:30 बजे वह आसाम चौराहे पर गुड्डू होटल के पास अपने गांव जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा था तभी आर्यन चौहान पुत्र प्रवीण चौहान निवासी सुधीर कॉलोनी पूरनपुर देहात अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा पीड़ित के अनुसार रुपये देने से इंकार करने पर आरोपियों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी आरोप है कि आर्यन चौहान ने हाथ में पहना कड़ा निकालकर उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायल युवक को बचाया तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़ित ने आरोपी को शातिर एवं गुंडा प्रवृत्ति का बताते हुए दावा किया है कि उसके खिलाफ पहले से भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं घटना के बाद घायल युवक रात में ही कोतवाली पहुंचा, जहां पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया अब पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है क्षेत्र में लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से लोगों में यह चर्चा तेज हो गई है कि अपराधियों में कानून का भय कम होता जा रहा है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पीलीभीत में शिक्षकों की छुट्टियों पर रोक, 8 जुलाई तक मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। आगामी विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ा प्रशासनिक आदेश जारी किया है जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार जनपद के राजकीय, सहायता प्राप्त एवं परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 18 मई 2026 से 8 जुलाई 2026 तक बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं नोडल अधिकारी प्रशासन रोशनी यादव द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि जनपद में कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं प्रस्तावित हैं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों की परीक्षाएं 5 जून 2026 तक संचालित होंगी, जबकि 31 मई को बीएड परीक्षा आयोजित की जाएगी इसके अलावा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रत्येक दिन दो पालियों में नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा कराई जाएगी इसी क्रम में 4 जून 2026 को प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा तथा 2 जुलाई से 4 जुलाई 2026 तक उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) भी दो पालियों में प्रस्तावित है इन सभी परीक्षाओं के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जानी है जारी आदेश के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों तथा परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित अवधि तक किसी भी दशा में मुख्यालय न छोड़ें प्रशासन ने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं जिला प्रशासन के इस फैसले के बाद शिक्षा विभाग में हलचल तेज हो गई है और सभी विद्यालयों को तत्काल अनुपालन के निर्देश भेज दिए गए हैं।

## बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन

सुलतानपुर। जेष्ठ माह के बड़े मंगल पर बल्दीराय तहसील क्षेत्र के अशरफपुर वलीपुर गांव में उस समय अनोखी तस्वीर देखने को मिली, जब मुस्लिम युवक और क्षेत्र पंचायत सदस्य कमर अब्बास ने विशाल भंडारे का आयोजन कर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने छोला-पूड़ी और शर्बत का प्रसाद ग्रह्ण किया। बजरंगबली के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़े मंगल पर मुस्लिम युवक द्वारा कराए गए इस आयोजन की पूरे क्षेत्र में चर्चा रही। लोगों ने इसे गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक भाईचारे का जीवंत उदाहरण बताया। भंडारे में जिला पंचायत अयक्ष, ब्लक प्रमुख और भाजपा नेत्री समेत कई जनप्रतिनिायों ने पहुंचकर आयोजन की सराहना की। जनप्रतिनिायों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देते हैं।

# अमेठी में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे राहुल गांधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❑ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे योगेंद्र मिश्रा के आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे**

अमेठी। नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी आगामी मई को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को सर्वप्रथम गौरीगंज से जामो मार्ग पर स्थित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे योगेंद्र मिश्रा के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बताते चलें कि स्वर्गीय योगेंद्र मिश्र गांधी परिवार के बेहद करीबी रहे और अमेठी जनपद में कांग्रेस पार्टी को मज़बूत करने में सदैव तत्पर रहे। इसके बाद वह गौरीगंज में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे जहां वह ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।कार्यक्रम की अगली कड़ी में राहुल गांधी मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल पहुंचेंगे जहां पर अल्ट्रासाउंड मशीन एवं आडिटोरियम का उद्घाटन करेंगे।अस्पताल कार्यक्रम के समापन के बाद वह शाम को सड़क मार्ग से लखनऊ एयरपोर्ट के लिये रवाना होंगे और वह लखनऊ से इंडिगो की उड़ान द्वारा दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद अमेठी का यह उनका चौथा दौरा होगा जिसे लेकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के नेताओं द्वारा होर्डिंग से शहर को सजा दिया गया है और अपने नेता के आगमन को लेकर गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

# जर्जर स्कूल की दीवार गिरने से मजदूर की मौत, दो घायल जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। दोस्तपुर थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय बनपुरवा में जर्जर बाउंड्री वल गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर घायल हो गए। मृतक की पहचान कटघरापट्टी निवासी हरिराम उर्फ समारू पुत्र शिवदास के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मृतक का घर विद्यालय की बाउंड्री वल से सटा हुआ था। घर में मिट्टी डलवाने के लिए पहले स्कूल की दीवार के किनारे मिट्टी गिरवाई गई थी। जेसीबी से आिकांश मिट्टी घर में भरवाने के बाद हरिराम बची हुई मिट्टी को दीवार के किनारे से हटा रहे थे। इसी दौरान जर्जर बाउंड्री वल अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य मजदूर भी घायल हो गए। घटना की सूचना पर एसडीएम मंजुल मयंक मौके पर पहुंचीं



और घटनास्थल का निरीक्षण किया। विद्यालय प्रबंान समिति के अयक्ष शिवकुमार मौर्य ने बताया कि स्कूल की जर्जर बाउंड्री वल को लेकर पहले ही आिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने स्थानीय प्राान पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि दीवार लंबे समय से जर्जर थी और कभी भी हादसे का कारण बन सकती थी। मृतक हरिराम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिवार में उनके 15 वर्षीय जुड़वां बेटे रामू और श्यामू, विवाहित बेटियां पूजा (26) और रूपा (19), तथा अविवाहित बेटी रूपा (15) हैं। जिलाािकारी इंद्रजीत ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दीवार गिरने के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और यदि निर्माण कार्य या सुरक्षा मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हादसे में विद्यालय के किसी भी बच्चे को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी बच्चे सुरक्षित हैं।

## एनएचएम कर्मचारियों ने मानदेह न मिलने पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जताया

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना अपना दायित्व निभाते हुए किया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन। मंगलवार को दूसरा दिवस था काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का संविदा कर्मचारियों का कहना है 3 माह से मानदेह नहीं आया जिसे उनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। बच्चों के शिक्षा प्रवेश, किताबी खर्च, गृहस्थी खर्च की स्थिति बिगड़ती जा रही है जो उनके भविष्य के लिए अंधकार में जा रहा है। संविदा कर्मचारियों की मांग है पिछले महीनों का रुका हुआ मानदेह जल्द से जल्द भेजा जाए और आगे नियमित भेजा जाए यदि 20 मई तक मानदेह नहीं आया तो आगामी दिवस से काम बंद कर दिया जाएगा। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में अकिल, हरीश माथुर, संजीव कुमार, अनुज कुमार, आशीष कुमार, अंकित सक्सेना, मीनाक्षी, अब्दुल खालिद, ठाकुरदास, अकील आदि अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे है।

## ओलंपियाड में सफल छात्रों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**पूरनपुर, पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूरनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को ओलंपियाड परीक्षा में सफल छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने विद्यालय पहुंचकर चयनित एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उन्नति रिपोर्ट प्रदान कर सम्मानित किया इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला नगर पालिका अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ पढ़ाई कर अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और शिक्षा के माध्यम से ही समाज एवं राष्ट्र का विकास संभव है कार्यक्रम में विद्यालय के इंचार्ज ब्रजेश शुक्ला, सहायक अध्यापक गुरप्रीत कौर, अनुदेशक इंदु गंगवार, मोहम्मद आलम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया

## दवाई लेने गई महिला का अपहरण करने का प्रयास, हाईवे पर कूद कर बचाई जान

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला करीमगंज निवासी एक महिला ने एक टुक-टुक चालक और उसके साथी पर जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने, मारपीट करने और मोबाइल तोड़ने का गंभीर आरोप लगाया है मामले की शिकायत महिला ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर की है पीड़िता के अनुसार करीब एक वर्ष पूर्व बाजार आते-जाते समय एक टुक-टुक चालक ने उसे अपना मोबाइल नंबर दिया था और जरूरत पड़ने पर आने-जाने की सुविधा देने की बात कही थी। महिला ने बताया कि उसने एक-दो बार उससे बाजार जाने के लिए संपर्क किया, लेकिन इसके बाद आरोपी लगातार फोन और मैसेज कर परेशान करने लगा कई बार मना करने के बावजूद वह नहीं माना, जिस पर महिला ने अपने भाई बब्लू से आरोपी को डांट भी लगवाई थी।आरोप है कि मंगलवार सुबह आरोपी ने कई बार फोन किया करीब साढ़े ग्यारह बजे जब रुकसाना डॉ. शैलेश के यहां दवाई लेने पहुंची, तभी आरोपी अपने एक साथी के साथ वहां आ गया महिला का कहना है कि जैसे ही वह क्लीनिक से बाहर निकली, दोनों युवकों ने उसे डरा-धमकाकर जबरन मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और आसाम रोड होते हुए पीलीभीत की ओर ले जाने लगे महदिया मोड़ के पास महिला ने खुद को बचाने के लिए चलती बाइक से छलांग लगा दी आरोप है कि इसके बाद दोनों युवक उसे फिर बाइक पर बैठाने का प्रयास करने लगे और विरोध करने पर थप्पड़-घूंसों से मारपीट की महिला ने डायल 112 पर कॉल करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया शोर-शराबा सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद महिला उनकी पकड़ से बच सकी आरोपियों ने जाते समय किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी बाद में महिला ने राहगीरों के मोबाइल से अपने भाई को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर 112 पुलिस को बुलाया गया महिला ने तहरीर में डॉ. शैलेश की क्लीनिक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांचने की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बाबा ईकोत्तर नाथ मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने टेका माथा, की पूजन-अर्चना

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के प्राचीन एवं आस्था के केंद्र ईकोत्तर नाथ मंदिर में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल के बीच भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने श्रद्धापूर्वक माथा टेककर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा इस दौरान विधायक बाबूराम पासवान भी उनके साथ मौजूद रहे दोनों नेताओं ने देवाधिदेव महादेव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की मंदिर में पूजा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि बाबा ईकोत्तर नाथ मंदिर क्षेत्र की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है यहां आकर मन को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की पूजन-अर्चन के उपरांत समाजसेवी वीर प्रताप सिंह द्वारा आयोजित भव्य भंडारे में भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक एवं अन्य अतिथियों ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद प्राप्त किया आयोजन स्थल पर सेवा भावना और धार्मिक उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, क्षेत्र के सम्मानित नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया भाजपा जिलाध्यक्ष ने आयोजन में मिले स्नेह, सम्मान और आत्मीयता के लिए सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उनका विकास सर्वोपरि : मयंकेश्वर

## राज्यमंत्री, विधायक गौरीगंज एवं डीएम ने 95 लाभार्थियों को बांटी ट्राई साइकिल

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग जनों हेतु निशुल्क सहायक उपकरण वितरण योजना के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन सभागार गौरीगंज में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में



प्रदेश सरकार के जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित कर उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। इस दौरान कुल पचानबे दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई जिससे लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारम्भ संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की मंशा है कि दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और किसी भी प्रकार की असुविधा उनके विकास में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि ट्राई साइकिल जैसे सहायक उपकरण दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी सुविधा एवं सम्मान सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।ट्राई साइकिल वितरण से दिव्यांगजन अपने दैनिक कार्यों को अधिक सुगमता से कर सकेंगे तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि गत वर्ष जिले के सभी विकासखंडों में विशेष कैंप आयोजित कर दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कराया गया था। उसी क्रम में पात्र लाभार्थियों को आज ट्राई साइकिल वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए। ट्राई साइकिल प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सहायता से उनके आवागमन में काफी सुविधा होगी और वे अपने कार्यों को अधिक सहजता से कर पाएंगे। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव,ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास मौर्या सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बात–बेबात और विवाद

इसमें दो राय नहीं कि देश के प्रतिष्ठित व शीर्ष पदों पर विराजमान व्यक्तियों को अपने संस्थानों व सार्वजनिक मंचों पर अपनी बात रखने में अतिरेक में सावधानी बरतनी चाहिए। उससे निकलने वाले शब्दों के अर्थों के कई मायने निकाले जा सकते हैं। ऐसी ही चर्चा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के हालिया बयानों को लेकर हुई। बताया जाता है कि एक अधिवक्ता द्वारा सीनियर का दर्ज़ा दिए जाने के बाबत दायर याचिका पर खिन्न मुख्य न्यायाधीश ने प्रासंगिक संदर्भ में जो कहा, उसको लेकर सवाल उठे। बताया जा रहा है कि 'उन्होंने मौखिक तौर पर कहा कि समाज में पहले से ऐसे परजीवी हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं, और आप उनके साथ हाथ मिलाना चाहते हैं... कुछ युवा ऐसे हैं, जो रोजगार नहीं मिलने और पेशे में जगह न बना पाने के कारण 'कॉकरोच' की तरह हर जगह फैल जाते हैं। उसमें से कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर हर किसी पर हमला शुरू कर देते हैं।' निश्चय ही हाल के वर्षों में संपादक विहीन सोशल मीडिया में लोगों के अराजक व्यवहार को देखते हुए यह भले ही यह सत्य न हो, कुछ लोग इसे अर्धसत्य बताते हैं। लेकिन न्याय व्यवस्था के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति से इस विषय पर संवेदनशील ढंग से अभिव्यक्ति की अपेक्षा की जाती है। हालांकि, बाद में जस्टिस सूर्यकांत ने 'कॉकरोच' वाले बयान पर कहा है कि 'मीडिया ने उनके शब्दों को गलत ढंग से पेश किया।'उन्होंने अपनी मौखिक टिप्पणी के बाबत कहा कि उनकी बातों को इस तरह पेश किया गया जैसे उन्होंने देश के युवाओं की आलोचना की हो। उनका कथन था कि उनकी टिप्पणी केवल उन लोगों के खिलाफ थीं, जिन्होंने फर्जी या नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में प्रवेश किया है। ऐसे ही लोग मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य सम्मानित पेशों में घुस आए हैं, इसलिए परजीवियों की तरह हैं। उनका इशारा न्यायापालिका पर होने वाले अनुचित हमलों की तरफ था।

> देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के हालिया बयानों को लेकर हुई। बताया जाता है कि एक अधिवक्ता द्वारा सीनियर का दर्ज़ा दिए जाने के बाबत दायर याचिका पर खिन्न मुख्य न्यायाधीश ने प्रासंगिक संदर्भ में जो कहा, उसको लेकर सवाल उठे। बताया जा रहा है कि 'उन्होंने मौखिक तौर पर कहा कि समाज में पहले से ऐसे परजीवी हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं, और आप उनके साथ हाथ मिलाना चाहते हैं... कुछ युवा ऐसे हैं, जो रोजगार नहीं मिलने और पेशे में जगह न बना पाने के कारण 'कॉकरोच' की तरह हर जगह फैल जाते हैं।

दरअसल, मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों की कानून की डिग्रियों की जांच प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ वकीलों द्वारा डाली जाने वाली सामग्री को देखकर उन्हें कई वकीलों की कानूनी डिग्रियों की प्रमाणिकता पर संदेह है। लेकिन इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों, सोशल मीडिया से जुड़े लोगों व सोशल एक्टिविस्ट ने सीजेआई की टिप्पणी को लेकर प्रतिक्रिया दी हैं। राज्यसभा में एक राजद सांसद ने सार्वजनिक चिट्ठी लिखकर मुख्य न्यायाधीश की भाषा को लेकर चिंता जतायी। उनका कहना था कि बेरोजगारों, आरटीआई कार्यकर्ताओं, मीडिया कर्मियों और असहमति व्यक्त करने वालों की तुलना 'कॉकरोच' व 'परजीवी' से करना लोकतंत्र की मूल आत्मा और उसकी बुनियादी संवैधानिक संस्कृति को आहत करने वाला लगता है। आलोचकों का कहना है कि न्यायपालिका से आशा की जाती है कि वह संवैधानिक संयम व गरिमा की अंतिम शरणस्थली बनी रहे। एक आरटीआई कार्यकर्ता का मानना है कि प्रश्न पूछने का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है, ये व्यवस्था पर हमला नहीं, बल्कि उसे मजबूत बनाये रखने में भूमिका है।

# चीन-अमेरिका की निकटता से भारत के सामने वैश्विक चुनौतियाँ

> विश्व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में देखा जाए तो अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने से सबसे पहले वैश्विक बाजारों को राहत मिलेगी। निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार होगा और इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, तकनीक तथा विनिर्माण क्षेत्रों में लागत घट सकती है। इससे महंगाई पर भी नियंत्रण संभव है। किंतु यह केवल तस्वीर का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष यह है कि यदि दोनों महाशक्तियाँ वैश्विक व्यापारिक नियमों और आर्थिक नीतियों को अपने हितों के अनुसार तय करने लगें तो छोटे देशों की आर्थिक स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। दुनिया पहले भी उपनिवेशवाद और आर्थिक नियंत्रण की राजनीति देख चुकी है, अब आशंका यह है कि कहीं आर्थिक वैश्वीकरण का नया स्वरूप महाशक्तियों के संयुक्त वर्चस्व में परिवर्तित न हो जाए। इसी संदर्भ में ळ्जी-2ङ्क यानी अमेरिका और चीन केंद्रित विश्व व्यवस्था की चर्चा तेज हुई है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विश्व धीरे-धीरे बहुध्रुवीय व्यवस्था से हटकर दो महाशक्तियों के प्रभाव वाले ढाँचे की ओर बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो वैश्विक नीतियों, व्यापारिक समझौतों और सुरक्षा संबंधी निर्णयों में छोटे देशों की भूमिका सीमित हो सकती है। यह स्थिति भारत जैसे देशों के लिए विशेष चिंता का विषय है क्योंकि भारत हमेशा से बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था और सामूहिक वैश्विक नेतृत्व का समर्थक रहा है। भारत की स्थिति यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

दुनिया एक बार फिर ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है जहाँ दो महाशक्तियों-अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते संवाद, आपसी मुलाकातों और कूटनीतिक समीकरणों को केवल द्विपक्षीय संबंधों के रूप में नहीं देखा जा सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संवाद और संभावित समझौतों को लेकर पूरी दुनिया में चर्चाओं का दौर चल रहा है। एक वर्ग इसे विश्व अर्थव्यवस्था के लिए राहतकारी कदम मान रहा है, क्योंकि इससे बढ़ती महंगाई, व्यापारिक अवरोधों और युद्धजन्य संकटों में कमी आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि यह निकटता भविष्य में एक ऐसे विश्व संरचना को जन्म दे सकती है जहाँ दुनिया की दिशा पुनः कुछ महाशक्तियों के हाथों में सिमट जाए और विकासशील तथा अर्धविकसित देशों के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी हो जाएँ। भारत जैसे देशों के लिए यह परिस्थिति अवसर और चुनौती दोनों लेकर आई है। आज अमेरिका और चीन मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था के लगभग 44 प्रतिशत हिस्से को प्रभावित करते हैं। विश्व व्यापार, तकनीकी विकास, ऊर्ज़ा बाजार, वैश्विक निवेश, वित्तीय संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक निर्णयों पर इन दोनों देशों का गहरा प्रभाव है। ऐसे में इनके संबंधों में किसी भी प्रकार का बदलाव पूरी दुनिया की दिशा बदलने की क्षमता रखता है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध, टैरिफ विवाद, तकनीकी प्रतिबंध और ताइवान से जुड़े तनावों ने विश्व अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाला। कोरोना महामारी के बाद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएँ टूट गईं, रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्ज़ा संकट बढ़ाया और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। इन परिस्थितियों में यदि अमेरिका और चीन संवाद और सहयोग की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो इससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता को बल मिल सकता है। विश्व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में देखा जाए तो अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने से सबसे पहले वैश्विक बाजारों को राहत मिलेगी। निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार होगा और इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्ज़ा, तकनीक तथा विनिर्माण क्षेत्रों में लागत घट सकती है। इससे महंगाई पर भी नियंत्रण संभव है। किंतु यह केवल तस्वीर का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष यह है कि यदि दोनों महाशक्तियाँ वैश्विक व्यापारिक नियमों और आर्थिक नीतियों को अपने हितों के अनुसार तय करने लगें तो छोटे देशों की आर्थिक स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। दुनिया पहले भी उपनिवेशवाद और आर्थिक नियंत्रण की राजनीति देख चुकी है, अब आशंका यह है कि कहीं आर्थिक वैश्वीकरण का नया स्वरूप महाशक्तियों के संयुक्त वर्चस्व में परिवर्तित न हो जाए। इसी संदर्भ में ळ्जी-2ङ्क यानी अमेरिका और चीन केंद्रित विश्व व्यवस्था की चर्चा तेज हुई है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विश्व धीरे-धीरे बहुधूरवीय व्यवस्था से हटकर दो महाशक्तियों के प्रभाव वाले ढाँचे की ओर बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो वैश्विक नीतियों, व्यापारिक समझौतों और सुरक्षा संबंधी निर्णयों में छोटे देशों की भूमिका सीमित हो सकती है। यह स्थिति भारत जैसे देशों के लिए विशेष चिंता का विषय है क्योंकि भारत हमेशा से बहुधूरवीय विश्व व्यवस्था और सामूहिक वैश्विक नेतृत्व का समर्थक रहा है। भारत की स्थिति यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न तो पूरी तरह अमेरिकी खेमे में है और न ही चीन के प्रभाव क्षेत्र में। भारत ने लंबे समय से रणनीतिक स्वायत्तता की नीति अपनाई है। अमेरिका के साथ भारत के रक्षा, तकनीकी और आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। क्वाड जैसे मंचों में भारत की सक्रिय भूमिका है। दूसरी ओर चीन भारत का पड़ोसी देश है और दोनों देशों के बीच सीमा विवादों के बावजूद व्यापारिक संबंध व्यापक हैं। यही कारण है कि अमेरिका और चीन की बढ़ती निकटता भारत के लिए केवल बाहरी घटना नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्मूल्यांकन का विषय है। भारत और चीन की तुलना करें तो चीन ने पिछले तीन दशकों में विनिर्माण, निर्यात, आधारभूत संरचना और तकनीकी उत्पादन के माध्यम से



स्वयं को वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित किया। चीन की आर्थिक नीति केंद्रीकृत और तीव्र निर्णय क्षमता वाली रही है। इसके विपरीत भारत का विकास लोकतांत्रिक व्यवस्था, विविधता और संस्थागत संतुलन पर आधारित रहा है। भारत की शक्ति उसकी युवा आबादी, लोकतंत्र, सेवा क्षेत्र और डिजिटल क्षमता में निहित है, जबकि चीन की शक्ति विनिर्माण, निर्यात और पूंजी निवेश में रही है। अमेरिका के साथ चीन के संबंधों में सुधार होने की स्थिति में भारत के सामने यह चुनौती होगी कि वह अपनी आर्थिक और रणनीतिक उपयोगिता को और अधिक प्रभावशाली बनाए। भारत के लिए सबसे बड़ा अवसर ळ्चाइना प्लस वनङ्क रणनीति में निहित है। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने पिछले वर्षों में चीन पर निर्भरता कम करने की दिशा में प्रयास किए हैं। अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ चीन के विकल्प के रूप में भारत, वियतनाम और अन्य देशों की ओर बढ़ी हैं। भारत यदि अपनी औद्योगिक नीतियों, आधारभूत संरचना, श्रम सुधार और तकनीकी क्षमता को मजबूत करता है तो वह वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बन सकता है। किंतु यदि भारत आवश्यक गति से सुधार नहीं कर पाया तो यह अवसर अन्य देशों के पास चला जाएगा। तकनीकी क्षेत्र में भी अमेरिका-चीन संबंधों का भारत पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और रेयर अर्थ मिनरल्स नई शक्ति राजनीति के केंद्र बन चुके हैं। अमेरिका तकनीकी श्रेष्ठता बनाए रखना चाहता है जबकि चीन तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारत इन दोनों के बीच एक तीसरे विकल्प के रूप में उभर सकता है, लेकिन इसके लिए अनुसंधान, नवाचार और शिक्षा में बड़े निवेश की आवश्यकता होगी। भारत के पास प्रतिभा है, लेकिन प्रतिभा को वैश्विक नेतृत्व में बदलने के लिए दीर्घकालिक दृष्टि चाहिए। भू-राजनीतिक दृष्टि से भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण है। ताइवान, दक्षिण चीन सागर, रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकटों पर अमेरिका और चीन की भूमिका निर्णायक है। यदि दोनों देशों के बीच समझ बढ़ती है तो सैन्य टकरावों की आशंका कम हो सकती है। इससे वैश्विक ऊर्ज़ा बाजार स्थिर होंगे और तेल की कीमतों में राहत मिल सकती है। भारत जैसे ऊर्ज़ा आयातक देश के लिए यह अत्यंत लाभकारी स्थिति होगी। लेकिन यदि दोनों महाशक्तियाँ अपने प्रभाव विस्तार के लिए संकटों का उपयोग करती हैं तो विश्व अस्थिरता और बढ़ सकती है। भारत की विदेश नीति के लिए यह समय अत्यंत निर्णायक है। भारत को अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाए रखते हुए चीन के साथ व्यावहारिक संबंधों का संतुलन बनाना होगा। साथ ही उसे वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों के नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत करनी होगी। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जिस ळ्वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचरङ्क की अवधारणा प्रस्तुत की थी, वह भविष्य की विश्व व्यवस्था का वैकल्पिक मॉडल बन सकती है। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो अमेरिका और चीन जहाँ शक्ति संतुलन की राजनीति में उलझे हुए हैं, वहीं भारत सहअस्तित्व, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग की नीति पर चल रहा है। अमेरिका और चीन की प्रतिस्पर्धा शक्ति प्रदर्शन पर आधारित है जबकि भारत का दृष्टिकोण विकास, मानवीय मूल्यों और वैश्विक साझेदारी पर केंद्रित रहा है। यही भारत की विशिष्टता और शक्ति है। आज दुनिया में यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि क्या अमेरिका और चीन मिलकर दुनिया को पुनः अपने प्रभाव क्षेत्र में बाँटने का प्रयास करेंगे? क्या छोटे देशों की भूमिका सीमित हो जाएगी? क्या फिर वही स्थिति बनेगी जब महाशक्तियाँ विश्व राजनीति को अपनी उँगलियों पर नचाती थीं? इन प्रश्नों के उत्तर भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन इतना निश्चित है कि आज की दुनिया शीत युद्ध काल की दुनिया नहीं है। भारत, जापान, यूरोपीय संघ, ब्राजील, आसियान और अफ्रीकी देशों का बढ़ता प्रभाव विश्व व्यवस्था को बहुधूरवीय बनाए रखने में सक्षम है। भारत को इस बदलती परिस्थिति में अपने संकल्पों को सुदृढ़ करना होगा, विकास के नए मानक गढ़ने होंगे और अपनी रणनीतिक क्षमता को विस्तार देना होगा। क्योंकि बदलती दुनिया में प्रश्न यह नहीं है कि अमेरिका और चीन क्या करेंगे, बल्कि यह है कि भारत स्वयं को किस ऊँचाई पर स्थापित करेगा। **– ललित गर्ग**

# सरकारी अस्पतालों से दूर हो रहे डॉक्टर, निजी सेक्टर बना पहली पसंद

**सुभाष आनंद**

जिंदगी और मौत से जूझते मरीजों के लिए दूसरा भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर अब सरकारी अस्पतालों से किनारा करते दिख रहे हैं। डॉक्टर सरकारी नौकरी की बजाय कॉर्पोरेट और निजी अस्पतालों में काम करना ज्यादा बेहतर समझ रहे हैं। पंजाब के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के सैकड़ों पद खाली पड़े हैं, वहीं स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी भी साफ दिख रही है।

पंजाब में हर साल बड़ी संख्या में एमबीबीएस, बीडीएस, होम्योपैथी और आयुर्वेदिक डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। फिर भी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि राज्य सरकार की नीतियों की वजह से वे खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा राम भरोसे है। ड्यूटी के दौरान मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और दबाव आम बात हो गई है। सरकार ने सुरक्षा गार्ड तैनात करने की बात की थी, पर जमीन पर कुछ नहीं दिखा। पंजाब प्रोटेक्शन फॉर मेडिकेयर पर्सन एंड मेडिकेयर इंस्टीट्यूशन बिल बने कई साल हो गए, लेकिन डॉक्टर आज भी असुरक्षित हैं। हाल में डॉक्टरों पर हमलों के कई मामले आए, पर कार्रवाई नहीं हुई। फिरोजपुर सिविल अस्पताल में सीनियर मेडिकल अफसर का पद वर्षों से खाली है। हाल ही में पदोन्नति के बाद भी एक डॉक्टर ने पद संभालने में हिचक जताई। कारण बताया जा रहा है राजनीतिक हस्तक्षेप और यूनियनों का बढ़ता दबाव। ऐसे में कई बड़े और माहिर डॉक्टर

> पंजाब में हर साल बड़ी संख्या में एमबीबीएस, बीडीएस, होम्योपैथी और आयुर्वेदिक डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। फिर भी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि राज्य सरकार की नीतियों की वजह से वे खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

सरकारी नौकरी छोड़कर निजी सेक्टर में चले गए हैं या अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस शुरू कर ली है। डॉक्टरों का कहना है कि निजी अस्पतालों में वर्कलोड कम है, पैकेज बेहतर हैं और सम्मान ज्यादा है। सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का बोझ सैकड़ों में पहुंच जाता है, जबकि निजी में मरीज सीमित रहते हैं। सरकारी नौकरी में वीआईपी ड्यूटी और बांड की बाध्यता भी डॉक्टरों को खलती है। बांड पूरा होते ही वे नौकरी छोड़ देते हैं। नए डॉक्टरों को सरकारी अस्पतालों में सीमित सैलरी मिलती है, जबकि निजी सेक्टर में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को कई गुना वेतन आसानी से मिल जाता है। साथ ही, सरकार ने नए डॉक्टरों की पेंशन भी बंद कर दी है, जिससे सरकारी नौकरी का आकर्षण और घटा है। पंजाब सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में डिस्पेंसरी बंद कर मोहल्ला क्लीनिक खोल रही है। फिरोजपुर में चल रही आई मोबाइल टीम भी बंद हो चुकी है। केंद्र-राज्य सहयोग से बीजीआई का निर्माण तेजी से चल रहा है, पर धरातल पर डॉक्टरों की कमी अब भी बड़ी समस्या है। न्यूरो सर्जन और प्लास्टिक सर्जन जैसे स्पेशलिस्ट सरकारी अस्पतालों में नाममात्र हैं। कई जिलों में वेंटीलेटर तो हैं, पर उन्हें चलाने के लिए तकनीकी स्टाफ और मैकेनिक के पद सृजित नहीं हैं। नतीजा ये कि मजबूरन गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, जहाँ उनका आर्थिक शोषण होता है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलवीर सिंह ने कहा है कि डॉक्टरों की कमी दूर की जाएगी। डॉक्टरों की भर्ती के लिए इंटरव्यू शुरू करने की तैयारी है। आम आदमी क्लीनिकों पर अच्छे डॉक्टर तैनात किए गए हैं और युवा डॉक्टरों का सरकारी नौकरी में रुझान बढ़ रहा है। सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा, वर्कलोड, वेतन और राजनीतिक दबाव जैसे मुद्दे हल नहीं हुए तो डॉक्टरों का पलायन जारी रहेगा। जब डॉक्टर ही असुरक्षित महसूस करेंगे, तो मरीजों को दूसरा भगवान कहाँ मिलेगा?

## सेहत मंत्र

# अगर अच्छी सेहत चाहिए तो जरूर करें प्लैंक व्यायाम

एक्सरसाइज के दौरान आपने अक्सर प्लैंक का अभ्यास किया होगा। आमतौर पर लोग सिर्फ एक ही तरह का प्लैंक अभ्यास करते हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो प्लैंक का कई तरह से अभ्यास कर सकते हैं। आमतौर पर लोग मानते हैं कि यह सिर्फ आपकी अपर बॉडी पर काम करता है, लेकिन इसके अतिरिक्त भी आपको प्लैंक से मोटापा कम होना, शरीर में लचीलापन, पीठ दर्द से राहत, मजबूत मेटाबॉलिज्म, तनाव व अवसाद से राहत, इनर कोर मसल्स की मजबूती, ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव व टोंड बटक्स जैसे कई लाभ पहुंचाता है। इसलिए आपको इसका अभ्यास अवश्य करना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको कई तरह के प्लैंक करने के तरीके के बारे में बता रहे हैं? इसका अभ्यास करने के लिए आप सबसे पहले घुटने मोड़कर जमीन पर बैठें। साथ ही अब दोनों हथेलियों को फर्श पर टिका लें। इस दौरान आपकी बॉडी सिर से लेकर पांव तक एक ही सीध में होनी चाहिए। साथ ही शरीर का भार हथेलियों की बजाय बांहों व पैरों की अंगुलियों पर होना चाहिए। अब कुछ देर तक इसी पोजिशन में रहें। इसके बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस प्लैंक के अभ्यास में आपके शरीर का सारा भार हथेलियों के स्थान पर नी पर होता है। इसके लिए आप अपने पुशअप्स की पोजिशन में लेटें। लेकिन इस दौरान आप हाथों को मोड़कर जमीन पर रखें। साथ ही घुटनों को भी मोड़ लें। आपके घुटने जमीन पर होने चाहिए तथा पैर का निचला हिस्सा जमीन से ऊपर रखें। सिर को नीचे रखें। कुछ क्षण इस अवस्था में रूकें। इसके बाद सामान्य अवस्था में लौट आएं। आप ध्यान रखें कि इस अवस्था में आपकी पीठ व हिप्स ऊपर की तरफ होने चाहिए। यह प्लैंक एक हाथ से साइड में किया जाता है। इसके अभ्यास के लिए आप साइड में लेट जाएं। अब अपने एक हाथ को जमीन पर रखें। दूसरा हाथ आप अपने कमर पर रखें। अब अपनी पूरी बॉडी को ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान आपके शरीर का पूरा भार आपके एक हाथ पर होता है। इसमें वैरिएशन करने के लिए आप हथेलियों को जमीन पर रखने के स्थान पर हाथों को मोड़कर भी व्यायाम कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# मंगल प्रदोष व्रत से संतान की होती है दीर्घायु

मंगलवार के दिन पड़ने वाली त्रयोदशी तिथि के दिन भौम प्रदोष या मंगल प्रदोष व्रत मनाया जाता है। मंगल प्रदोष व्रत में प्रदोष काल के दौरान भगवान शिव की आराधना करने से असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है। मंगल प्रदोष व्रत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। प्रदोष व्रत का दिन बहुत खास होता है। इसलिए इस दिन सबसे पहले जल्दी उठें और स्नान करें। नहाने के बाद स्वच्छ वस्त्र पहनें। इसके बाद भगवान शिव को ध्यान करके हाथों में जल और पुष्प लेकर भौम प्रदोष या मंगल प्रदोष व्रत का संकल्प लें। साथ ही भगवान शिव की दैनिक पूजा करें। प्रदोष व्रत के दिन मन में बुरे ख्याल न लाएं। उस दिन दिन में फलाहार करते हुए भगवान शिव का भजन-कीर्तन करें। मंगल प्रदोष में शाम को पूजा करना अनिवार्य है इसके लिए प्रदोष काल की पूजा के लिए स्नान आदि से निवृत्त होकर साफ कपड़े पहनें। अब प्रदोष पूजा मुहूर्त में भगवान शिव की विधि पूर्वक पूजा करें। मंगल प्रदोष के दिन पूजा प्रारम्भ करने से पहले पूजा स्थान पर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके आसन ग्रहण करें। फिर पूजा के लिए भगवान शिव की तस्वीर या प्रतिमा एक चौकी पर स्थापित कर दें। अब गंगा जल से भगवान शिव का अभिषेक करें। उनको भांग, धतूरा, सफ़ेद चंदन, फल, फूल, अक्षत, गाय का दूध, धूप आदि चढ़ाएं। साथ में यह याद रखें कि भूलकर भी सिंदूर और तुलसी का पत्ता शिवजी को अर्पित न करें। ऐसा करने से भगवान नाराज हो सकते हैं। पूजा के दौरान पूजा सामग्री उनको अर्पित करते समय ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।

## पर्यटन




# पर्यटकों को आकर्षित करते हैं भारत के खास संग्रहालय

संग्रहालय हमारी सभ्यता और संस्कृति के संवाहक हैं। पर्यटन को पुष्ट करने में इनका महत्वपूर्ण स्थान हैं। भारतीय पर्यटकों के साथ पूरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों को हमारे देश की काल संस्कृति की जानकारी देकर न केवल उनका मनोरंजन करते हैं वरण ज्ञानवर्धन भी करते है। प्रदर्शित सामग्री को देख कर आश्चर्यचकित भी हो जाते हैं। भारत में यूं तो प्रायः सभी प्रमुख जगह संग्रहालय स्थापित हैं परन्तु यहां देश के चुनिंदा प्रसिद्ध संग्रहालयों की जानकारी आपको दे रहे हैं। हैदराबाद शहर में स्थित सालारजंग संग्रहालय सम्भवतः देश के सबसे विख्यात संग्रहालयों में है। यहां 1.1 मिलियन कलाकृतियों एवं कला खंडों का संग्रह इसे विशद एवं भव्य बनाता है। संग्रहालय की 36 दीर्घाओं में 43 हज़ार से अधिक कलाकृतियां, 9 हज़ार पांडुलिपियां एवं 47 हज़ार मुद्रित पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। कलाकृतियां अपने आप में बेजोड़ हैं। यहां के सर्वश्रेष्ठ संग्रह में से एक घड़ी कक्ष है। ऐतिहासिक समय वाली दुनिया भर की घड़ियों और समय देख-रेख उपकरणों की एक गैलरी है। इनमें 19वीं सदी की एक संगीतमय घड़ी को इंग्लैंड से लाया गया था। यहां रोम, इटली आदि देशों की कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गई हैं। कुरान संग्रह यहां भी प्रभावशाली है। मुगल काल की प्राचीन वस्तुएं जैसे औरंगजेब के खंजर, टीपू सुल्तान की अलमारी, मुगल काल की पत्थर की मूर्तियाँ, कलाकृति, और राजा रवि वर्मा की चित्रकारी को जरुर देखें, जो सालार जंग के अद्‌भुत संग्रह का एक हिस्सा हैं। यह संग्रहालय 16 दिसंबर 1951 में नवाब मीर यूसुफ खान के महल में स्थापित किया गया था। हैदराबाद में इस संग्रहालय के साथ-साथ सिटी म्यूजियम, राज्य पुरातत्व संग्रहालय, बिड़ला विज्ञान संग्रहालय तथा हैदराबाद से 80 किलोमीटर दूर सुरेन्द्रपुरी का पौराणिक संग्रहालय भी दर्शनीय हैं। ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक कृतियों के प्रदर्शन के साथ दिल्ली का राष्ट्रीय पुरातत्व संग्रहालय राष्ट्रीय पहचान बनाता है। जनपथ पर स्थित तीन मंजिले वर्तमान संग्रहालय की स्थापना वर्ष 1949 में की गई तथा इसका अपना भवन का वर्ष 1960 में बनकर तैयार हुआ और इसे जनता के खोला गया।

# तीर्थ की मर्यादा और प्रशासन की संवेदना, महादेवा में जागी परिवर्तन की आस : महंत बीपी दास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में तीर्थ स्थलों की पवित्रता बनाए रखने हेतु उनके समीप मदिरा बिक्री पर शासन द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बाराबंकी जनपद के देवा शरीफ श्रीकोटवाधाम व कुंतीश्वर महादेव जैसे प्रमुख तीर्थ स्थल इस नीति के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जहाँ आबकारी विभाग ने न कोई लाइसेंस जारी किया, न ही दुकान खुलने दी। तत्कालीन सरकार के आबकारी मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा समीक्षा किया करते थे। किंतु खेद का विषय है कि जनपद का ही प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध शिवधाम 'लोधेश्वर महादेवा' आज भी इस नियम का अपवाद बना हुआ है। वर्षों से मंदिर के निकट संचालित शराब की दुकान न केवल शासनादेश की अवहेलना है, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था को भी ठेस पहुँचाती है।

**मेला समिति की बैठक में गूंजा जन-स्वर :** बीते सप्ताह अधिकमास मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। उपस्थित सदस्यों ने आबकारी अधिकारी के समक्ष आग्रह किया कि मेले की शुचिता और शांति व्यवस्था हेतु कम से कम रविवार की रात्रि को ही दुकान बंद रखी जाए,पर आबकारी अधिकारी द्वारा बंदी अनुरोध को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया।

**जिलाधिकारी की सजगता बनी उम्मीद की किरण :** इस प्रकरण में नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। बैठक के दौरान जब यह विषय उनके संज्ञान में आया, तो वे कुछ क्षणों के लिए गहन चिंतन में डूब गए।



उनके माथे पर उभरी चिंता की रेखाएँ और मौन विचार-मग्नता स्वयं बता रही थी कि वे तीर्थ की मर्यादा के प्रति कितने संवेदनशील हैं। जिलाधीश ईशान प्रताप सिंह की सादगी, प्रशासनिक दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा जनपद में पहले से ही चर्चित है। उनका यह विचारमग्न होना कोई साधारण क्षण नहीं था, अपितु एक जिम्मेदार प्रशासक का अपनी अंतरात्मा से संवाद था। जनमत ने उनके चेहरे पर उभरे भावों को पढ़ लिया है। इसलिए अब एक सार्थक परिवर्तन की उम्मीद बँध गई है। लोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा न्यास वर्षों से इस विसंगति पर आपत्ति जताता रहा है, वर्ष 2013, 16 व वर्ष 2018 में मेला दौरान कई कई लोग असम में मृत्यु का आखेट बने। उपन्यास के महंत बीपी दास द्वारा प्रशासनिक तंत्र के खिलाफ उच्च न्यायालय का ध्यान आकर्षित कराया गया। मृतकों को मुआवजा अभी तक नहीं मिला। तात्पर्य प्रशासनिक उदासीनता के कारण समाधान नहीं निकला। किंतु अब जब जिले की कमान एक संवेदनशील, दूरदर्शी और धर्म-मर्यादा का सम्मान करने वाले अधिकारी के हाथों में है, तो विश्वास है कि महादेवा की पावन धरती शीघ्र ही इस कलंक से मुक्त होगी।

### जन विश्वास अंकुरित

तीर्थ स्थल हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। उनकी पवित्रता की रक्षा करना केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है। जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह जैसे अधिकारियों की गहरी सोच और त्वरित निर्णय क्षमता ही व्यवस्था में विश्वास जगाती है। महादेवा के श्रद्धालुओं को अब पूर्ण विश्वास है कि उनकी आस्था का सम्मान होगा और धर्मस्थल की गरिमा अक्षुण्ण रहेगी।

## किदूरी गांव में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण



सिरौली गौसपुर बराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किठूरी गांव में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया। लगभग नौ लाख रुपये की लागत से बने इस भवन में राशन भंडारण की बेहतर व्यवस्था होगी। मंत्री ने राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर, घायल व्यक्ति की मौत

**बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोहारी गांव के पास सोमवार शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घायल देशराज सिंह (48) की लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि कछुवाहनपुरवा निवासी देशराज सिंह अपनी बहू और पोते के साथ फतेहपुर से दवा लेकर बाइक से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी बहू भी घायल हुई है। परिजनों ने पीताम्बर ईंट भट्ठा की ट्रैक्टर-ट्रॉली से दुर्घटना होने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शनिवार सुबह बिंदौरा चौराहे के पास सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी 72 वर्षीय अब्दुल अली उर्फ मुन्ना अपनी एक्सएल बाइक से रामनगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आए ऑटो (यूपी 41 सीटी 4623) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को डायल 112 की मदद से सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

### पुरुषोत्तम मास कर से महादेवा में युद्धस्तर पर तैयारियां

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार से शुरू हो रहे पुरुषोत्तम मास को लेकर लोधेश्वर महादेवा धाम में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिला व तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मेला व्यवस्था में जुटे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क किनारे बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और अभरण तालाब की सफाई का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। लोधेश्वर महादेवा से केसरीपुर तक रोशनी की व्यवस्था की गई है, जबकि मोहनिया नाले की भी सफाई कराई गई है। हालांकि अभरण तालाब में पानी की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब में पानी न भरने से गर्मी में जीव-जंतु प्रभावित होंगे और श्रद्धालुओं के स्नान से पानी दूषित होने की आशंका रहेगी। 17 मई से 15 जून तक चलने वाले पुरुषोत्तम मास में बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक और परिक्रमा के लिए पहुंचेंगे। कई श्रद्धालु दंडवत परिक्रमा करते हुए श्री लोधेश्वर महादेवा धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप का अवसर

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा विधि के छात्र-छात्राओं के लिए 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश एवं माननीय जनपद न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में संचालित किया जा रहा है। इंटर्नशिप में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई 2026 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायिक व्यवस्था एवं विधिक सेवाओं की कार्यप्रणाली से व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### तनुज ने किया स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सांसद तनुज पुनिया ने कस्बा टिकैतगंज स्थित मेडोप्लस क्लिनिक के प्रथम स्थापना दिवस पर वार्षिक पारिवारिक स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने क्लिनिक में उपलब्ध आधुनिक एक्स-रे, ईसीजी, डेंटल व डे-केयर सुविधाओं का निरीक्षण कर कम शुल्क में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास की सराहना की।स्कीम के तहत 999 रु वार्षिक शुल्क पर एक परिवार के आठ सदस्य पूरे वर्ष चिकित्सकों से असीमित परामर्श ले सकेंगे। साथ ही पैथोलॉजी जांच, दवाइयों और उपचारों पर विशेष छूट भी मिलेगी। इस दौरान क्षेत्रीय कोई तीन दर्जन से अधिक प्रधानों ने भी क्लिनिक का भ्रमण कर सेवाओं की जानकारी ली साथ ही कई प्रधानों ने सदस्यता भी ग्रहण की।

### वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने की बरगद पूजा

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निंदूरा क्षेत्र के टिकैतगंज, कुर्सी, बाबागंज सहित आसपास गांवों में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधा और व्रत कथा का श्रवण किया।

### ग्राम विकास योजना पर खुली बैठक में उठे कई मुद्दे

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के रामपुर भवानीपुर गांव में ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर खुली बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई, शौचालय और शिक्षा व्यवस्था जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों से विकास कार्यों के लिए सुझाव मांगे।

### सरयू नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**सूरतगंज बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में सरयू नदी में नहाने के दौरान डूबे सीतापुर निवासी मुकेश पासी का शव शनिवार सुबह गोताखोरों ने बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक निर्माण कार्य के दौरान साथियों के साथ नदी में नहाने गया था।

### प्रधान संघ ने कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पंचायत चुनाव तक मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। प्रधानों ने कहा कि प्रशासक नियुक्त होने से विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

### 18 मई को भाकियू का धरना प्रदर्शन

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट की आपात बैठक जिला कार्यालय गनौरा में जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 18 मई को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि कई बार मांग पत्र देने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मुस्तफाबाद देसी में चक परिवर्तन, जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पानी सप्लाई शुरू कराने तथा जिला अस्पताल में हार्ट विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि 18 मई को किसान गन्ना संस्थान में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री कार्यालय के घेराव के लिए रवाना होंगे। बैठक में अरविंद यादव, फूलचंद यादव, शिव मोहन वर्मा, अन्नू सिंह, सलमा बानो सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना,आवेदन की तिथि बढ़ी, 30 मई तक करें आवेदन

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश सरकार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभावान एवं मेहनती छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद मुख्यालय पर निःशुल्क ऑफलाइन कोचिंग संचालित की जा रही है। यह कोचिंग राजकीय जिला पुस्तकालय एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाराबंकी में संचालित है।

## श्रद्धा के साथ मनाई गई शनिदेव जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बराबंकी। टिकैतगंज स्थित शनि देव मंदिर में शनिदेव जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर तेल अर्पित किया और परिवार की सुख-शांति की कामना की। मंदिर परिसर जय शनिदेव के जयकारों से गूंजता रहा।

### दो बाल वैज्ञानिक और शिक्षक सम्मानित

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय जागरण मंच और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा बाल वैज्ञानिक पूजा पाल और मान्या श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। उनके शिक्षक राजीव श्रीवास्तव को भी नवाचार कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

## दो माह से लंबित मानदेय को लेकर एनएचएम संविदा कर्मचारियों का विरोध तेज

### 21 मई से कार्य बहिष्कार की चेतावनी

बाराबंकी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों ने लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार को जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (पंजीकृत) के प्रांतीय अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह के आह्वान एवं जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया।

कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर ड्यूटी करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया। संघ के जिला महामंत्री डॉ. रईस खान एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेन्द्र भारती ने बताया कि मार्च और अप्रैल 2026 का मानदेय अभी तक नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बच्चों के नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के बावजूद कर्मचारी फीस, किताबें और परिवार की दैनिक जरूरतें पूरी करने में असमर्थ हैं, जिससे उनमें भारी नाराजगी है।

प्रदर्शन में संविदा चिकित्सक, एएनएम, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, सीएचओ, पैरामेडिकल स्टाफ, बीपीएम, बीसीपीएम और प्रबंधन से जुड़े अन्य संविदा कर्मचारी शामिल रहे। कर्मचारियों ने शासन और विभागीय अधिकारियों से लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान कराने की मांग की।

संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि 19 और 20 मई को भी विरोध कार्यक्रम जारी रहेगा। यदि 20 मई तक भुगतान नहीं हुआ तो 21 मई 2026 से प्रदेशभर के एनएचएम संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। हालांकि जनहित को देखते हुए इमरजेंसी सेवाएं सुचारु रूप से संचालित रखने की बात भी कही गई है।

### पुलिस ने लापता महिला को परिजनों से मिलाया

मसौली बाराबंकी। थाना मसौली पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए लावारिस हालत में मिली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के निर्देशन में मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने महिला की पहचान डिम्पी (37) निवासी कोडरमा, झारखंड के रूप में की। पुलिस ने दूरभाष के जरिए परिजनों से संपर्क कर सत्यापन के बाद महिला को उसके रिश्तेदारों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस की मानवीय पहल की सराहना की।

### नौ सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू का धरना जारी

सिद्धौर बाराबंकी। पूरे सारी मजरे बिबियापुर घाट पंचायत भवन पर भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं का धरना लगातार जारी है। भाकियू नेताओं का कहना है कि 8 मई से शुरू हुए धरने में अब तक केवल नाली निर्माण कार्य शुरू कराया गया है, जबकि बाकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ब्लॉक अध्यक्ष राममदन रावत ने चेतावनी दी कि सभी समस्याओं के समाधान तक धरना जारी रहेगा।

## मेधावियों का सम्मान, सपनों को मिली उड़ान, गोवर्धन ने बांटी साइकिल, टैबलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। फतेहपुर क्षेत्र में शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से गोवर्धन आशा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह प्रेरणा और उत्साह का केंद्र बन गया। समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा रहे, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह उपस्थित रहे। फतेहपुर एसडीएम कार्तिकेय सिंह एवं क्षेत्राधिकारी जगत राम कनौजिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

समारोह में दो विद्यार्थियों को टैबलेट, 36 मेधावियों को साइकिल तथा करीब 200 विद्यार्थियों को दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और पत्रकारों को भी सम्मान देकर उनके योगदान की सराहना की गई।

राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा की छात्रा हिमांशी ने कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान की गई। वहीं आदर्श को द्वितीय तथा शतीश को तृतीय स्थान पर आने पर दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा 10 में अमित कुमार, सुमित कुमार और नाजरीन को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन आशा फाउंडेशन के संस्थापक विपुल नंदा ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। समारोह में विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

## तालाब की जमीन पर पेड़ कटान, कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । थाना कोठी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरसा मजरे ककरहा गांव में तालाब की भूमि पर लगे वर्षों पुराने शीशम और नीम के पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। शिकायत के बावजूद आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने मामले की दोबारा शिकायत एसडीएम हैदरगढ़ से की है, जिस पर एसडीएम ने कोठी पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रोनू सिंह ने बताया कि बीती 10 मई की रात गांव निवासी पवन सिंह पुत्र इंद्र बहादुर सिंह एवं नवाब सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह द्वारा तालाब की भूमि गाटा संख्या 171 पर खड़े दो शीशम और दो नीम के कीमती पेड़ों को अवैध रूप से कटवाकर गायब कर दिया गया। मामले की शिकायत वन विभाग, कोठी पुलिस और एसडीएम हैदरगढ़ से की गई थी।

एसडीएम के निर्देश पर गांव पहुंचे लेखपाल नीरज पांडे ने जांच के दौरान तालाब की भूमि पर पेड़ कटान की पुष्टि की। उन्होंने कोठी पुलिस को लिखित रिपोर्ट सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग भी की, लेकिन इसके बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। कार्रवाई न होने से नाराज ग्राम प्रधान रामू एवं प्रधान प्रतिनिधि रोनू सिंह मंगलवार को पुनः एसडीएम राजेश विश्वकर्मा से मिले और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने कोठी पुलिस को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रधान प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस ने उन्हें दोबारा शिकायती पत्र देने के लिए बुलाया है।

एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद लेखपाल से जांच कराई गई थी, जिसमें पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस द्वारा अब तक मुकदमा दर्ज न किए जाने पर दोबारा कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ।

## डीएम ने उप निबन्धक कार्यालय नवाबगंज सदर का किया औचक निरीक्षण

### कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों की संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) निरंकार सिंह के साथ उप निबन्धक कार्यालय, नवाबगंज सदर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर से मिलान कर उपस्थिति की जांच की तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति रजिस्ट्री कार्यालय में कार्य करता हुआ पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं अनुशासन बनाए रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आज हुए रजिस्ट्रेशन की संख्या, कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव तथा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक काउंटर पर पहुंचकर कार्यों की प्रगति एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यालय में अनावश्यक भीड़ एवं अव्यवस्था न होने पाए।

जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं कार्यों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कार्यालय में कोई बाहरी व्यक्ति कार्य करता मिला तो संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन को समयबद्ध, पारदर्शी और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली से बेहाल लोग

निंदूरा बाराबंकी। क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी के बीच दिन-रात बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रात में बिजली गायब होने से लोगों की नींद उड़ गई है, जबकि पंखे और कूलर बंद होने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक घंटे में कई बार बिजली आती-जाती रहती है और कई बार दो से तीन घंटे तक आपूर्ति पूरी तरह ठप रहती है। लगातार ट्रिपिंग से विद्युत उपकरण खराब होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। कुर्सी निवासी गोपी मौर्या ने बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं निंदूरा, टिकरा और खरिहानी गांव के सचिन कुमार, राधेश्याम सिंह, अनूप राय और संत यादव ने कहा कि सोमवार रातभर बिजली की आवाजाही जारी रही, जिससे लोग ठीक से सो भी नहीं सके। मंगलवार को भदरास फीडर से जुड़े गांवों में सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

# राजनाथ सिंह ने हनोई में वियतनाम के उप-प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री जनरल फान के साथ की वार्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। वियतनाम की यात्रा पर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वहां के उप-प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से हनोई में द्विपक्षीय वार्ता की और इस दौरान दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

रक्षा मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी की समीक्षा की और समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण एवं क्षेत्रीय स्थिरता में सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा, साइबर सुरक्षा और उच्च स्तरीय आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यास और आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों के रक्षा बलों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। यह प्रयोगशाला भारतीय सहायता से स्थापित की गई है। रक्षा मंत्री ने न्हा ट्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की भी घोषणा की। श्री सिंह की इस यात्रा में भारत के मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस इंजीनियरिंग और वियतनाम की टेली कम्युनिकेशंस यूनिवर्सिटी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया, जो दोनों देशों के बीच उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण अध्याय को चिह्नित करता है। रक्षा मंत्री श्री सिंह ने वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के ढांचे के अंतर्गत वियतनाम के रक्षा आधुनिकीकरण और क्षमता संवर्धन पहलों का समर्थन करने के भारत के संकल्प को भी दोहराया। जनरल फान वान जियांग ने भारत के निरंतर समर्थन की सराहना की और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता और बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर बल दिया। जनरल फान के साथ बातचीत के बाद श्री सिंह ने वियतनाम के महासचिव और राष्ट्रपति तो लाम से फोन पर बातचीत की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री तो से बातचीत में श्री सिंह ने रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, समुद्री सहयोग, संपर्क, डिजिटल परिवर्तन और जन-समुदायों के बीच आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# राधाकृष्णन, मोदी, गडकरी, धामी ने खंडूरी के निधन पर जताया शोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी का मंगलवार को लम्बी बीमारी के बाद देहरादून में निधन हो गया। उनके निधन से राजनीतिक, सैन्य और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर है। श्री राधाकृष्णन ने अपने शोक संदेश में कहा कि मेजर जनरल खंडूरी के निधन से देश ने एक विशिष्ट सैनिक, सक्षम प्रशासक और असाधारण सत्यनिष्ठा वाले राजनेता को खो दिया है। उन्होंने कहा कि स्वर्ण चतुर्भुज और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम के माध्यम से भारत की सड़क अवसंरचना को रूपांतरित करने में खंडूरी का दूरदर्शी योगदान देश के विकास पथ में एक मील का पत्थर बना रहेगा। उपराष्ट्रपति ने देहरादून यात्रा के दौरान दिवंगत नेता से हुई अपनी हाल की मुलाकात को याद करते हुए लोकसभा में पूर्व सहकर्मी के रूप में उनके साथ बिताए समय को भी स्मरण किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार, असंख्य प्रशंसकों और उत्तराखंड के लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सशस्त्र बलों से लेकर राजनीतिक जगत तक विभिन्न क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया है, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में खंडूरी उत्तराखंड के विकास के लिए हमेशा समर्पित रहे और केंद्रीय मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रेरणादायक रहा। उन्होंने देशभर में संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए खंडूरी के अथक प्रयासों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी (सेवानिवृत्त) के निधन से उन्हें अत्यंत दुख हुआ है तथा उन्होंने देश और उत्तराखंड के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया।

श्री गडकरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में खंडूरी ने उत्तराखंड के विकास की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में रहते हुए उन्होंने देश में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की और इस क्षेत्र में स्थायी योगदान दिया। गडकरी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी संगठन को भी मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# तेल उत्पादन बढ़ाने में विफल रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने तेल आपूर्ति तथा तेल उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं जिसके कारण देश में तेल का संकट बढ़ गया है और इसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड़ रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने ईंधन उत्पादन को लेकर देश की जनता से जो वायदा किया था उसे पूरा करने में विफल रहे हैं और इसको लेकर उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए।

उन्होंने श्री मोदी पर आरोप लगाया कि वह जो कहते हैं, करते नहीं हैं। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने लोगों को विदेश यात्रा नहीं करने और पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने की सलाह दी लेकिन इसके कुछ ही समय बाद खुद विदेश यात्रा पर चले गये। उन्होंने देश में तेल उत्पादन बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन आवश्यक कदम नहीं उठाए। डालर के मुकाबले लगातार कमजोर होते रुपए की कीमत रोकने की बात करते रहे लेकिन रुपए की घटती कीमत रोकने में असफल रहे। श्री गोहिल ने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशों से सम्मान लेकर खुद को महान साबित करना चाहते हैं, लेकिन महान बनने के लिए तपस्या की जरूरत होती है। उन्होंने इस संबंध में महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बार एक महिला अपने बेटे को लेकर गांधी जी के पास गई और उससे गुड़ छोड़ने के लिए कहने का आग्रह किया। गांधी जी ने एक सप्ताह बाद आने को कहा और तब स्वयं गुड़ छोड़ने के बाद बच्चे को ऐसा करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि कोई व्यक्ति ऐसे ही महात्मा नहीं बन जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी तरफ श्री मोदी गुजरात में रैलियां कर लोगों को पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने, विदेश यात्रा से बचने और बस से यात्रा करने की सलाह देते हैं, लेकिन कुछ घंटों बाद ही स्वयं विदेश दौरे पर निकल जाते हैं। उन्होंने कहा कि इससे प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर साफ दिखाई देता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी जिन जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते रहते हैं, उन्हीं ने देश को पेट्रोल-डीजल और गैस के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि 1955 में ऑयल एंड नेचुरल गैस निदेशालय की शुरुआत की गई और 14 अगस्त 1956 को ऑयल एंड नेचुरल गैस कमीशन (ओएनजीसी) का गठन किया गया। उन्होंने दावा किया कि देश में घरेलू पेट्रोल-डीजल और गैस उत्पादन का बड़ा हिस्सा ओएनजीसी से आता है तथा आगे चलकर इसे आत्मनिर्भर बनाया गया। श्री गोहिल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने देश की तीन प्रमुख तेल फील्डों, जहां से घरेलू पेट्रोल, डीजल और गैस का बड़ा हिस्सा मिलता है, वहां वैज्ञानिक मानकों के अनुसार किए जाने वाले वाटर इंजेक्शन में भारी कमी कर दी। उन्होंने दावा किया कि मुंबई हाई में 53 प्रतिशत, नीलम में 42 प्रतिशत और हीरा फील्ड में 78 प्रतिशत तक पानी का इंजेक्शन कम हुआ, जिससे एक वर्ष में 3.690 एमएमटी का नुकसान हुआ। उनका कहना था कि तेल कुओं की उत्पादकता बनाए रखने के लिए केमिकली ट्रीटेड पानी का इंजेक्शन किया जाता है और इसके लिए वैज्ञानिक मात्रा तय होती है। यह पानी समुद्र से लेकर फिल्टराइजेशन और क्लोरीनाइजेशन प्रक्रिया के बाद उपयोग में लाया जाता है। इस बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था का ढांचा बदला है, वह आने वाले आर्थिक तूफान में टिक नहीं पाएगा। इसका खामियाजा देश के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा।

# देश के कृषि विकास का ग्रोथ का इंजन बन सकता पूर्वी भारत : शिवराज

एजेंसी

भुवनेश्वर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत के पूर्वी राज्य की उर्वरा भूमि, जल की उपलब्धता, किसानों की मेहनत और परिश्रम, मिट्टी के विविध प्रकार और जलवायु सचमुच अद्भुत हैं। यदि सही दिशा में थोड़े और प्रयास किए जाएं, तो पूर्वी भारत देश के कृषि विकास का ग्रोथ का इंजन बन सकता है।

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में मंगलवार को 'पूर्वांचल क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन-2026' का आयोजन किया गया, जिसमें ओडिशा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल सहित पूर्वी भारत के पांच राज्यों के कृषि विकास एवं किसानों के कल्याण के लिए व्यापक रोडमैप तैयार करने पर चर्चा हुई। सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों ने भाग लिया। सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के कृषि विकास और किसानों की सराहना करते हुए कहा कि ओडिशा ने धान खरीद के क्षेत्र में इस वर्ष उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए किसानों से अपनी कम-से-कम 20 प्रतिशत कृषि भूमि पर प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है। नकली खाद और कीटनाशक कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए उन्होंने बताया कि किसानों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार नया 'पेस्टिसाइड एक्ट' लाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अपने संबोधन में मिट्टी संरक्षण और जैविक खेती को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए कहा कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी विषाक्त होती जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि श्रीजगन्नाथ मंदिर के महाप्रसाद में अब ओडिशा के जैविक चावल का उपयोग किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर पारंपरिक और विलुप्त होती खाद्य फसलों के पुनर्जीवन के लिए विशेष पहल कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को दोहराते हुए किसानों से रासायनिक खाद के उपयोग को कम करने की अपील की।

## हाईवे का निरीक्षण कर गडकरी बोले 'एनसीआर को मिलेगी रफ्तार, जेवर एयरपोर्ट तक होगी कनेक्टिविटी'

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में कनेक्टिविटी को मजबूत करने और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर) तक निर्बाध संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की जा रही डीएनडी-फरीदाबाद-सोहना एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना का निरीक्षण किया और कहा कि इसके पूरा होने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यातायात को रफ्तार मिलेगी तथा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। श्री गडकरी ने निरीक्षण के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 59.063 किमी लंबे इस हाई-स्पीड छह लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर से दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोहना के बीच संपर्क बेहतर होगा तथा यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत विकसित हो रहे इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 4,463 करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आधुनिक परिवहन अवसंरचना को नया आयाम देगी और दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर में आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें 140 मीटर लंबा 'नेटवर्क आर्क ब्रिज' प्रीकास्ट सेग्मेंटल निर्माण तकनीक, उच्च-शक्ति वाला ई-450 स्टील, ध्वनि अवरोधक, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण-अनुकूल निर्माण पद्धतियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे के साथ बेहतर संपर्क स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर) तक तेज और सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए 31.425 किमी लंबे एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट पर भी कार्य किया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 2,360 करोड़ रुपये है। यह परियोजना हरियाणा के चंदावली गांव से उत्तर प्रदेश के दयानापुर तक विकसित की जा रही है। इसके पूरा होने पर दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद तथा गुरुग्राम से नोएडा एयरपोर्ट तक सीधा संपर्क स्थापित होगा, जबकि उत्तरी भारत से आने वाला यातायात ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे के जरिये एयरपोर्ट तक पहुंचेगा, जिससे दिल्ली में यातायात दबाव कम होगा। श्री गडकरी के साथ इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा, हर्ष मल्होत्रा, कृष्णपाल गुर्जर, दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, हरियाणा के लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी तथा पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी भी मौजूद रहे।

## जल सुरक्षा 'विकसित भारत 2047' का केंद्र बिंदु : पाटिल

नयी दिल्ली। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा है कि जल सुरक्षा भारत के विकास पथ का केंद्र बिंदु है और 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में यह एक प्रमुख स्तंभ है। श्री पाटिल ने मंगलवार को असम के गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र बोर्ड के उच्चाधिकार प्राप्त समीक्षा बोर्ड (एचपीआरबी) की 14वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सतत जल प्रबंधन के लिए न केवल बुनियादी ढांचा, बल्कि सुदृढ़ शासन प्रणाली, ठोस नीतियां, मजबूत संस्थाएं, तकनीकी नवाचार और सामुदायिक भागीदारी भी आवश्यक है। बैठक में केंद्रीय मंत्री सरबानंद सोनोवाल, केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, केंद्र सरकार तथा पूर्वोत्तर राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और हितधारकों ने नदी बेसिन प्रबंधन पहलों की प्रगति की समीक्षा तथा ब्रह्मपुत्र बोर्ड की भावी रूपरेखा पर गहन विचार-विमर्श किया। समीक्षा बैठक में ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा नदी बेसिन प्रबंधन, मास्टरप्लान तैयार करने, बाढ़ और कटाव प्रबंधन, जलसंभर पुनर्जीवन, डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण तथा संस्थागत सुधारों के क्षेत्रों में की गई प्रगति की समीक्षा की गई। उच्चाधिकार प्राप्त समीक्षा बोर्ड ने पिछले दो वर्षों में एकीकृत नदी बेसिन योजना को मजबूत करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा पश्चिम बंगाल में तकनीकी सहायता गतिविधियों का विस्तार करने में बोर्ड की प्रगति की सराहना की।

# पेज एक का शेष

### खतरनाक या...

भीतर फैसले लिए जाएं। न्यायालय ने राज्यों को अस्पतालों में एंटी-रेबीज दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को निर्देश दिया गया है कि वह राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा जानवरों की समस्या से निपटने के लिए एक विशेष निगरानी और समन्वय तंत्र बनाए। एक बड़े निर्देश में न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों से कहा है कि वे इस फैसले और पुराने निर्देशों के पालन पर नजर रखने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही दर्ज करें। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को सात अगस्त 2026 तक संबंधित उच्च न्यायालय के सामने अपनी अनुपालन रिपोर्ट पेश करनी होगी। आवारा कुत्तों के प्रबंधन का यह मुद्दा तब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया था, जब उच्चतम न्यायालय ने पहले दिल्ली नगर निगम को आवारा कुत्तों को पकड़ने और शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया था। उस समय पशु अधिकार संगठनों ने इसका विरोध किया था। बाद में तीन न्यायाधीशों की इसी पीठ ने उस आदेश को बदला और पूरा ध्यान नसबंदी, टीकाकरण और नियमों के तहत उन्हें वापस छोड़ने पर केंद्रित किया। इससे पहले सात नवंबर 2025 को भी न्यायालय ने राजमार्गों, स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थागत परिसरों से आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया था। साथ ही बच्चों और मरीजों को हमलों से बचाने के लिए स्कूल-अस्पतालों में बाड़ लगाने का आदेश दिया था। इन निर्देशों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया।

### ऑपरेशन सिंदूर...

ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा और तरक्की के बीच का अंतर अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा, ''सुरक्षा अब कोई ऐसा खर्च नहीं है जिसे तरक्की को बोझ समझकर उठाना पड़े। यह तरक्की की यात्रा शुरू होने की पहली अनिवार्य शर्त है। एक रणनीतिक ढांचे के रूप में 'स्मार्ट पावर' की अपनी सोच को समझाते हुए, थल सेना प्रमुख ने पांच स्तंभों का विस्तार से वर्णन किया: शासन कला, देश में मजबूत विनिर्माण, तेजी से नवाचार, लचीलापन और तकनीक में सर्वोच्चता। शासन कला पर उन्होंने कहा, ''एक ही राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए पूरे देश को मिलकर काम करने की जरूरत है। रणनीतिक स्वतंत्रता का मतलब अलग-थलग पड़ना या कटना नहीं है बल्कि मिलकर आगे बढ़ना और सभी के साथ जुड़ने की आजादी है। एक मजबूत रक्षा औद्योगिक तंत्र की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए जनरल द्विवेदी ने चेतावनी दी, ल्लएक देश जो अपनी जरूरत का सामान नहीं बना सकता, वह अंततः यह तय करने की क्षमता भी खो देता है कि उसे क्या चाहिए।ङ्क उन्होंने कहा कि भारतीय सेना आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत खर्च का 83 प्रतिशत, 91 प्रतिशत गोला-बारूद और 97 प्रतिशत विशेष कपड़े अब आत्मनिर्भरता के तहत देश के भीतर से ही आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास पुर्जों से लेकर उच्च तकनीक वाले तैयार उत्पादों तक, जिसमें निर्यात भी शामिल है, एक मजबूत तंत्र बनाने में मदद कर रहा है। उभरी हुई तकनीकों में नवाचार को वक्त की जरूरत बताते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा, ल्लप्रयोगशाला से युद्ध के मैदान तक का समय अब दशकों से घटकर महीनों का रह गया है।ङ्क उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर, क्वांटम प्रणालियों, स्वायत्त मंचों, अंतरिक्ष और उन्नत सामग्रियों में बड़े पैमाने पर असर दिखाने की आवश्यकता पर बल दिया। लचीलेपन पर सेना प्रमुख ने आगाह किया कि आज सबसे बड़ी कमजोरी विदेशी आपूर्ति शृंखला, महत्वपूर्ण खनिजों और डिजिटल बुनियादी ढांचे पर निर्भरता है। उन्होंने कहा, ''लचीलेपन की क्षमता का मतलब उन निर्भरताओं को व्यवस्थित रूप से समाप्त करना है। तकनीकी नेतृत्व पर उन्होंने कहा, ''जो कोई भी अगले दशक में तकनीकी ढांचे की कमान संभालेगा, वही संघर्ष के नतीजों को तय करेगा। पीछे चलने वाला कीमत चुकाता है, आगे रहने वाला शर्तें तय करता है। छह और सात मई 2025 की मध्यरात्रि को चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का संदर्भ देते हुए, जनरल द्विवेदी ने इसे स्मार्ट पावर के क्रियान्वयन के एक उदाहरण के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा, ''सटीक रूप से तय किये गये 22 मिनट के समय में, ऑपरेशन सिंदूर ने सैन्य सटीकता, सूचना नियंत्रण, कूटनीतिक संकेत और आर्थिक संकल्प को एक एकजुट राष्ट्रीय कार्य के रूप में पेश किया। इजरायल की पूर्व प्रधानमंत्री गोल्डा मीर की बात को दोहराते हुए सेना प्रमुख ने निष्कर्ष निकाला, ''शांति ताकत की अनुपस्थिति नहीं है। शांति क्षमता, आत्मविश्वास और पक्के संकल्प की मौजूदगी है।

### पेट्रोल 87 पैसे,...

लॉजिस्टिक्स लागत में अंतर के कारण कीमत वृद्धि में कुछ अंतर होता है। पेट्रोल-डीजल के दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह बढ़ाये गये थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित होने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव है। हालांकि उन्होंने मार्च और अप्रैल में कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी। भारतीय बास्केट में अप्रैल में कच्चे तेल की औसत कीमत 114.48 डॉलर प्रति बैरल रही थी जो मई में घटकर 18 मई तक औसतन 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गयी है।

### अमेरिका ने भारत के...

मरम्मत, ट्रेनिंग और तकनीकी मदद शामिल है, और इसकी मुख्य जिम्मेदारी ब्रिटेन की बीएई सिस्टम्स कंपनी की होगी। इस पूरे सहयोग से भारत की मौजूदा और भविष्य के खतरों से निपटने तथा अपने देश की सीमाओं की रक्षा करने की क्षमता काफी बढ़ जाएगी। चूंकि भारतीय सेना इन हथियारों का इस्तेमाल पहले से कर रही है, इसलिए इस नई तकनीकी सहायता और सामान को अपनाने में उसे कोई परेशानी नहीं होगी। अमेरिका का यह भी मानना है कि इस रक्षा समझौते से इस पूरे इलाके के बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा।

### टीएमसी के 'पुष्पा' ...

फैसले ने राजनीतिक गलियारों में कई तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है। इसे डायमंड हार्बर क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ते दबाव और संगठनात्मक दरार के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यह क्षेत्र पिछले डेढ़ दशक से पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। राजनीतिक विरोधियों ने इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि जहांगीर ''डरकर मैदान छोड़कर भाग गए।'' उन्होंने तृणमूल नेतृत्व की चुप्पी पर भी सवाल उठाया, जो अब तक डायमंड हार्बर मॉडल को राजनीतिक रूप से अजेय बताता रहा है। यह पुनर्मतदान हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान कई बूथों पर बूथ कब्जाने और बड़े पैमाने पर चुनावी अनियमितताओं के आरोपों के बाद कराया जा रहा है। विपक्षी दलों की शिकायतों पर चुनाव आयोग ने मामले की समीक्षा कर पुनर्मतदान का आदेश दिया था। दूसरी ओर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिवालय सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने भी तंज कसते हुए कहा, ''ये लोग आक्रामक और अहंकारी भाषा बोलते हैं, लेकिन डर के कारण मैदान छोड़ देते हैं। वामपंथ ने अतीत में कई हमले झेले, लेकिन कभी संघर्ष से पीछे नहीं हटे। फाल्टा पुनर्मतदान पिछले कुछ सप्ताह से राजनीतिक और प्रशासनिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। डायमंड हार्बर पुलिस जिला पर्यवेक्षक अजय पाल शर्मा और जहांगीर खान के बीच कथित टकराव ने भी क्षेत्र की संवेदनशीलता बढ़ा दी थी। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के भीतर भी पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी और सांसद अभिषेक बनर्जी की चुनाव प्रचार से दूरी को लेकर असंतोष की खबरें सामने आई हैं। स्थानीय नेताओं का कहना है कि भाजपा, माकपा और कांग्रेस नेताओं ने जहां क्षेत्र में व्यापक प्रचार किया, वहीं शीर्ष नेतृत्व की अनुपस्थिति से जमीनी कार्यकर्ताओं में बेचैनी बढ़ी। मुख्यमंत्री अधिकारी ने मंगलवार को भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में विशाल रोड शो भी किया। रोड शो शुरू करने से पहले उन्होंने स्थानीय शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। फाल्टा में मतदान 21 मई को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा, जबकि मतगणना 24 मई को निर्धारित है।

उत्तराखंड के पूर्व ...

से 1991 तक भारतीय सेना की 'इंजीनियर्स कोर' में एक शानदार करियर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। सेना में उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 'अति विशिष्ट सेवा मेडल' से सम्मानित किया गया था।

### भारत और नार्वे ...

क्षेत्रों में सहयोग के उत्कृष्ट अवसर हैं। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गये श्री मोदी ने सोमवार रात भारत-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बाद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि व्यापार क्षेत्र और अनुसंधान जगत से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद करना एक सुखद अवसर था। उन्होंने कहा ओस्लो सिटी हॉल में प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे और मैंने एक व्यापार एवं अनुसंधान शिखर सम्मेलन में भाग लिया। व्यापार क्षेत्र और अनुसंधान जगत से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद करना एक सुखद अवसर था। हमारे देशों के पास खाद्य सुरक्षा, उर्वरक, मत्स्य पालन और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के उत्कृष्ट अवसर हैं। मैंने नॉर्वे को भारत की स्वच्छ ऊर्जा पहलों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मैंने भारत के सुधार एजेंडा के समर्थन में भी अपने विचार रखे। जहाज निर्माण एक ऐसा क्षेत्र है जो व्यापक और असीम संभावनाएं प्रदान करता है। श्री मोदी ने भारत और नॉर्वे के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग का आह्वान करते हुए नॉर्वे की कंपनियों को स्वच्छ ऊर्जा, जहाज निर्माण, समुद्री उद्योगों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी में निवेश बढ़ाने के लिए कहा। शिखर सम्मेलन में नॉर्वे के क्राउन प्रिंस हाकोन के अलावा 50 से अधिक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ-साथ दोनों देशों के व्यापार और अनुसंधान क्षेत्रों के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। यह आयोजन भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने के बाद भारत-नॉर्वे संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाता है। श्री मोदी ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला और दोनों देशों के हितधारकों से व्यापार समझौते के तहत निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''दोनों पक्षों के हितधारकों को टीईपीए के तहत 100 अरब डॉलर के निवेश लक्ष्य तथा भारत में 10 लाख रोजगार सृजन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, अनुकूल जनसांख्यिकी और निवेशक-अनुकूल नीतियों पर जोर देते हुए देश को वैश्विक निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बताया। उन्होंने नॉर्वे को समुद्री अर्थव्यवस्था, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित परिवर्तन, महत्वपूर्ण खनिज, नवप्रवर्तन उद्यमों और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में अधिक भागीदारी के लिए आमंत्रित किया, साथ ही सतत विकास और जलवायु कार्रवाई के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। श्री मोदी ने कहा, ''भारत का विशाल आकार, बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताएं और जलवायु प्रतिबद्धताएं नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना के तीव्र विस्तार को बढ़ावा दे रही हैं।'' उन्होंने समुद्री क्षेत्र के कार्बन उत्सर्जन में कमी, महासागर स्थिरता और जलवायु वित्त में नॉर्वे की विशेषज्ञता की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के व्यवसायों को नई साझेदारी बनाने और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय और नार्वे की कंपनियों तथा संस्थानों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए गए। इससे पहले दिन में, ओस्लो में चार गोलमेज चर्चाएंआयोजित की गईं, जिनमें स्वास्थ्य सेवा नवाचार, समुद्री सहयोग, बैटरी और ऊर्जा भंडारण प्रणाली, डिजिटलीकरण और विद्युतीकरण तथा पवन ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे : सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को जिले के सोनपुर प्रखंड स्थित डुमरी बुजुर्ग पंचायत में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि सरकार खुद चलकर उनके द्वार तक आएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सहयोग शिविर में प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन का निष्पादन हर हाल में 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए नोटिस प्रणाली की घोषणा की। मुख्यमंत्री




ने बताया आवेदन प्राप्त होने के 10वें दिन पहला, 20वें दिन दूसरा और 25वें दिन तीसरा नोटिस संबंधित अधिकारी को मुख्यमंत्री सचिवालय से भेजा जाएगा। यदि 30वें दिन तक आदेश जारी नहीं होता है, तो 31वें दिन संबंधित विभाग के अधिकारी स्वतः निलंबित माने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटकाने और भटकाने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी। अब से प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को बिहार की सभी पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य अंचल, प्रखंड, थाना और जिला स्तर की जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने कहा कि 11 मई को जारी सहयोग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1100 के माध्यम से भी लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उन लाभुकों को बासगीत पर्चा, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए, जिनके आवेदनों का जिला प्रशासन ने पहले ही शत-प्रतिशत निष्पादन कर दिया था। मौके पर मुख्यमंत्री ने सोनपुर और सारण के विकास के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि सोनपुर में बाबा हरिहरनाथ के नाम से एक आधुनिक टाउनशिप विकसित की जाएगी। जमीन अधिग्रहण के मामले में उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि यदि किसी की जमीन अधिग्रहित होती है, तो उसे बाजार दर से चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि पटना के जे.पी. गंगा पथ की तर्ज पर सोनपुर में गंगा-अंबिका पथ का निर्माण किया जाएगा, जिससे इस इलाके की सूरत बदल जाएगी और यह दिल्ली-एनसीआर के नोएडा की तरह विकसित होगा। इसके अलावा, महात्मा गांधी सेतु के समानांतर नए पुलों और कच्ची दरगाह-राघोपुर पुल के कार्यों में तेजी लाने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश के जिन 211 प्रखंडों में अब तक डिग्री कॉलेज नहीं हैं, वहां इसी वर्ष जुलाई से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। साथ ही, प्रत्येक प्रखंड में 'सरस्वती विद्या निकेतन' के मॉडल पर उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल विकसित किए जाएंगे। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु उन्होंने सिविल सर्जनों को कड़ा निर्देश दिया कि 15 अगस्त के बाद किसी भी सामान्य रोगी को अनुमंडल या जिला अस्पताल से बेवजह रेफर नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा होता है, तो संबंधित सिविल सर्जन के खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाएगी। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत का रास्ता इन्हीं सहयोग शिविरों से होकर गुजरता है।

## गुरदासपुर में आल्टो कार के उड़े परखच्चे पठानकोट के चार युवकों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गुरदासपुर। पंजाब के गुरदासपुर में मंगलवार तड़के नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में आल्टो कार में सवार 4 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए और चारों युवक गाड़ी के अंदर बुरी तरह फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 4 बजे जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हादसे के बाद पुलिस ने कटर की मदद से कार की बॉडी काटकर शवों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि चारों युवक एक-दूसरे के ऊपर गिरे हुए थे। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक दो युवकों के शव पिछली सीट पर मिले, जिनमें से एक शव दो सीटों के बीच फंसा हुआ था, जबकि दूसरा उसके ऊपर पड़ा था। आगे बैठे दोनों युवक भी एक-दूसरे के ऊपर गिरे हुए थे और कार में बुरी तरह फंसे हुए थे। पुलिस के अनुसार मृतकों में से एक की पहचान भदरोआ की टीचर कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय विक्रम उर्फ विक्की के रूप में हुई है। वह पठानकोट में स्लीपवेल मैट्रेस के शोरूम में काम करता था। विक्की कुछ दिन पहले अपने दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ था। वह दो बच्चों का पिता था। परिजनों के मुताबिक हादसे से पहले विक्की ने अपनी पत्नी को फोन कर बताया था कि वह सुबह देर से घर पहुंचेगा और काम पर जाने के लिए उसके कपड़े प्रेस कर दे। परिवार को यह भी नहीं पता था कि वह किन दोस्तों के साथ गया हुआ था। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सभी युवक पठानकोट के रहने वाले बताए जा रहे हैं, हालांकि तीन अन्य मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। एएसआई दलजीत सिंह ने बताया कि हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार आल्टो कार किसी अज्ञात भारी वाहन, जैसे ट्रक या ट्राले, से पीछे से टकरा गई होगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

### शराब माफियाओं ने पुलिस टीम पर किया हमला, हिरासत से आरोपित को छुड़ाया

**सीवान।** सीवान जिले के दरौली थाना क्षेत्र के चकरी गांव में सोमवार की देर रात शराब तस्करों और ग्रामीणों का दुस्साहस उस वक्त खुलकर सामने आया, जब शराब बरामदगी की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर ही हमला बोल दिया गया। लाठी-डंडों से किए गए हमले में एक सब इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि हमलावर पुलिस हिरासत से एक आरोपित को छुड़ाकर फरार हो गए। बताया जाता है कि दरौली थाना पुलिस को चकरी गांव में भारी मात्रा में शराब छिपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और छापेमारी शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए एक आरोपित को हिरासत में ले लिया। इसी बीच जैसे ही पुलिस टीम हिरासत में लिए गए आरोपित को लेकर गांव के बाहर खड़ी वाहन की ओर बढ़ी, तभी दर्जनों की संख्या में महिला और पुरुषों ने अचानक पुलिस टीम को घेर लिया। देखते ही देखते पुलिस पर लाठी-डंडों से हमला शुरू कर दिया गया। हमले में एक दारोगा समेत दो सिपाही घायल होकर गिर गए। मौके का फायदा उठाकर हमलावर हिरासत में लिए गए आरोपी शराब तस्कर को छुड़ाकर फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पुलिस टीम पर खुलेआम हमला करते और पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटते लोग साफ नजर आ रहे हैं। घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और आरोपी को छुड़ाने के मामले में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। हमले में शामिल आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस घटना के बाद इलाके में शराब तस्करों के बढ़ते मनोबल को लेकर लोगों में भी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### विक्रमशिला सेतु पर लगाया गया बेली ब्रिज का एक हिस्सा

**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु के टूटे हुए 34 मीटर के भाग पर मंगलवार को बेली ब्रिज के स्ट्रक्चर को सफलतापूर्वक लगा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते एक सप्ताह से सीमा सड़क संगठन यानी बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन की टीम द्वारा इस दिशा में कड़ी मेहनत की जा रही थी। टीम की ओर से सेतु के टूटे हुए हिस्से पर लोहा का बेली ब्रिज लगाने को लेकर शुरू कार्य का मंगलवार को सफल परीक्षण हो गया। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बेली ब्रिज को पूरी सफलता से लॉन्च कर दिया गया है। इस सफलता से उम्मीद जगी है कि शीघ्र ही इस बड़े संकट का समाधान संभव हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि बीते तीन मई की देर रात भागलपुर को कोसी, सीमांचल समेत नेपाल और पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु का स्लैब गंगा में समा गया था। इसके बाद आवाजाही पूरी तरह ठप हो गयी थी। इस गंभीर संकट को ध्यान में रखते हुए चार मई को मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से बात कर सेना की मदद मांगी। 05 मई को बीआरओ की टीम भागलपुर पहुंची और घटनास्थल पर असेसमेंट शुरू किया। बीआरओ ने क्षतिग्रस्त हिस्से से हटकर अस्थायी वैकल्पिक मार्ग बनाने की योजना तैयार की।

### ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ दवा व्यवसायियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**किशनगंज।** ई-फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बिहार सहित पूरे देश में मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। यह राष्ट्रव्यापी बंद 19 मई की मध्य रात्रि से 20 मई की मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगा। हड़ताल का आह्वान ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) तथा बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से किया है। बंद में थोक और खुदरा दवा विक्रेता शामिल रहेंगे। किशनगंज जिले के दवा व्यवसायियों ने भी इस हड़ताल को समर्थन दिया है। जिले के कई मेडिकल स्टोर संचालकों ने बताया कि एक दिन के लिए अधिकांश दवा दुकानें बंद रहेंगी। हालांकि अस्पतालों और आपातकालीन सेवाओं के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर कुछ विशेष व्यवस्थाएं की जा सकती हैं, ताकि गंभीर मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े। दवा व्यवसायियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना वैध चिकित्सकीय पर्ची के दवाओं की बिक्री और होम डिलीवरी की जा रही है, जो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। उनका आरोप है कि कई ई-फार्मेसी कंपनियां ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। व्यवसायियों ने यह भी कहा कि ऑनलाइन कंपनियों द्वारा भारी छूट पर दवाइयां बेचे जाने से छोटे और मध्यम मेडिकल स्टोर संचालकों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं की बिक्री से इनके गलत इस्तेमाल और नकली दवाओं के प्रसार का खतरा बढ़ रहा है। हड़ताल के मद्देनजर दवा व्यवसायियों ने आम लोगों से पहले से जरूरी दवाइयों का इंतजाम कर लेने की अपील की है। विशेष रूप से गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों, बुजुर्गों और नियमित दवा लेने वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। दवा व्यवसायियों ने स्पष्ट किया कि यह बंद किसी मरीज को परेशान करने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि दवा व्यवसाय और मरीजों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर किया जा रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन, प्रदेश में शोक की लहर

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का आज सुबह यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे उन्होंने पूर्वाहृन करीब सवा ग्यारह बजे यहां मैक्स अस्पताल में अंतिम श्वास ली उन्हें आयु संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण करीब पंद्रह दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पुत्री ऋतु खंडूड़ी भूषण उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष हैं जबकि पुत्र मनीष खंडूड़ी भाजपा के कार्यकर्ता हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री रहे मेजर जनरल खंडूड़ी के निधन पर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। एक्स पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा, ''उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) जी के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। श्री खंडूड़ी जी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई।

## खाद्य पदार्थों के फोर्टिफिकेशन को बढ़ाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारत में 'छिपी भूख' और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से निपटने के उद्देश्य से मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में मुख्य खाद्य पदार्थ उद्योग के नेताओं का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन टेक्नोसर्व द्वारा संचालित मिलर्स फॉर न्यूट्रिशन ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के खाद्य एवं कृषि उत्कृष्टता केंद्र (सीआईआई फ़ेस) के सहयोग से किया। सम्मेलन में सरकार, खाद्य उद्योग, मिलर्स, पोषण विशेषज्ञों और विकास क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाकर मुख्य खाद्य पदार्थों के फोर्टिफिकेशन को बड़े स्तर पर बढ़ाने के लिए एक व्यावहारिक रोडमैप तैयार करने पर चर्चा की गई। इस दौरान खाद्य तेल, चावल और गेहूं के आटे जैसी श्रेणियों में फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों को बड़े पैमाने पर अपनाने को लेकर उद्योग-व्यापी सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। चर्चा का मुख्य केंद्र उद्योग की




भागीदारी को मजबूत करना, उपभोक्ताओं में जागरूकता और विश्वास बढ़ाना, खुदरा और व्यावसायिक स्तर पर अपनाने का विस्तार करना तथा कुपोषण और छिपी भूख से निपटने के लिए टिकाऊ बाजार-आधारित समाधान तैयार करना रहा। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए मिलर्स फॉर न्यूट्रिशन, टेक्नोसर्व और एशिया प्रोग्राम लीडर एवं सीनियर प्रैक्टिस लीडर मनोजित इंद्र ने कहा कि भारत ने मुख्य खाद्य पदार्थों के फोर्टिफिकेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन बड़े स्तर पर छिपी भूख से निपटने के लिए खाद्य उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र में गहरे सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उद्योग, विकास भागीदारों और नीति-निर्माताओं के बीच समन्वय को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। सम्मेलन में यह भी सहमति बनी कि खाद्य फोर्टिफिकेशन को केवल नीति-आधारित पहल तक सीमित न रखकर नवाचार, उपभोक्ता सहभागिता और मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र साझेदारियों के माध्यम से एक व्यापक उद्योग आंदोलन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। प्रतिभागियों ने मिलर्स के लिए तकनीकी सहायता बढ़ाने, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में सुधार करने, गुणवत्ता मानकों पर बेहतर उद्योग समन्वय स्थापित करने और उपभोक्ताओं के बीच विश्वास बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मिलर्स फॉर न्यूट्रिशन इंडिया के कंट्री प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक शुक्ला ने कहा कि फोर्टिफिकेशन भारत में पोषण सुरक्षा को मजबूत करने में परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि उद्योग साझेदारियों, बाजार-आधारित दृष्टिकोण और बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता के माध्यम से फोर्टिफाइड मुख्य खाद्य पदार्थों को बड़े स्तर पर बढ़ाया जा सकता है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी इलाके में सोमवार को वैवाहिक विवाद के चलते एक युवक ने कथित तौर पर खुद को आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 18 मई को थाना महेंद्र पार्क पुलिस को पीसीआर कॉल के माध्यम से जहांगीरपुरी में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां दीपांश चौधरी नामक युवक आग से बुरी तरह झुलसी हालत में मिला। पुलिस ने तत्काल युवक को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। उत्तर-पश्चिमी जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने मंगलवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक और उसकी पत्नी के बीच काफी समय से वैवाहिक विवाद चल रहा था। दोनों के बीच चल रहे विवाद को लेकर पहले भी मामला सीएडब्लू सेल तक पहुंच चुका था।

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने 228 किलो गांजा और नेपाली शराब किया जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 45वीं बटालियन वीरपुर ने अलग-अलग सीमा चौकियों पर विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान जवानों ने 228 किलोग्राम गांजा, 27.6 लीटर नेपाली देसी शराब और दो बाइक जब्त की है। वहीं एक नाबालिग लड़की को सुरक्षित रेस्क्यू करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। एसएसबी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों की गुप्त सूचना मिलने के बाद विभिन्न चौकियों पर विशेष नाका जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सीमा चौकी रिपुजी कॉलोनी के जवानों ने नेपाल से आ



रहे संदिग्ध लोगों को रोकने का प्रयास किया। जवानों को देखकर कुछ तस्कर मक्के के खेत और अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल की ओर भाग निकले, लेकिन एक व्यक्ति को मौके पर दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेपाल के सुनसरी जिला अंतर्गत रामनगर निवासी सैयद अंसारी के रूप में हुई। उसके पास से 228 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 91 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी और जब्त गांजा को आगे की कार्रवाई के लिए वीरपुर थाना को सौंप दिया गया। इधर सीमा चौकी नियोर ने मध निषेध विभाग के साथ संयुक्त गश्ती अभियान के दौरान नेपाल से बाइक पर भारत आ रहे एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान बाइक की सीट के भीतर छिपाकर रखी गई 27.6 लीटर नेपाली देसी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान बेलदारी, जिला मधुबनी निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर नेपाल भागने में सफल रहा। बाद में आरोपी, शराब और बाइक को मध निषेध विभाग के हवाले कर दिया गया।

## पंजाब में कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए 'बैगलेस डे' लागू करने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य परिषद शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण (एससीईआरटी) ने पूरे शैक्षणिक सत्र 2026ऽ27 के दौरान 10 'बैगलेस डे' लागू करने का प्रावधान किया है। यह योजना मई से फरवरी, 2027 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक रट्टा प्रणाली से हटकर छात्रों को अनुभव आधारित, गतिविधि-आधारित और कौशल विकास वाली शिक्षा से जोड़ना है। इन दिनों में छात्रों को किताबों के भारी बस्ते से राहत मिलेगी और वे कक्षा के बाहर व्यवहारिक गतिविधियों में भाग लेंगे। एससीईआरटी के अनुसार इन विशेष दिनों में छात्रों को भाषा आधारित गतिविधियां, नाटक, कविता पाठ, गणितीय खेल, विज्ञान प्रयोग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम और स्थानीय भ्रमण जैसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, सामाजिक-भावनात्मक सीख और 21वीं सदी के कौशल विकसित करना है। शिक्षकों को इन दिनों के लिए विशेष गतिविधि योजना तैयार करनी होगी। स्कूलों में लैब, प्रोजेक्टर, खेल सामग्री और स्थानीय विशेषज्ञों की मदद से गतिविधियां कराई जाएंगी। विभाग ने विशेष जरूरत वाले बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम छात्रों में पढ़ाई का दबाव कम करेगा और सीखने को रोचक बनाएगा। मोहाली के शिक्षक हरप्रीत सिंह के अनुसार ऐसी गतिविधियां बच्चों की सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं।

## जदयू के विधायक पप्पू पांडेय को जमीन कब्जा मामले में 27 मई तक मिली राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज जिले में चर्चित 16 एकड़ जमीन कब्जा मामले में मंगलवार को व्यवहार न्यायालय स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-3) सह एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने कुचायकोट से जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक को 27 मई तक बरकरार रखा है। वहीं, इस मामले में नामजद अन्य आरोपितों सतीश पांडेय और चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल तिवारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। यह मामला कुचायकोट थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में 16 एकड़ जमीन पर कथित अवैध कब्जे से जुड़ा है, जो पिछले कुछ समय से काफी चर्चा में है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जमीन पर जबरन कब्जा करने के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि कथित भू-माफियाओं को विधायक पप्पू पांडेय, उनके भाई सतीश पांडेय और सीए राहुल तिवारी का संरक्षण प्राप्त था। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने विधायक पप्पू पांडेय के मामले में अगली सुनवाई की तारीख 27 मई निर्धारित की। इससे पहले भी उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगी हुई थी, जिसे अदालत ने अगली सुनवाई तक जारी रखा है। अदालत के इस फैसले से विधायक को फिलहाल बड़ी राहत मिली है। दूसरी ओर, मामले में मुख्य साजिशकर्ता के रूप में आरोपित बनाए गए सतीश पांडेय और राहुल तिवारी को अदालत से राहत नहीं मिल सकी। दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब उनकी गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है। अदालत के फैसले के बाद कानूनी और राजनीतिक हलकों में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। राहुल तिवारी की ओर से पैरवी कर रहे पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश दीक्षित और सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक ने अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देने की बात कही है।

## कुंभ की तैयारियां तेज, अपर मेलाधिकारी ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग तेज कर दी है। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा लगातार स्थलीय निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दयानंद सरस्वती ने बैरागी कैंप और दक्षद्वीप क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर मेलाधिकारी ने बैरागी कैंप में जलापूर्ति व्यवस्था के लिए बनाए जा रहे ओवरहेड टैंक और आई-वेल निर्माण कार्यों का जायजा लिया। वहीं दक्षद्वीप क्षेत्र में सड़क और पुल निर्माण योजनाओं की प्रगति भी देखी गई। उन्होंने मायापुर स्कैप चैनल पर दक्षद्वीप और बैरागी कैंप को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए लोक निर्माण



विभाग के अधिकारियों को बरसात से पहले पुल के पिलरों का निर्माण पूरा करने और पूरे कार्य को निर्धारित समय सीमा में समाप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही यूपीसीएल अधिकारियों को पुल के निकट से गुजर रही विद्युत लाइन को शीघ्र शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए गए। अपर मेलाधिकारी ने निर्माण एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी को गंभीरता से लिया जाएगा और सभी कार्य पूरी क्षमता तथा गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरे किए जाएं। अधिकारियों के अनुसार 60 मीटर स्पान वाले बो-स्ट्रिंग स्टील गर्डर डबल लेन पुल की कुल स्वीकृत लागत 1246.09 लाख रुपये है। पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इस पुल के बनने से दक्षद्वीप क्षेत्र में विकसित की जा रही पार्किंग सीधे बैरागी कैंप से जुड़ जाएगी, जिससे कुंभ मेला और अन्य बड़े आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम एवं वैकल्पिक आवागमन मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। दौरे के दौरान अपर मेलाधिकारी ने कनखल क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से भी बातचीत कर कुंभ तैयारियों और निर्माण कार्यों को लेकर फीडबैक लिया। स्थानीय लोगों की मांग पर उन्होंने दरिद्र भंजन घाट जाने वाले मार्ग के सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पेयजल निगम, लोक निर्माण विभाग और तकनीकी सेल के अधिकारी भी मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063